Page 11

खेल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10

देश

कृष्ण पक्ष, पुनर्वसु, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • गुरूवार • 26 सितंबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 286 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

चौथी कक्षा के बाद नहीं ली क्लास फिर भी स्कूल ने दी 90 लाख की गाड़ी

मुख्यमंत्री के सुपुत्र बनेंगे डिप्टी सीएम? तमिलनाडु में बड़े फेर बदल के आसार

सोना चांदी

सोना	चांदी
10 ग्राम 22 कैरेट	1 किलो चांदी
₹70,600	₹92,800

आज का इतिहास

- 1932 : देश के 13वें प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का अविभाजित भारत के पंजाब प्रान्त के एक गाँव में जन्म हुआ।
- 1820 : प्रसिद्ध भारतीय समाज सुधारक, शिक्षाविद् और स्वतंत्रता सेनानी ईश्वरचन्द्र विद्यासागर का जन्म हुआ। वे बंगाल के पुनर्जागरण के स्तम्भों में से एक थे। उनकी उच्चकोटि की विद्वता के कारण ही उन्हें विद्यासागर की उपाधि दी गई थी।

न्यूज बाइट्स

मौजूदा वर्ष में 3322.98 लाख टन रिकॉर्ड खाद्यान्न पैदावार

नई दिल्ली (ए.)। वर्ष 2023-24 में मुख्य फसलों की पैदावार रिकॉर्ड 3322 98 लाख टन खाद्यान्न होने का अनुमान है जिसमें 1378.25 लाख टन रिकॉर्ड चावल और 1132.92 लाख टन रिकॉर्ड गेहूँ की पैदावार होने की संभावना है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को वर्ष 2023-24 के लिए मुख्य फसलों की पैदावार के अंतिम अनुमान जारी करते हुए कहा कि इस अवधि में देश में कुल खाद्यान्न पैदावार रिकॉर्ड 3322.98 लाख टन अनुमानित है जो वर्ष 2022-23 के दौरान प्राप्त 3296.87 लाख टन खाद्यान्न उत्पादन की तुलना में 26.11 लाख टन अधिक है। चावल, गेहूं और श्रीअन्न के अच्छे उत्पादन के कारण खाद्यान्न उत्पादन में रिकॉर्ड वृद्धि देखी गई।

पंद्रह देशों के राजनयिकों ने कश्मीर में देखी मतदान की प्रक्रिया

नई दिल्ली (ए.)। नयी दिल्ली, 25 सितंबर (वार्ता) लगभग 15 देशों के राजनयिकों का उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों के लिए आज हो रहे दूसरे चरण के मतदान के दौरान कश्मीर घाटी के विभिन्न मतदान केंद्रों पर वोट डालने की प्रक्रिया का अवलोकन किया। सूत्रों ने यहां बताया कि 15 देशों के वरिष्ठ राजनयिकों का उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल मौजूदा विधानसभा चुनावों को देखने के लिए जम्मू कश्मीर की यात्रा पर है। इन देशों में अमेरिका, मैक्सिको, गुयाना, दक्षिण कोरिया, सोमालिया, पनामा, सिंगापुर, नाइजीरिया, स्पेन, दक्षिण अफ्रीका, नॉर्वे, तंजानिया, रवांडा, अल्जीरिया और फिलीपींस शामिल हैं।

औरंगाबाद जिले में जिउतिया स्नान के दौरान दिल दहला देने वाली घटना

मदनपुर एवं बारूण में 8 बच्चों की डूबने से मौत

निज सं. | बारूण / मदनपुर (औरंगाबाद)

संतानों के दीर्घायु होने की कामना से किए जाने वाले जीवितपुत्रिका (जिउतियां) व्रत के दिन औरंगाबाद जिले में बुधवार को दो अलग-अलग बड़े हादसे में 8 बच्चों की डूबने से मौत हो गई। सभी मौतें नदी और पोखर में डूबने से हुई है। घटना औरंगाबाद के मदनपुर प्रखंड के कुशहा और बारुण के ईटहट की है। मृतकों में एक ही परिवार के पांच किशोर हैं, जिनमें दो सगी बहनें और तीन सगी बहनें शामिल है। मृतकों में कुशहा गांव निवासी उपेन्द्र यादव के पुत्र अंकज कुमार (8), वीरेंद्र यादव की पुत्री सोनाली कुमारी (13), युगल यादव की पुत्री नीलम कुमारी (12) और सरोज यादव की पुत्री राखी कुमारी उर्फ काजल कुमारी (12) शामिल है।

स्नान करने गई माताओं के साथ गए थे बच्चे

घटना के संबंध में लोगों का कहना है कि मदनपुर थाना क्षेत्र के कुशहा गांव में बच्चे अपनी माताओं के साथ तालाब में स्नान करने गए थे। इसी दौरान गहरे पानी में चले जाने से वे डूबने लगे। उन्हें डूबते देख घाट पर स्नान कर रहे लोगों में कुछ लोगों ने उन्हें बचाने की कोशिश करने लगे। काफी कोशिश के बाद उन्हें किसी तरह बाहर निकाल कर मदनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इसके बाद सदर अस्पताल में डॉक्टरों ने उन चारों को जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद मदनपुर थाना की पुलिस मृतकों का पोस्टमार्टम कराने में जुटी है। यह घटना बुधवार को शाम पांच बजे की है।

एक को बचाने में चार डूबे

घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि कुशहा गांव के पूरब दिशा में आहर करीब आधा किलोमीटर दूर है। आहर की जेसीबी से पिछले माह उड़ाही हुई थी, जिससे आहर काफी गहरा हो गया था और उसमें काफी पानी भरा हुआ था। जिउतिया के मौके पर कुछ महिलाएं नहाने के लिए गई थी। उनके साथ उनके बच्चे भी नहाने गए थे। नहाने के दौरान पहले एक बच्चा डूबने लगा, जिसे देखकर बचाने के लिए दूसरा बच्चा आहर में कूद गया, लेकिन वह भी उसके साथ डूबने लगा। इसे देख आसपास के लोग शोर मचाने लगे। शोरगुल सुनकर गांव के कुछ लोग आहर में कूद पड़े और किसी तरह उन बच्चों को गहरे पानी से बाहर निकाला। आननफानन में सभी को इलाज के लिए मदनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गये, जहां डॉक्टरो ने उनको बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। औरंगाबाद सदर अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद अंकज कुमार, सोनाली कुमारी, नीलम कुमारी और राखी कुमारी उर्फ काजल कुमारी को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद गांव में चीख पुकार मच गई। पिछले साल भी इसी तरह पिरवां के सोनारचक में गड्ढे में भरे पानी में नहाने के दौरान एक ही समुदाय के चार बच्चों की मौत हुई थी।

सीएम ने जताया शोक परिजनों को मिलेगी 4-4 लाख की सहायता राशि

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने इस घटना को अत्यंत दुखद और हृदयविदारक बताया। उन्होंने कहा, 'मदनपुर प्रखंड के कुशहा गांव में चार बच्चों तथा बारुण प्रखंड के इटहट गांव में तीन बच्चों की नहाने के दौरान डूबकर हुई मौत अत्यंत पीड़ादायक है। मैं इस दुखद घटना से मर्माहत हूं।' मुख्यमंत्री ने मृतक बच्चों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए, राज्य सरकार द्वारा आर्थिक मदद के रूप में तत्काल सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को आदेश दिया है कि मृतकों के आश्रितों को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि अविलंब प्रदान की जाए ताकि इस कठिन समय में उन्हें कुछ राहत मिल सके।

बारूण के ईटहट में भी डूबने से दो सगी बहनों समेत चार की मौत

बारूण प्रखंड के ईटहट में माताओं के साथ पोखर में जिउतियां का स्नान करने गई दो-दो सगी बहनों की मौत डूबने से मौत हो गई। हालांकि स्थानीय लोगों ने डूबती हुई एक एक बच्ची को बचा लिया। फिलहाल उसका इलाज किया जा रहा है। मृतकों में ईटहट निवासी संतन सिंह की पुत्री अंकु कुमारी (15), निशा कुमारी (12), गुड्डू सिंह की पुत्री चुलबुल कुमारी (13) और निरंजन सिंह की पुत्री लाजो कुमारी (15) शामिल है। वहीं गांव के ही धीरेंद्र सिंह की पुत्री राशि कुमारी (18) का ईलाज अस्पताल में चल रहा है। उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है।

सारण में डूबने से पांच बच्चों की मौत

सारण में जितिया पर्व के दौरान अपनी मां या अन्य परिजनों के साथ स्नान करने गए पांच बच्चों की डूबने से मौत हो गई है। यह घटनाएं अलग-अलग थाना क्षेत्रों की है। मढ़ौरा थाना क्षेत्र के ओल्हनपुर और टेहटी गांव में दो बच्चों की नदी के पानी में डुबकर मौत हो गई। दोनों बच्चें जितिया पर्व पर नदी में नहाने गए हुए थे। इसी दौरान नहाने के क्रम में नदी में पैर फिसल जाने से गहरे पानी में चले गए। शोर मचाने के बाद जब तक स्थानीय ग्रामीण जमा होते और उन्हें पानी से बाहर निकालते तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी।

बंद रीगा शुगर मिल होगी चालू

बिहार में बढ़ेगा चीनी का उत्पादन

निज संवाददाता | पटना

गन्ना उद्योग मंत्री कृष्णानंद पासवान ने कहा कि हम लोगों की कोशिश कामयाब हुई। सुगर मिल को लेकर न्यायालय तक का रास्ता तय करना पड़ा। 19 फरवरी 2020 से रीगा चीनी मिल बंद थी। मामला एनसीएलटी में गया था। बिहार का रीगा शुगर मिल का चालू होने वाला है। 4 साल बाद यह मिल अपना उत्पादन शुरू करेगा। शिवहर और सीतामढ़ी के किसानों को किसी दूसरे जिले के मिल की ओर झांकना नहीं पड़ेगा। गन्ना उद्योग मंत्री कृष्णानंद पासवान ने इसकी घोषणा की है। दरअसल, रीगा शुगर मिल को लेकर सरकार ने चार टेंडर जारी किए। तीन टेंडर जारी हुए और यूं ही रह गए। मील से उत्पादन नहीं हो सका। अब चौथे टेंडर में मिल चालू होने का रास्ता साफ हुआ है। मेसर्स निरानी शुगर को लेटर आफ इंटेंट जारी किया गया है। यह कंपनी देश की प्रमुख चीनी उत्पादन करने वाली कंपनी में से एक है। रीगा चीनी मिल खुले जाने का रास्ता मिलने पर गन्ना उद्योग मंत्री कृष्णानंद पासवान कहते हैं कि हम लोगों की कोशिश कामयाब हुई। सुगर मिल को लेकर न्यायालय तक का रास्ता तय करना पड़ा। 19 फरवरी 2020 से रीगा चीनी मिल बंद थी। मामला एनसीएलटी में गया था। गन्ना उद्योग मंत्री बताते हैं कि रीगा चीनी मिल से सीतामढ़ी और शिवहर के किसानों को फायदा होगा। इन दोनों जिलों के गन्ना किसान फिलहाल विष्णु शुगर मिल और सीरवली शुगर मिल को अपनी फसल दे रहे थे। इधर, गन्ना उद्योग की माने तो 10 हजार कर्मियों के वेतन भुगतान के लिए 222 करोड़ रुपए की राशि दी गई है। जिलाधिकारी के पास 60 से 70 करोड़ रुपए एडवांस रखे गए हैं।

चीनी उद्योग कर्मी का 30 साल से वेतन बकाया

बिहार में 5 हजार चीनी उद्योग से जुड़े कर्मियों का वेतन भुगतान नहीं हो सका है। 20 से 30 सालों से वेतन बकाया है। इस मामले पर गन्ना उद्योग मंत्री चंदन पासवान बताते हैं कि बिहार राज्य चीनी उत्पादन निगम को भंग होने के बाद कर्मचारी सड़क पर आ गए। उनका अब तक वेतन भुगतान भी नहीं हुआ। वेतन भुगतान को लेकर विभाग में नौ बार विज्ञापन निकला। विज्ञापन के बाद 10 हजार कर्मियों ने वेतन भुगतान को लेकर दावा पेश किया। वह आगे कहते हैं कि 1 हजार से 5 हजार रुपए बकाया वेतन भुगतान के लिए कोई सामने नहीं आ रहा। वह आगे बताते हैं कि उनकी कोशिश है कि ऐसे कर्मियों के घर तक जाएंगे और वेतन भुगतान करवाएंगे।

भाजपा आयुष ने मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

निज संवाददाता | पटना

पटना सिटी के बिस्कोमान कॉलोनी गोलंबर स्थित बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज में भाजपा आयुष विभाग द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का 108 वीं जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम एक्युप्रेशर महागुरू डॉ सर्वदेव प्रसाद गुप्त जी ने दीनदयाल जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। साथ ही भाजपा आयुष विभाग के प्रदेश संयोजक डॉक्टर अजय प्रकाश जी ने कहा कि जनसंघ के स्थापना करने एवं उस समय के तत्कालीन नेहरू सरकार के वंशवाद और भ्रष्टाचार के विरूद्ध श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के साथ एकमत होकर भारतवर्ष में लोगों को जोड़ने का काम दीनदयाल जी ने किया हैं। आज की नई युवा पीढ़ी जो समाजिक या राजनीतिक क्षेत्र में आए हैं, उन लोगों को दीनदयाल उपाध्याय जी से प्रेरणा लेने की आवश्यकता हैं।

कार्यक्रम में वीणा प्रकाश, सोशल मीडिया प्रभारी विकास कुमार मौड़ीवाल, प्रियंका राय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनीष कुमार, श्रीप्रकाश वर्णवाल, श्रुति कुमारी, जितेन्द्र लाल यादव, शशि कुमार राजपूत, सर्वप्रकाश, मोहित कुमार मौड़ीवाल सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

शेयर बाजार में मुनाफा दिखाकर 51 लाख की ठगी

पटना(नि.सं.)। साइबर ठगों ने शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा का पाठ पढ़ाकर अममकुआं निवासी एक ब्लाक कर्मी से 51 लाख रुपये की ठगी कर ली है। पीड़ित ठगों से वेब स्टाक डॉट काम के माध्यम से संपर्क में आया। ठगों ने उनके एक एप डाउनलोड कराया और दो कंपनियों के बीच करार की बात बोलकर उन्हें एक मोबाइल नंबर दिया। ठगों ने भरोसा दिलाने के लिए शुरू में उन्हें कुछ रुपये भी दिए। इसके बाद वह एप के जरिए रुपये निवेश करते गए। अलग अलग कंपनियों के नाम पर वह पैसा लगाते गए। इस तरह वह 51 लाख रुपये ठगों के खाते में भेज दिया। शेयर खरीदने का उन्होंने जो जानकारी दी थी, उसमें रकम दस करोड़ से अधिक का दर्शाया गया था। जब वह मुनाफा की राशि लौटाने की बात कहने लगे तो उनसे 50 लाख रूपये की डिमांड की गई। इसके बाद उन्होंने साइबर थाने में इसकी शिकायत की। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है।

जम्मू-कश्मीर में शाम 5 बजे तक 54 फीसदी मतदान, रियासी में सबसे ज्यादा वोटिंग

श्रीनगर(जम्मू-कश्मीर)(ए.)। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के वोटिंग के लिए 26 सीटों पर 239 उम्मीदवार मैदान में हैं। चुनावी रण में कई दिग्गज भी ताल ठोक रहे हैं। इस चरण के लिए मुख्य नाम नेकां के उपाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, जेकेपीसीसी अध्यक्ष तारिक हामिद कर्रा और भाजपा जम्मू-कश्मीर प्रमुख प्रमुख रविंदर रैना हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों का निरीक्षण करने के लिए विदेशी प्रतिनिधियों को आमंत्रित करने के केंद्र के निर्णय की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव भारत का आतंरिक मामला है और मुझे नहीं पता कि विदेशियों के यहां चुनाव प्रक्रिया का जायजा लेने, निगरानी करने के लिए क्यों बुलाया जाना चाहिए था। बता दें कि दूसरे चरण के लिए 3502 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। इस चरण में करीब 25 लाख से अधिक मतदाता उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे।

एक महीने में राज्य के सभी निबंधन कार्यालयों में बहाल होगी ऑनलाइन रजिस्ट्री की सुविधा

निज संवाददाता | पटना

राज्य के सभी निबंधन कार्यालय एक महीने में ऑनलाइन हो जाएंगे और आपस में जुड़ जाएंगे। नये सॉफ्टवेयर ई-निबंधन की व्यवस्था राज्य के सभी 127 निबंधन कार्यालय में लागू हो जाएगी। इससे लोगों को निबंधन कराने के लिए कार्यालय का चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। घर बैठे किसी भी समय ऑनलाइन ही चालान जमा करने, मॉडल डीड का चयन कर निबंधन दस्तावेज तैयार करने से लेकर अन्य सभी प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। तमाम प्रक्रिया पूरी करने के बाद अंत में सिर्फ एक बार निबंधन कार्यालय जाकर बॉयोमेट्रिक रिकॉर्ड देने के साथ फोटो खिंचवाना और वेरिफिकेशन कराना होगा। आवेदक को भूमि की श्रेणी और इस पर लगने वाले शुल्क की जानकारी भी ऑनलाइन ही मिल सकेगी। इस सॉफ्टवेयर में आधार सत्यापन और ई-केवाइसी की सुविधा भी मौजूद है। ई-निबंधन प्रणाली को सबसे पहले 29 जुलाई 2024 से पांच निबंधन कार्यालयों जहानाबाद, दानापुर, पटना सिटी, फतुहा और बिहटा शामिल है। इसके अच्छे परिणाम सामने आने पर इस नई प्रणाली को 9 सितंबर 2024 से 11 अन्य निबंधन कार्यालयों बिक्रम, फुलवारीशरीफ, मसौढ़ी, संपतचक, बाढ़, रजौली, पातेपुर, कटरा (पीरो), सोनपुर और पीरो के निबंधन कार्यालयों में लागू कर दी गई। इसके बाद अब इसे सभी निबंधन कार्यालयों में लागू करने की कवायद शुरू हो गई है।

स्वच्छता जागरूकता अभियान : स्वच्छता मेला में नीतू कुमारी नवगीत की अपील

स्वच्छ और सुंदर पटना बनाने में निभाएं अपनी जिम्मेदारी

- गीतों में 'सबसे बड़ा है गहना साफ रहना', 'ओ भैया साफ रहना, ओ बहना साफ रहना' और 'अपना देश महान है, साफ-सफाई इसकी पहचान है'

निज संवाददाता | पटना

पटना नगर निगम द्वारा मौर्य लोक परिसर में आयोजित स्वच्छता मेला के दौरान नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर और प्रसिद्ध लोक गायिका नीतू कुमारी नवगीत ने स्वच्छता का संदेश देते हुए नागरिकों से अपील की कि वे स्वच्छ और सुंदर पटना बनाने में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। कार्यक्रम के दौरान नीतू कुमारी नवगीत ने कहा कि पटना नगर निगम ने कचरा प्रबंधन को सुचारू रूप से लागू करने के लिए सूखा और गीला कचरा अलग-अलग संग्रहित करने का अभियान चलाया है। उन्होंने नगरवासियों से इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की और कहा कि अगर सभी नागरिक अपनी जिम्मेदारियों को समझें और नियमित रूप से कचरे को सही तरीके से प्रबंधन करें, तो पटना को स्वच्छ और स्वस्थ बनाया जा सकता है। नीतू कुमारी नवगीत ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों को याद करते हुए कहा कि बापू ने स्वच्छता को पूजा के समान माना था। उनका कहना था कि 'स्वच्छता देवत्व के समीप है' और यही विचार आज भी हमारे समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। स्वच्छता न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि यह हमारे सामाजिक और सांस्कृतिक विकास का भी प्रतीक है। कार्यक्रम में नीतू कुमारी नवगीत ने अपनी सुमधुर आवाज में कई पारंपरिक लोकगीत गाकर श्रोताओं का मनोरंजन किया और स्वच्छता का संदेश भी दिया। उनके गीतों में 'सबसे बड़ा है गहना साफ रहना', 'ओ भैया साफ रहना, ओ बहना साफ रहना' और 'अपना देश महान है, साफ-सफाई इसकी पहचान है' जैसे गीतों ने लोगों को स्वच्छता के महत्व को समझने और उसे जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अन्य कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं का दिल जीत लिया। राजेश केसरी ने कई सुंदर गीत प्रस्तुत किए, जबकि लाड़ली पांडे, दिव्या श्री, पंकज, और चंदन कुमार जैसे कोरस कलाकारों ने अपनी संगत से कार्यक्रम को और भी मनमोहक बना दिया। वाद्य यंत्रों पर अमर ठाकुर (ढोलक), पिंटू कुमार (पैड), और संजय मिश्रा (कैशियो) ने शानदार संगत की।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

संक्षिप्त समाचार

नशे की हालत में महिला तीर्थयात्रियों के साथ युवक ने की छेड़खानी, गिरफ्तार

मानपुर। एक तरफ जहां सामान्य प्रशासन और पुलिस गया जी की छवि निखारने में जुटी है। वहीं एक घटना से प्रशासन के किए कराए पर पानी फेर दिया। हालांकि स्थानीय पुलिस ने लोगों की मदद से घटना को अंजाम देने वाले को तत्काल धर दबोचा। हिरासत में लिए गए युवक की शिनाख्त टेकारी थाना अंतर्गत सिमरावा निवासी सतेन्द्र यादव के रूप में हुई। घटना मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत भदेजी महादलित टोला स्थित अर्जुन गेस्ट हाउस की है। बताया जाता है कि उक्त गेस्ट हाउस में पितृपक्ष शुरू होते ही मध्य प्रदेश के विदिशा के यात्रियों का समूह ठहरा है। सोमवार देर रात लगभग 9.30 बजे यात्रियों के साथ आईं महिलाएं खाना बना रही थी। तभी नशे की हालत में आरोपी पहुंच गया और खाना बना रही महिलाओं के साथ छेड़खानी की घटना को अंजाम दिया। घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ सुनील कुमार पाण्डेय दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। नाम नहीं छापने के शर्त पर स्थानीय लोगों ने कहा कि महिलाओं के द्वारा शोर मचाए जाने पर ग्रुप में शामिल अन्य तीर्थयात्रियों ने आरोपी युवक को धर दबोचा। जिसके बाद मौके पर पहुंचे गेस्ट हाउस मालिक दबंगई दिखाते हुए यात्रियों के चंगुल से युवक को मुक्त करा दिया। बस फिर क्या था। यात्रियों ने घटना की सूचना मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री कार्यालय को दे दी। सनद रहे कि 20 सितंबर 2022 में भी तत्कालीन प्रशिक्षु डीएसपी कुंदन कुमार द्वारा मध्यप्रदेश से आए बुजुर्ग तीर्थयात्री के साथ धक्का मुक्की की घटना को अंजाम दिया था। ऐसे में सवाल स्वभाविक है कि शहरी क्षेत्र स्थित होटल, लॉज,आवासन स्थल को छोड़ कर गांव में बने गेस्ट हाउस में यात्रियों को ठहराने की अनुमति क्यों और कैसे दी गई।क्या उक्त गेस्ट हाउस के सुरक्षा का जायजा लिया गया था। इस संबंध में थानाध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद ने कहा कि नशे में धुत आरोपी को पकड़ा गया है। पीड़ित द्वारा मामले की लिखित तहरीर नहीं दिया गया। नतीजतन शराब पी कर हंगामा करने के जुर्म में न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

पंचानपुर थाना के दफादार के निधन पर जताया शोक

टिकारी। पंचानपुर थाना में पदस्थापित दफादार कन्हाई मिश्र के अकस्मात निधन पर दफादार व चौकीदार ने गहरा शोक प्रकट किया। स्व मिश्र के पुत्र पप्पू मिश्रा ने बताया कि विगत 18 सितंबर को बीमार चल रहे उनके पिता का निधन हो गया है। चौकीदार सुरेंद्र सिंह ने बताया कि मृदुल स्वाभव के स्व मिश्र का जाना व्यक्तिगत क्षति है। लोगो ने स्व मिश्र के स्वजनों को ढांढस बंधाया। शोक जताने वाले में रंजन सिंह, उद्रेश पासवान, सकलदेव यादव, बृजमोहन पासवान, बिंदु पासवान, उपेंद्र पासवान सहित अन्य लोग शामिल थे।

एनओसी मिलने के बाद वेंडिंग जोन निर्माण की प्रक्रिया शुरू

बिहारशरीफ। सीओ स्तर से 5 वेंडिंग जोन के लिए एनओसी मिलने के बाद आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। साथ ही सोहसराय अड्डा बेलीसराय स्थिति मार्केट को तोड़कर नया मार्केट बनाने की भी कवायद तेज की दी गई है। मेयर अनीता देवी ने स्मार्ट सिटी के अधिकारियों व निगम के अमीन के साथ सोमवार की देर शाम स्थल निरीक्षण किया। किस जगह पर वेंडिंग जोन का कैसा प्रारूप तैयार किया जा सकता है, इसपर विचार विमर्श किया। मेयर ने कहा कि काफी समय से फुटपाथी दुकानदारों के लिए वेंडिंग जोन निर्माण पर पहल की जा रही है। शहर के कुल 17 जगहों पर वेंडिंग जोन के लिए स्थल का चयन किया गया था । लेकिन मात्र पांच जगहों पर एनओसी प्राप्त हुआ है। इस जगहों पर शीघ्र निर्माण कार्य शुरू करने के लिए स्मार्ट सिटी के तकनीकि अधिकारी द्वारा डिजाइन तैयार किया जा रहा है। प्रयास किया जा रहा है कि जितना जल्द हो सके वेंडिंग जोन का निर्माण कर फुटपाथी दुकानदारों को दुकान आवंटित कर दिया जाए। मेयर ने कहा कि सोहसराय अड्डापर स्थिति बेलीसराय में मार्केट का निर्माण काफी पहले किया गया था। लेकिन वर्तमान में मार्केट की स्थिति जर्जर हो गई है। इस कारण निगम को राजस्व नहीं आ रहा है। बोर्ड की सहमति के बाद नए मार्केट का निर्माण कराया जाना है। इसके लिए डिजाइन तैयार करने का निर्देश पीएमसी एजेंसी को दिया गया है। तकनीकी जानकारी के लिए स्मार्ट सिटी के इंजीनियर भी सुझाव देंगे। निरीक्षण के दौरान स्मार्ट सिटी के तकनीकी पदाधिकारी गुलरेज आलम, अभिषेक कुमार, अमीन कुणाल कुमार, वार्ड पार्ष पप्पु यादव, मेयर प्रतिनिधि अमीत कुमार आदि उपस्थित थे।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अखिलेश आज आएंगे गया

गया। आगामी 25 सितंबर को बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह एवं भारतीय कांग्रेस कमिटी के बिहार प्रभारी मोहन प्रकाश गया जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय, राजेंद्र आश्रम में आयोजित सभा को संबोधित करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए पार्टी के जिलाध्यक्ष डॉ. गगन कुमार मिश्रा ने बताया कि बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल का प्रीपेड स्मार्ट मीटर के खिलाफ पदयात्रा जो 19 सितंबर को पटना से शुरु हुआ है। वह मंगलवार को गया पहुंचेगा। इस मौके पर राजेंद्र आश्रम स्थित जिला कार्यालय में पदयात्रियों, उपभोक्ताओं, आमजनों की सभा आयोजित की गई है। इस सभा में जिले के सभी 24 प्रखंडों के पार्टी के नेता-कार्यकर्ता शामिल होंगे। डॉ. मिश्रा ने कहा कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर महाघोटाला ऊर्जा विभाग के तत्कालीन प्रधान सचिव संजीव हंस एवं उनके सहयोगियों की अगुआई में हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता जान चुकी है कि बिहार में स्मार्ट मीटर लगाने वाली कंपनियों से कैसे सैकड़ों करोड़ की रिश्वतखोरी हुई है। आज पूरे राज्य के प्रीपेड स्मार्ट मीटर उपभोक्ता का दोहन, लूट, गलत बिल से त्राहिमाम कर रहे हैं। डॉ. मिश्रा ने गया जिला के सभी प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि अपनी मांग को बुलंद करने के लिए आयोजित सभा में शामिल हो।

जैतीपुर मोड़ के पास तोड़ा गया अवैध निर्माण

चंडी। सरमेरा बिहटा पथ एसएच 78 पर जैतीपुर मोड़ के पास अवैध रूप से बनाए गए अर्धनिर्मित मकान का एक कमरा सीओ मो. नोमान और नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी की देखरेख में तोड़ा गया। मिनी जेसीबी और खंती से लगभग नौ फीट दीवार तोड़ दी गई। रविन्द्र कुमार, जमीन के मालिक ने बताया कि उनकी 9 डिसमिल जमीन में से 8 डिसमिल एसएच 78 में चली गई थी। उन्होंने बची हुई 6 धुर जमीन पर तीन कमरा और सीढ़ी बना रखे थे। सीओ मो. नोमान ने कहा कि अतिक्रमण के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है। इस दौरान पर्याप्त पुलिस बल मौजूद था। यह कार्रवाई अवैध निर्माण और अतिक्रमण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है।

सिलाव के 10 एकड़ में होगी बेबी कॉर्न की खेती

बिहारशरीफ। जिले में बेबी कॉर्न की खेती सफल होने के बाद रबी में भी इसकी तैयारी की जा रही है। विभाग बड़े स्तर पर इसकी खेती कराने की तैयारी में है। क्लस्टर के रूप में किसानों से बेबी कार्न की खेती कराने के लिए रकवा चिन्हित किया जा रहा है। ताकि फसल की निगरानी सही से हो सके और किसानों को बाजार की उपलब्धता में भी कोई समस्या न आये। क्लस्टर के लिए सिलाव प्रखंड को चिन्हित किया गया है। यहां भूमि संरक्षण विभाग द्वारा जलछाजन योजना संचालित किया जा रहा है। इससे क्लस्टर में शामिल किसानों को विभागीय योजना मिलने में आसानी होगी। इसके लिए प्रखंड के संबंधित कृषि अधिकारी व कर्मियों को किसान और रकवा चिन्हित करने का निर्देश दिया गया है। डीएओ राजीव कुमार ने बताया कि प्रखंडों के एक राजस्व गांव में 10 एकड़ में बेबी कॉर्न की खेती कराने की योजना तैयार की जा रही है। अगर गांव के बड़े रकवा में खेती की जाती है तो कृषि विशेषज्ञों द्वारा समय-समय पर फसल का निरीक्षण भी किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर प्रबंधन की जानकारी भी देने में कृषि विशेषज्ञों को सुविधा होगी। साथ ही उत्पादन को बाजार उपलब्ध कराने में भी आसानी होगी। अगर एक जगह पर बड़े पैमाने पर बेबी कार्न की खेती होगी तो व्यापारी भी खेत पर पहुंचकर क्रय कर लेंगे। उन्होंने बताया कि यदि किसी किसान के 5-7 किलो बेबी कार्न है और कहीं नहीं बिक रहा है तो वे कार्यालय में जमा कर दें, यहीं उनकों उसकी कीमत मिल जाएगी।



अवैध रूप से जुआ खेलते वार्ड पार्षद सहित 6 गिरफ्तार

शराब की बोतल के साथ नगद बरामद, गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी

निज संवाददाता। नालंदा



बिहार शरीफ में स्थित सोहसराय थाना क्षेत्र के आशा नगर स्थित पानी टंकी के ऑपरेटर रूम से पुलिस ने अवैध रूप से जुआ खेलते और शराब का सेवन करते हुए एक वार्ड पार्षद सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया है। मौके से दो बोतल अंग्रेजी शराब, 15,240 रुपए नकद, ताश के पत्ते और आठ मोबाइल फोन बरामद किया गया है। गिरफ्तारी में बिहार शरीफ नगर निगम के वार्ड संख्या 6 के पार्षद विवेक कुमार विक्की समेत छह लोग रंगे हाथों पकड़ा गया। जिसमें संजीव कुमार, विक्रांत कुमार, सूरज शर्मा, ऋषि कुमार और मोहम्मद तारिकुल का नाम शामिल है।

अवैध गतिविधि की सूचना पर छापेमारीः पूरे मामले की जानकारी देते हुए सोहसराय थाना अध्यक्ष राजमणि ने बताया कि उन्हें कई दिनों से इस अवैध गतिविधि की सूचना मिल रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई। जिसमें इन लोगों की गिरफ्तारी की गई है।

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे नियमित रूप से इस स्थान पर एकत्र होकर जुआ खेलते और शराब का सेवन करते थे। यह खुलासा राज्य में शराबबंदी कानून के बावजूद अवैध शराब की उपलब्धता और उपभोग पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। छापेमारी के दौरान पुलिस दल में थाना अध्यक्ष राजमणि के अलावा दरोगा संजय राम, अलीम अंसारी, अंशु माला, टुनटुन चौधरी, राम इकबाल यादव, जमादार नंदकुमार सिंह, विशेश्वर कुमार और राजकुमार सिंह शामिल थे।

गया में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने किया पिंडदान

निज संवाददाता। गया

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राज्य सभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने मोक्ष की नगरी गया जी धाम में अपने पूर्वजों का बुधवार को पिंडदान किया। वह पहली बार गया आएं थे। उन्होंने फल्गु, विष्णुपद और अक्षयवट पिंड बेदी पर पिंडदान किया। सबसे पहले सुधांशु त्रिवेदी ने विष्णुपद मंदिर परिसर के हनुमान मंदिर में पूजा शुरू की। इससे पूर्व उन्होंने फल्गु में अर्पण-तर्पण किया, फिर पूजा शुरू की। इस दौरान उन्होंने कहा कि राजनीतिक समले पर जवाब नहीं दूंगा। उन्होंने अक्षयवट बेदी के लिए विष्णुपद मंदिर से पूजा पाठ किया, फिर पिंड अर्पित के लिए भेज दिया। विष्णुपद मंदिर के गर्भ गृह में भगवान विष्णु के चरण पर मत्था टेका और उनसे मंगल कामना की। उनका पिंडदान दामोदर पांडे ने कराया। वहीं, विष्णुपद मन्दिर में विष्णु प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शम्भू लाल बिट्ठल ने पूजा पाठ कराया और भगवान विष्णु का चरण चिह्न भेंट किया।

मूल रूप से यूपी के सीतापुर के रहने वाले हैंः गौरतलब है कि सुधांशु त्रिवेदी मूल रूप से यूपी के सीतापुर के रहने वाले हैं। उन्होंने मीडिया से बात करने के लिए पहले मना किया। कहा कि धर्म के काम से आए हैं। कुछ नहीं बोलेंगे, लेकिन बाद में कहा कि राजनीतिक मसले पर पूछे गए सवाल का आज मैं कोई जवाब नहीं दूंगा। गया जी उस गौरवशाली परंपरा का प्रतीक है, जहां प्रकृति के समस्त जीव-जंतु जिनसे आपके जीवन में संबंध रहा है, उनका भी पिंडदान किया जाता है। यह सनातन धर्म के गौरव का प्रतीक है। जब पूछा गया कि अचानक से जो जनेऊधारी हो जाते हैं उनके लिए आप क्या कहेंगे। इस सवाल पर उन्होंने हाथ जोड़ कर कहा कि आज इन सवालों का कोई जवाब नहीं दूंगा। आज पूजा पाठ करने आया हूं। यहीं तक सीमित रहने दीजिए।

सफाई मित्र सीयूएसबी के कैंपस की हैं ताकत

टिकारी । समाज के निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति के श्रम का सम्मान एवं उनके स्वास्थ्य की चिंता शैक्षणिक संस्थानों को भी करनी चाहिए। समाज के अंतिम पंक्ति पर खड़े सफाई मित्र कैंपस परिसर की ताकत हैं। इसलिए उनकी चिंता करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। उक्त बातें सीयूएसबी के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने सफाई मित्रों को स्वास्थ्य किट सामग्री वितरण करते हुए कही। जानकारी हो कि इस अवसर पर भारत सरकार के निदेशानुसार स्वच्छता कैम्पेन-4.0 के तहत सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। कुलपति ने कहा कि केंद्र सरकार के सभी कार्यक्रम समाज के निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति और समुदाय को केंद्र में रखकर चलाए जा रहे हैं। कुलपति ने इस अवसर 'स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता' का नारा भी दिया जिसे सफाई मित्रों एवं उपस्थित लोगों ने दोहराया। पीआरओ मो. मुदस्सीर आलम ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान कुलपति प्रो. सिंह के साथ कुलसचिव डॉ. नरेन्द्र कुमार राणा, स्वच्छता कैम्पेन-4.0 के नोडल ऑफिसर डॉ. बुधेंद्र कुमार सिंह, प्रो. रविकांत, डॉ. विवेक दवे, सहित अन्य उपस्थित थे।

धनेश्वर घाट में पितृ मोक्ष भागवत कथा का समापन

नालंदा । बिहारशरीफ के धनेश्वर घाट मंदिर परिसर में आठ दिवसीय पितृ मोक्ष भागवत कथा का बुधवार को समापन हुआ। 18 सितंबर से प्रारंभ हुई इस कथा का उद्घाटन नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार ने किया था। माधव जी महाराज के मुखारविंद से निकला अमृतः प्रमुख कथावाचक श्रीधाम वृंदावन के माधव जी महाराज ने संस्कृत और सरल हिंदी भाषा में भागवत कथा का वाचन किया। उन्होंने बताया कि पितृ पक्ष में पितरों की शांति के लिए भले ही पिंडदान, तर्पण आदि किए जाते हों। लेकिन भागवत कथा का श्रवण सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि इस कथा के श्रवण से न केवल पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है, बल्कि परिवार का कल्याण भी होता है। पितृ पक्ष में भागवत कथा का महत्वः प्रमुख आयोजक डॉ.रंजन आशुतोष शरण ने बताया कि पितृपक्ष में हमारे पितर इस धरती पर पधारते हैं। इस पवित्र पर्व में भागवत कथा का आयोजन करने से पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि यह कथा पिछले 3 सालों से धनेश्वर घाट में आयोजित की जा रही है। हर बार हजारों श्रद्धालु इसमें शामिल होते हैं।

कृष्ण विवाह का भव्य आयोजनः 24 सितंबर को श्री कृष्ण विवाह का भव्य आयोजन किया गया था। रुकमणी-श्री कृष्ण विवाह की झांकी ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा के अंतिम दिन 25 सितंबर को फूलों की होली के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर हजारों लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर बिहारशरीफ के विधायक डॉक्टर सुनील कुमार की उपस्थिति ने समारोह में चार चांद लगा दिए। कथा का समापन और भंडाराः कथा का समापन आज फूलों की होली के साथ हुआ।

पूर्व रेलवे

हावड़ा मंडल से यात्रा आरम्भ करने वाली 04 यात्री वाही ट्रेनों में 06 अदद एसएलआर के पार्सल की जगह पट्टे पर प्रदान करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रण सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा आईआरईपीएस वेबसाइट के ई-नीलामी प्रारूप के जरिए दो वर्षों के लिए हावड़ा मंडल से यात्रा आरम्भ करने वाली 04 यात्री वाही ट्रेनों में 06 अदद एसएलआर के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। विस्तृत नियम एवं शर्तों के साथ अहस्तांतरणीय नीलामी सूचीपत्र www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। इस ई-नीलामी के लिए बोली www.ireps.gov.in पर ई-निविदा प्रारूप के जरिए जमा की जानी चाहिए। ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर ई-नीलामी प्रारूप के जरिए मर्चेंटों का एक बार पंजीकरण अनिवार्य है। मर्चेंटों को क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर भी हासिल करना आवश्यक है। **नीलामी सूचीपत्र का विवरणः ●नीलामी सूचीपत्र सं.:** पीसीएल-एचडब्ल्यूएच-एल-24-Xए; **ट्रेन संख्याः** 02 यात्री वाही ट्रेनों में 04 अदद एसएलआर। **नीलामी शुरू होने की तारीख एवं समयः** 07.10.2024 को अपराह्न 01.00 बजे। **●नीलामी सूचीपत्र सं.:** पीसीएल-एचडब्ल्यूएच-एल-24-Xबी; **ट्रेन संख्याः** 02 यात्री वाही ट्रेनों में 02 अदद एसएलआर। **नीलामी शुरू होने की तारीख एवं समयः** 08.10.2024 को अपराह्न 01.00 बजे।

(HWH-305/2024-25) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, हावड़ा**

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

खुली निविदा सूचना सं.: सिग_डब्ल्यू_5_पॉलिसी; दिनांक 23.09.2024। वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, मालदा, कार्यालय भवन, डाकघर झलझलिया, जिला मालदा, पिन-732102 (प.बं.) द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **ई-निविदा सं.: एमएलडीटी_एसएनटी_24-25_14_ओटी, कार्य का नामः** (क) धौनी-बाराहाट स्टेशनों के बीच पुनसिया हॉल्ट स्टेशन में आईबीएस का प्रावधान, (ख) टिकानी-धौनी स्टेशनों के बीच सांझा हॉल्ट स्टेशन में आईबीएस का प्रावधान, (ग) मन्दारहिल-हँसडीहा स्टेशनों के बीच डाँड़े हॉल्ट स्टेशन में आईबीएस का प्रावधान। **निविदा मूल्यः** रु. 6,86,86,652.46। **बयाना राशिः** रु. 4,93,400। **ई-निविदा जमा करने की तारीख एवं समयः** 03.10.2024 से 17.10.2024 को पूर्वाह्न 11.00 बजे तक। **वेबसाइट विवरण एवं सूचना पट्टः** वेबसाइट **www.ireps.gov.in**, सूचना पट्टः सीनियर डीएसटीई कार्यालय, डीआरएम बिल्डिंग, मालदा। (MLD-99/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

वरिष्ठ मंडल अभियंता/सी, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समान प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **सीनि. डीईएन/एचक्यू/हावड़ा। ई-निविदा सं. 181_2024-25, दिनांक 24.09.2024. कार्य का विवरणः** एईएन/एचक्यू/एचडब्ल्यूएच के अधीन हावड़ा में (3 अदद) 50000 गैलन क्षमता की आरसीसी ओ.एच. टैंक द्वारा स्टील ओ.एच. टैंक का प्रतिस्थापन। **अनुमानित लागतः** रु. 4,68,58,583.91; **बयाना राशिः** रु. 3,84,300। **निविदा प्रपत्र की कीमतः** शून्य। **समापन अवधिः** स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 8 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 17.10.2024 को अपराह्न 2.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। टिप्पणीः आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (HWH-309/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व रेलवे, हावड़ा, तीसरी मंजिल, न्यू कॉम्पलेक्स बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा **05 वर्षों की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के तहत 'ए' श्रेणी स्टेशनों में 2 अदद बहुउद्देशीय स्टॉलों (एमपीएस), 'बी' श्रेणी स्टेशनों में 2 अदद बहुउद्देशीय स्टॉलों (एमपीएस), 'सी' श्रेणी स्टेशनों में 60 अदद बहुउद्देशीय स्टॉलों (एमपीएस) तथा 'डी' श्रेणी स्टेशनों में 1 अदद बहुउद्देशीय स्टॉल (एमपीएस) के आबंटन** के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। और अधिक जानकारी के लिए ई-नीलामी पट्टा प्रारूप के जरिए www.ireps.gov.in देखें। **नीलामी सूचीपत्र सं.: एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-ओसीटी-24; सिक्वेंस सं., लॉट नं./श्रेणी, आरक्षण, बंद होने की तारीख/समय** क्रमशः निम्नलिखित हैं: **एए/1;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-बीपीएई-एमपीएस-8-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), आरक्षित, 07.10.2024, सुबह 10.30 बजे, **एए/2;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-जेओएक्स-एमपीएस-14-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), आरक्षित, 07.10.2024, सुबह 10.40 बजे, **एए/3;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-सीडीएई-एमपीएस-26-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), अनारक्षित-सभी के लिए खुला, 07.10.2024, सुबह 10.50 बजे, **एए/4;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एलओके-एमपीएस-37-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), अनारक्षित-सभी के लिए खुला, 07.10.2024, पूर्वाह्न 11.00 बजे, **एए/5;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-पीएसएई-एमपीएस-44-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), अनारक्षित-सभी के लिए खुला, 07.10.2024, पूर्वाह्न 11.10 बजे, **एए/6;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-आरएसएलआर-एमपीएस-45-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), अनारक्षित-सभी के लिए खुला, 07.10.2024, पूर्वाह्न 11.20 बजे, **एए/7;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-बीसीजीएम-एमपीएस-57-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), आरक्षित, 07.10.2024, पूर्वाह्न 11.30 बजे, **एए/8;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-पीकेआर-एमपीएस-83-24-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), अनारक्षित-सभी के लिए खुला, 07.10.2024, पूर्वाह्न 11.40 बजे, **एए/9;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-पीकेआर-एमपीएस-84-24-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), आरक्षित, 07.10.2024, पूर्वाह्न 11.50 बजे, **एए/10;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-बीजीएफ-एमपीएस-20-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), अनारक्षित-सभी के लिए खुला, 07.10.2024, दोपहर 12.00 बजे, **एए/11;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-बीआरपीए-एमपीएस-23-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), अनारक्षित-सभी के लिए खुला, 07.10.2024, दोपहर 12.10 बजे, **एए/12;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-जीआरपी-एमपीएस-28-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), अनारक्षित-सभी के लिए खुला, 07.10.2024, दोपहर 12.20 बजे, **एए/13;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एलकेएक्स-एमपीएस-62-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), आरक्षित, 07.10.2024, दोपहर 12.30 बजे, **एए/14;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एसएमएई-एमपीएस-67-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), आरक्षित, 07.10.2024, दोपहर 12.40 बजे, **एए/15;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-बीएसएई-एमपीएस-7-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), आरक्षित, 07.10.2024, दोपहर 12.50 बजे, **एए/16;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-बीएचएलए-एमपीएस-9-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), आरक्षित, 07.10.2024, अपराह्न 1.00 बजे, **एए/17;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-जीबीआरए-एमपीएस-12-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), आरक्षित, 07.10.2024, अपराह्न 1.10 बजे, **एए/18;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एमयूजी-एमपीएस-17-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), आरक्षित, 07.10.2024, अपराह्न 1.20 बजे, **एए/19;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-डीबीपी-एमपीएस-58-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), आरक्षित, 07.10.2024, अपराह्न 1.30 बजे, **एए/20;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-बीडब्ल्यूएन-एमपीएस-82-24-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), आरक्षित, 07.10.2024, अपराह्न 1.40 बजे, **एए/21;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-बीएएचडब्ल्यू-एमपीएस-3-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), आरक्षित, 07.10.2024, अपराह्न 1.50 बजे, **एए/22;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एचआईएच-एमपीएस-13-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), आरक्षित, 07.10.2024, अपराह्न 2.00 बजे, **एए/23;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-बीएमएई-एमपीएस-25-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), अनारक्षित-सभी के लिए खुला, 07.10.2024, अपराह्न 2.10 बजे, **एए/24;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एचबाईजी-एमपीएस-31-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), अनारक्षित-सभी के लिए खुला, 07.10.2024, अपराह्न 2.20 बजे, **एए/25;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-केएमएई-एमपीएस-36-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), अनारक्षित-सभी के लिए खुला, 07.10.2024, अपराह्न 2.30 बजे, **एए/26;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एमएवाईपी-एमपीएस-39-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), अनारक्षित-सभी के लिए खुला, 07.10.2024, अपराह्न 2.40 बजे, **एए/27;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-पीआरएई-एमपीएस-42-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), अनारक्षित-सभी के लिए खुला, 07.10.2024, अपराह्न 2.50 बजे, **एए/28;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-डीईए-एमपीएस-59-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), आरक्षित, 07.10.2024, अपराह्न 3.00 बजे, **एए/29;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एसएचबीसी-एमपीएस-68-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), आरक्षित, 07.10.2024, अपराह्न 3.10 बजे, **एए/30;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-पीएलएई-एमपीएस-18-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), आरक्षित, 07.10.2024, अपराह्न 3.20 बजे, **एए/31;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-जेआरएई-एमपीएस-34-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), अनारक्षित-सभी के लिए खुला, 07.10.2024, अपराह्न 3.30 बजे, **एए/32;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-केएचएन-एमपीएस-69-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), अनारक्षित-सभी के लिए खुला, 07.10.2024, अपराह्न 3.40 बजे, **एए/33;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-केजेयू-एमपीएस-61-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), आरक्षित, 07.10.2024, अपराह्न 3.50 बजे, **एए/34;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एनकेएल-एमपीएस-64-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), आरक्षित, 07.10.2024, अपराह्न 4.00 बजे, **एए/35;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-बीक्यूवाई-एमपीएस-10-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), आरक्षित, 07.10.2024, अपराह्न 4.10 बजे, **एए/36;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-बीओआई-एमपीएस-21-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), अनारक्षित-सभी के लिए खुला, 07.10.2024, अपराह्न 4.20 बजे, **एए/37;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-जेआईटी-एमपीएस-35-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), अनारक्षित-सभी के लिए खुला, 07.10.2024, अपराह्न 4.30 बजे, **एए/38;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एमबीआई-एमपीएस-40-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), अनारक्षित-सभी के लिए खुला, 07.10.2024, अपराह्न 4.40 बजे, **एए/39;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एसकेजी-एमपीएस-55-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), आरक्षित, 07.10.2024, अपराह्न 4.50 बजे, **एए/40;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-आरपीएच-एमपीएस-77-24-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), आरक्षित, 07.10.2024, अपराह्न 5.00 बजे, **एए/41;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-बीएलएई-एमपीएस-5-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), आरक्षित, 07.10.2024, अपराह्न 5.10 बजे, **एए/42;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-केकेएई-एमपीएस-15-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), आरक्षित, 07.10.2024, अपराह्न 5.20 बजे, **एए/43;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-डीएमएलई-एमपीएस-27-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), अनारक्षित-सभी के लिए खुला, 07.10.2024, अपराह्न 5.30 बजे, **एए/44;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एसएलजी-एमपीएस-46-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), अनारक्षित-सभी के लिए खुला, 07.10.2024, अपराह्न 5.40 बजे, **एए/45;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-टीबीएई-एमपीएस-48-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), अनारक्षित-सभी के लिए खुला, 07.10.2024, अपराह्न 5.50 बजे, **एए/46;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-बीएफजेड-एमपीएस-50-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), आरक्षित, 07.10.2024, सांय 6.00 बजे, **एए/47;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-जेपीक्यू-एमपीएस-52-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), आरक्षित, 08.10.2024, सुबह 10.30 बजे, **एए/48;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एसओएई-एमपीएस-56-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), आरक्षित, 08.10.2024, सुबह 10.40 बजे, **एए/49;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एमडीएसई-एमपीएस-63-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), आरक्षित, 08.10.2024, सुबह 10.50 बजे, **एए/50;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-पीबीजेड-एमपीएस-66-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), आरक्षित, 08.10.2024, पूर्वाह्न 11.00 बजे, **एए/51;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एडीएसटी-एमपीएस-2-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), आरक्षित, 08.10.2024, पूर्वाह्न 11.10 बजे, **एए/52;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-बीजीएई-एमपीएस-4-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), आरक्षित, 08.10.2024, पूर्वाह्न 11.20 बजे, **एए/53;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-बीजीएनए-एमपीएस-6-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), आरक्षित, 08.10.2024, पूर्वाह्न 11.30 बजे, **एए/54;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-जीएफएई-एमपीएस-11-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), आरक्षित, 08.10.2024, पूर्वाह्न 11.40 बजे, **एए/55;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एजीएई-एमपीएस-19-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), अनारक्षित-सभी के लिए खुला, 08.10.2024, पूर्वाह्न 11.50 बजे, **एए/56;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-बीजेडएल-एमपीएस-24-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), अनारक्षित-सभी के लिए खुला, 08.10.2024, दोपहर 12.00 बजे, **एए/57;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-जोपीएई-एमपीएस-29-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), अनारक्षित-सभी के लिए खुला, 08.10.2024, दोपहर 12.10 बजे, **एए/58;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-डीटीएई-एमपीएस-32-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), अनारक्षित-सभी के लिए खुला, 08.10.2024, दोपहर 12.20 बजे, **एए/59;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एनबीएई-एमपीएस-41-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), अनारक्षित-सभी के लिए खुला, 08.10.2024, दोपहर 12.30 बजे, **एए/60;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-पीटीएई-एमपीएस-43-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), अनारक्षित-सभी के लिए खुला, 08.10.2024, दोपहर 12.40 बजे, **एए/61;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-टीएलओ-एमपीएस-49-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), अनारक्षित-सभी के लिए खुला, 08.10.2024, दोपहर 12.50 बजे, **एए/62;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-डीएचएई-एमपीएस-51-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), आरक्षित, 08.10.2024, अपराह्न 1.00 बजे, **एए/63;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-बीजोआरए-एमपीएस-53-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), आरक्षित, 08.10.2024, अपराह्न 1.10 बजे, **एए/64;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-जीआरएई-एमपीएस-60-23-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), आरक्षित, 08.10.2024, अपराह्न 1.20 बजे, **एए/65;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एसएनटी-एमपीएस-79-24-1 (एमपीएस-बहुउद्देशीय स्टॉल), अनारक्षित-सभी के लिए खुला, 08.10.2024, अपराह्न 1.30 बजे। **दर इकाईः** सभी के लिए वार्षिक लाइसेंस शुल्क। **ट्रिप/दिनः** सभी के लिए 1826। **न्यूनतम वृद्धि (%):** सभी के लिए 0.2। **ईएमडीः** सभी के लिए 5%। **अपेक्षित टर्नओवरः** सभी के लिए शून्य। (HWH-307/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

आगजनी की घटना में सात आरोपित हुए गिरफ्तार

मुख्य अभियुक्त नन्दू पासवान सहित कुल 15 लोगों को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता | नवादा

घटनास्थल पर निरीक्षण करते जिलाधिकारी

- » एसआईटी टीम की बड़ी कार्रवाईः चार और अभियुक्त गिरफ्तार, कुल गिरफ्तारियों की संख्या 22 तक पहुंची
- » अभियुक्तों के साथ तीन वाहन भी जब्त, मारुति एसएल-06 और दो स्कॉर्पियो शामिल
- » 18 सितंबर की आगजनी घटना में प्रशासन की तेजी, अब तक कुल 22 लोगों की गिरफ्तारी
- » जिला प्रशासन की त्वरित कार्रवाईः स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में, लगातार गश्त जारी
- » वैज्ञानिक अनुसंधान और तकनीकी साक्ष्य के आधार पर अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास तेज
- » जिला प्रशासन की जनता से अपीलः शांति बनाए रखें, अफवाहों से बचें, प्रशासन का सहयोग करें
- » घटना से जुड़ी कोई भी जानकारी प्रशासन से साझा करें, अफवाहों पर ध्यान न दें

एसआईटी टीम के द्वारा तकनीकी साक्ष्य के आधार पर आगजनी की घटना में सम्मिलित चार अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई। साथ ही बीते मंगलवार को ही देर रात तीन अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के साथ तीन वाहनों को भी जप्त किया गया, जिसमें मारूती एसएल-06 एवं 02 स्कॉर्पियो है। ज्ञातव्य हो कि दिनांक 18.09.2024 को नवादा सदर प्रखंड के मुफस्सिल थानान्तर्गत देदौर गांव के कृष्णा नगर नदी तट पर स्थित बस्ती के झोपड़ियों में असामाजिक तत्वों द्वारा आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया था। जिलाधिकारी के निर्देश पर मुफस्सिल थानाध्यक्ष, पुलिस टीम, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, नवादा सदर, अंचल अधिकारी, नवादा सदर, अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नवादा सदर-2 द्वारा त्वरित रूप से आवश्यक कार्रवाई की गई थी। अग्निशमन दस्ता दल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पाया गया था। घटना स्थल पर गृह क्षति पाया गया था, कोई मानव क्षति नहीं पाये गए। जिला पदाधिकारी, नवादा एवं पुलिस अधीक्षक,नवादा द्वारा भी घटना स्थल का संयुक्त रूप से जायजा लिया गया एवं पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया था। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस प्रशासन, नवादा द्वारा घटना के रात ही विभिन्न स्थलों पर छापामारी कर मुख्य अभियुक्त नन्दू पासवान सहित कुल 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। दिनांक 24.09.2024 को पुलिस प्रशासन, नवादा के द्वारा सात अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। अबतक कुल 22 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। जिला पदाधिकारी, नवादा द्वारा बताया गया कि एसआईटी एवं एफएसएल टीम द्वारा तकनीकी एवं वैज्ञानिक अनुसंधान किये जा रहे हैं ताकि अन्य संबंधित अभियुक्तों की गिरफ्तारी की जा सके। उन्होंने कहा कि आगजनी की घटना में शामिल एक भी अपराधी को बख्सा नहीं जायेगा। उक्त घटना स्थल पर दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति पालीबार की गयी है एवं सघन गश्ती की जा रही है तथा वरीय स्तर से निगरानी भी रखी जा रही है। वर्तमान में स्थिति पूर्णतः नियंत्रित है एवं सतत् निगरानी रखी जा रही है। जिला पदाधिकारी द्वारा आमजनों से अपील किया गया है कि कृपया शांति व्यवस्था बनाए रखें एवं जिला प्रशासन का सहयोग करें। जिला प्रशासन, नवादा ऐसे घटना को अंजाम देने वालों के विरूद्ध त्वरित कार्रवाई हेतु दृढ़ संकल्पित है। कृपया अफवाहों से बचें एवं घटना से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त होती है तो अविलंब जिला प्रशासन/पुलिस प्रशासन, नवादा से सूचना साझा कर सकते हैं।

पुलिस पर एयर गन तानने वाला युवक गिरफ्तार

नवादा (नि.सं.)। पार नवादा क्षेत्र में कार्बाइन नुमा दिखने वाला एयर बंदूक लहरा इलाके में दहशत फैला रहे दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्बाइन नुमा दिखने वाले एयर बंदूक के साथ दोनों युवकों को बुंदेलखंड थाना क्षेत्र के गया रोड से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार युवक नगर थाना क्षेत्र के हड्डी गोदाम भदौनी मोहल्ले के निवासी रब्बानी अख्तर का बेटा मोहम्मद शोएब अख्तर और इस्लाम नगर मोहल्ले का जुनैल अहमद का बेटा मोहम्मद महताब आलम है। बताया जाता है कि बंदूक लेकर दहशत फैला रहे युवकों की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस पर भी हथियार तान दिया था। मस्तानगंज टीओपी प्रभारी कन्हैया सिंह के मुताबिक वह शाम गश्त के लिए निकले थे, इसी बीच उन्हें रजौली बस स्टैंड के पास दो युवकों द्वारा हथियार दिखाकर दहशत बनाए जाने की सूचना मिली थी। सूचना पर डायल 112 बाइक सेवा के तीन जवानों को लेकर हुए वहां पहुंचे। पुलिस को देख दोनों युवक वहां से भागने लगे। जवानों की मदद से उन्हें पकड़ने की कोशिश की गई।

न्यूज बाइट्स

नदी में डूबने से वृद्ध की मौत

नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)। थाना क्षेत्र के नारदीगंज बाजार के दक्षिणी यादव टोला निवासी एक वृद्ध की मौत नदी में डूबने से हो गया। मृतक की पहचान नारदीगंज बाजार निवासी स्व0 चंद्रिका सिंह के 74 वर्षीय पुत्र दीनानाथ सिंह बताया जा रहा है। घटना बुधवार के अहले सुबह की बताई जा रही है बताया जाता है कि मृतक सुबह उठने के बाद तिलैया नदी में शौच करने गया था। उसी दरम्यान पैर फिसल जाने के कारण नदी में बालू नकली गई गढ़े में चला गया जिसके कारण डूबने से उसकी मौत हो गई। सुबह में देर तक नदी से नहीं लौटने के कारण परिजन उसे ढूंढने लगे। ढूंढते ढूंढते जब लोग नदी की तरफ गए तो देखा कि नदी के गढ़े में वृद्ध का शव तैर रहा है। फिर लोगों ने उसे बाहर निकाला। लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी। मृतक नारदीगंज बाजार में कपड़ा का सिलाई कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। उसके मृत्यु की खबर सुनते ही परिजन दहाड़ मार कर रोने लगे। परिजनों के करुण क्रंदन से आस पास के लोगों के आंखों में भी आसू आ गया।कई लोग परिजनों को ढाढस देने में लगे रहे।जानकारी मिलने पर नारदीगंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जप्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया।मृतक अपने पीछे एक पुत्र और पांच पुत्रीछोड़ गया है।

पति-पत्नी विवाद में पीट-पीटकर पत्नी की हत्या

नवादा (नि.सं.)। जिले में अपराध में कमी आने के बजाय दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। नगर थाना क्षेत्र के शिवनारायण बिगहा गांव में पति-पत्नी के बीच विवाद के बाद पति ने पीट पीटकर हत्या कर दी। मृतका तीन बच्चों की मां थी। सूचना के आलोक में पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा है। बताया जाता है कि फूलवंती देवी की शादी 17 साल पहले नगर थाना क्षेत्र के शिवनारायण बीगहा गांव निवासी भुवनेश्वर मांझी के पुत्र सुनील कुमार से हुई थी। दंपती के तीन बच्चे हैं। मायके के परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से अक्सर फूलवंती को प्रताड़ित किया जा रहा था। कई बार पति-पत्नी के बीच समझौता भी कराया गया और आखिरकार ससुराल वालों ने मिलकर उसकी पीट-पीटकर हत्या कर दी। परिजनों ने बताया कि मृतका का सर फटा था और शरीर पर चोट के निशान थे। पुलिस अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से घटना की जानकारी ली। फॉरेंसिक टीम भी वहां पहुंची और आवश्यक साक्ष्य इकट्ठा किया। नगर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद से पति फरार बताया जा रहा है। घटना के बाद मायके के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बता दें इसके एक दिन पूर्व नगर थाना से कुछ ही दूर यमुना पथ में 28 वर्षीय महिला की हत्या के बाद हत्या को आत्महत्या का रुप देने के लिए शव को फांसी के फंदे से लटका दिया गया था। 'मृतक के परिजन फिलहाल आवेदन नही दिया है। आवेदन के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मौखिक रूप से परिवार के लोगों ने हत्या का आरोप लगाया गया है। फॉरेंसिक टीम बुलाकर घटनास्थल पर बारीकी से जांच की गई है।

दुर्गा पूजा के दौरान डीजे बजाने पर रहेगा प्रतिबंध

संझौली (रोहतास) (नि. सं.)। स्थानीय संझौली थाना परिसर में बुधवार को सर्किल इंस्पेक्टर(बिक्रमगंज) शेर सिंह यादव व बीडीओ प्रभा कुमारी के नेतृत्व में बुधवार को आगामी दुर्गा पूजा के त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में अधिकारियों ने कहा कि पूजा के दौरान सरकार के जारी सभी दिशा निर्देशों का पालन करना होगा। इस दौरान डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध होगा, और लाइसेंस पर निर्धारित रूटों पर ही ससमय जुलूस का आयोजन करना है। पूजा को सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण रूप से सम्पन कराने के लिए लोगों से पुलिस प्रशासन को सहयोग करने की भी अपील की। पूजा में किसी तरह का अफवाह फैलाने या शांति भंग करने वालों से कड़ाई से निपटा जाएगा। इसके लिए पुलिस अभी से ही सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों को चिन्हित कर रही है। वहीं पूजा को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए उपस्थित पूजा समिति के सदस्यों ने भी अपना-अपना सुझाव दिया।

नवादा में डाक प्रदर्शनी, सांसद ने हरी दिखाई झंडी

निज संवाददाता | नवादा।

बिहार डाक सर्कल के चीफ पोस्टमास्टर जनरल अनिल कुमार के निर्देशन में आगामी एक और दो अक्टूबर को नवादा में डाक प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। डाक प्रदर्शनी को लेकर विभाग की ओर से काफी जोर-शोर से तैयारी की जा रही है। जिले के सभी 14 प्रखंडों के साथ-साथ पड़ोसी जिलों के भी डाकघर से इस प्रदर्शनी में लोगों के भाग लेने की संभावना है। इसके प्रचार प्रचार के लिए डाक विभाग की ओर से प्रचार वाहन निकाला गया है। बुधवार को स्थानीय सांसद विवेक ठाकुर के द्वारा हरी झंडी दिखाकर डाक विभाग के प्रचार वाहन को रवाना किया गया। इस संबंध में डाक विभाग से जुड़े कर्मी व प्रदर्शनी आयोजन समिति के सदस्य जितेंद्र कुमार ने बताया कि बिहार सर्किल के मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल अनिल कुमार के निर्देशन में दो दिवसीय डाक टिकट प्रदर्शनी, पत्र लेखन और अन्य कई कार्यक्रम प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय में आयोजित किए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में काफी संख्या में जनप्रतिनिधि, सम्मानित लोग के साथ-साथ आम जनों के भाग लेने की संभावना है। कार्यक्रम की सफलता को लेकर डाक विभाग के सारे कर्मचारी जुट गए हैं तथा सफल बनाने के लिए अपने स्तर से हर संभव प्रयास कर रहे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद विवेक ठाकुर ने कहा कि डाक विभाग द्वारा हमेशा से ही अच्छी पहल की जाती है। दो दिवसीय डाक टिकट प्रदर्शनी भी ऐतिहासिक होने की संभावना है।

आईटीआई में एक दिवसीय कैम्प का होगा आयोजन

निज संवाददाता | नवादा।

श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना के निदेशानुसार जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, नवादा द्वारा दिनांक-30.09.2024 को संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आई0टी0आई0) नवादा के प्रागंण में एक दिवसीय रोजगार कैम्प का आयोजन किया जायेगा। इस कैम्प में ग्रामीण शिक्षा अवाम प्रशिक्षण फॉन्डेशन अहमदाबाद, गुजरात की कम्पनी के द्वारा सी0एन0सी0 मशीन ऑपरेटर के 30 पद के लिए योग्यता दसवीं, वारहवीं, आई0टी0आई0, ग्रजुएशन एवं डिप्लोमा होना चाहिए। वेतन 14720 से 30000 के साथ अन्य सुविधा ई0पी0एफ0, ई0एस0आइ0सी0, बस, कैंटिन, एवं कम दर पर रहने के लिए रूम की सुविधा। क्वालिटि इनचार्ज के 30 पद के लिए योग्यता आई0टी0आई0, ग्रेजुएशन एवं डिप्लोमा होना चाहिए। वेतन-15720 से 30000 के साथ अन्य सुविधा ई0पी0एफ0, ई0एस0आइ0सी0, बस, कैंटिन, एवं कम दर पर रहने के लिए रूम की सुविधा। उम्र-18 से 35 वर्ष। कार्यस्थल-अहमदाबाद (गुजरात)। इच्छुक आवेदक एवं आवेदिकाएं अपने शैक्षणिक प्रमाण-पत्र एवं आधार की छायाप्रति रंगीन फोटो एवं बायोडाटा के साथ चयन हेतु कैम्प स्थल संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आई0टी0आई0) नवादा के प्रागंण में आकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। रोजगार कैम्प का समय प्रातः 11:00 बजे पूर्वाह्न से आयोजित होगी। जो आवेदक एवं आवेदिकाएं एनसीएस पोर्टल पर निबंधित हैं, वही आवेदक एवं आवेदिकाएं रोजगार कैम्प में भाग ले सकते हैं। जो आवेदक एवं आवेदिकाएं निबंधित नहीं हैं वो आवेदक एवं आवेदिकाएं एनसीएस पोर्टल पर अपना निबंधन कराकर भाग ले सकते हैं। नियोजक निजी क्षेत्र के हैं, नियोजन के शर्तो के लिए वे जिम्मेदार होगें। नियोजनालय केवल सुविधा प्रदाता की भूमिका में होगा।

दुर्गा पूजा में डीजे के साथ नर्तकी व लौंडा डांस रहेगा बंद

निज संवाददाता | नवादा।

जिला प्रशासन के निर्देश पर सिरदला थाना परिसर में शांति समिति की बैठक बीडीओ दीपेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस दौरान सिरदला थानाध्यक्ष संजीत कुमार,परना डावर थानाध्यक्ष संजय कुमार के साथ पंद्रह पंचायतों के सभी मुखिया, सरपंच, विकास् मित्र, एवं क्षेत्र के दर्जनों बिद्धिजीवियों के साथ दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष, सचिव एवं सभी सदस्यगण मौजूद थे। बैठक में उपस्थित् लोगों से स्थलीय जानकारी प्राप्त किया गया। जिसके बाद जिला प्रशासन से मिली निर्देशों का अनुपालन को लेकर सभी जनप्रतिनिधियों व बिद्धिजीवियों को अवगत कराया गया। बीडीओ ने बताया कि दुर्गा पूजा समिति को अस्थाई बिजली कनेक्शन लेकर बिजली का उपयोग करने, एक अक्टूबर तक सभी पूजा समिति को लाइसेंस लेना अनिवार्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम में नर्तकी व लौंडा का डांस एवं डीजे पर प्रतिबंध, पंडाल के पास अग्नि सुरक्षा को उपयुक्त सामग्री जैसे बालू, आदि सुरक्षा उकरण का व्यवस्था कराया जाना, पंडाल के अंदर व बहार राजनैतिक, धार्मिक, एवं समाजिक उन्माद फैलाने वाले मूर्ति, कार्टून, एवं बैनर लगाना वर्जित, लोडिस्पीकर अनुमंडल पदाधिकारी की अनुमति के वगैर नहीं बजाये जाने एवं अनुमति मिलने पर रात्रि दस बजे तक ही बजाये जाने, भीड़ नियंत्रण को लेकर माइक का ब्यवस्था, पंडाल के पास सी सी टी वी कैमरा की ब्यवस्था, पेयजल कि ब्यवस्था, एवं पंडाल व आसपास के जगहों पर बेहतर साफ सफाई कराये जाने का निर्देश दिया। मौके पर समाज सेवी सह मुखिया प्रतिनिधि बिनोद कुमार, पूर्व मुखिया रामलखन प्रसाद यादव, जदयू प्रखंड अध्यक्ष दिनेश कुमार, भोला चौधरी, कैलाश स्वर्णकार, बिंदेश्वरी यादव, मो सहाबुद्दीन अंसारी, अंगद राम, धर्मेंद्र कुमार कुशवाहा, भाजपा नेता प्रदीप शर्मा, शंभू तांती, बीरेंद्र कुमार, राजो यादव पैक्स अध्यक्ष के साथ ही सभी पंद्रह विकास मित्र व दर्जनों बुद्धिजीवी एवं पूजा समिति अध्यक्ष सचिव सदस्यगण उपस्थित रहे।

राजभाषा पखवाड़ा पुरस्कार वितरण समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

निज संवाददाता | हाजीपुर (वैशाली)

पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को राजभाषा पखवाड़ा-2024 का पुरस्कार वितरण समारोह और सांस्कृतिक कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस मौके पर राजभाषा पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया और वर्ष 2024 में राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार में विशेष योगदान देने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम में विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत कई पुरस्कार वितरित किए गए। सर्वोत्तम पुस्तकालय की श्रेणी में मैथिलीशरण गुप्त हिंदी पुस्तकालय (धनबाद) को प्रथम स्थान और हरिवंशराय बच्चन हिंदी पुस्तकालय (डीडीयू) को द्वितीय स्थान पर सम्मानित किया गया। इसी तरह सर्वोत्तम समिति के अंतर्गत हाजीपुर स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति (सोनपुर) को प्रथम और सीतामढ़ी स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति (डीडीयू) को द्वितीय स्थान पर चुना गया। सर्वोत्तम पत्रिका की श्रेणी में डीडीयू मंडल की 'रेलमुक्ता' पत्रिका को पुरस्कृत किया गया। सामूहिक पुरस्कार के अंतर्गत प्रशासन विभाग, पूमरे/हाजीपुर, डीडीयू मंडल की यांत्रिक शाखा और समस्तीपुर यांत्रिक कारखाने को भी सामूहिक पुरस्कार से नवाजा गया। समारोह की शुरुआत मुख्यालय कला समिति द्वारा आयोजित शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुई, जिसमें रेलकर्मियों ने गीत और नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने राजभाषा विभाग को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी और सभी विजेताओं को हिंदी के प्रचार-प्रसार में उनके योगदान के लिए सराहा। उन्होंने कहा कि राजभाषा हिंदी के प्रयोग को और गति प्रदान करने के लिए सभी को निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। राजभाषा पखवाड़ा-2024 का आयोजन पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर में 02 सितंबर से 25 सितंबर तक सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। पखवाड़ा का उद्घाटन 02 सितंबर 2024 को हिंदी कार्यशाला के साथ हुआ था, जिसके बाद हिंदी निबंध, टिप्पण और प्रारूप लेखन, हिंदी वाक्, राजभाषा क्विज और विचार गोष्ठी जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि जैसे भारतीय रेल देश की जीवन-रेखा है, वैसे ही राजभाषा हिंदी भारतीय जनमानस को एक सूत्र में बांधती है। उन्होंने हिंदी के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि हिंदी को राजभाषा बनाने की मांग हिंदीतर भाषियों ने की थी, जो इसके महत्व को स्पष्ट करता है। कार्यक्रम का संचालन उप मुख्य कार्मिक अधिकारी अतुल कुमार ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन राजभाषा अधिकारी अनिल कुमार शर्मा ने दिया।

स्वच्छता ही सेवा-2024 के तहत प्रतियोगिता का आयोजन

निज संवाददाता | वैशाली (नि.सं.)

पूर्व मध्य रेल द्वारा 17 सितंबर 2024 से 2 अक्टूबर 2024 तक आयोजित स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य न केवल स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों को इस दिशा में प्रेरित करना भी है। इस कड़ी में, पूर्व मध्य रेल के मुख्यालय में प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर सभाकक्ष में पर्यावरण विंग द्वारा एक विशेष क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता की अध्यक्षता मुख्य चल स्टॉक इंजीनियर (फ्रेट) श्री महेश कुमार राय ने की, जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस प्रतियोगिता का संचालन उप मुख्य पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबंधक श्री मंजय कुमार सिंह ने किया, जिन्होंने प्रतियोगिता के दौरान सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। क्विज प्रतियोगिता में यांत्रिक विभाग के अन्य अधिकारियों और सभी अनुभागों के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान पूछे गए सवालों का जवाब कर्मचारियों द्वारा बखूबी दिया गया, जिससे उनकी ज्ञानवर्धन की दिशा में एक सकारात्मक संकेत मिला। प्रतियोगिता में सफल रहने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया, जिससे अन्य कर्मचारियों में भी प्रतिस्पर्धा और जागरूकता बढ़ी। इसके अलावा, मंडलों में भी स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से केंद्रीय विद्यालय, राज्य स्तरीय विद्यालय, और निजी विद्यालय के छात्रों के बीच स्वच्छता विषय पर कविता, निबंध लेखन, और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में स्कूली छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, और विजयी छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। यह छात्रों के लिए एक अवसर था, जिससे वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सके और स्वच्छता के महत्व को समझ सकें।

युवा नेता रिशांग ने किया शिष्टाचार मुलाकात

नवादा (पकरीबरावां) (नि.सं.)। जिला निवासी भाजपा कला संस्कृति प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता और युवा नेता रिशांग शर्मा ने बुधवार को दिल्ली में पूर्व सांसद और भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की। बृजभूषण शरण सिंह को गुलदस्ता भेंट कर उनका अभिवादन किया। बातचीत के प्रमुख बिंदु मुलाकात के दौरान रिशांग शर्मा और बृजभूषण शरण सिंह के बीच नवादा जिले, विशेषकर वारसलीगंज क्षेत्र के राजनीतिक, विकासात्मक और सामाजिक मुद्दों पर विस्तृत बातचीत हुई। रिशांग शर्मा ने पूर्व सांसद से नवादा के विकास में सहयोग के लिए सुझाव मांगे और क्षेत्र के विकास में उनके अनुभव का लाभ उठाने की इच्छा जताई। नवादा में बृजभूषण का स्वागत रिशांग शर्मा ने पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह से अनुरोध किया।

सुरक्षा शिविर का किया गया आयोजन

नवादा (नि.सं.)। नगर पंचायत द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का संचालन बीते 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। इस दौरान बुधवार को नगर पंचायत कार्यालय में नगर पंचायत पदाधिकारी राजेश एवं लोक स्वच्छता पदाधिकारी राहुल कुमार के नेतृत्व में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया।

पूर्व मध्य रेल

ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा मंडल में प्राथमिक रखरखाव वाले यात्री ट्रेनों के प्रत्येक कोच में ट्रेन के मिरर, मध्य बर्थ और उपरी बर्थ की बीच की जगह और गेट (भीतरी तरफ) पर विनाइल स्टिकर लगाने हेतु ई–नीलामी आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न हैं: **(1) (AA/1) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधिः** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में प्राथमिक रखरखाव वाले यात्री ट्रेनों के प्रत्येक कोच में ट्रेन के मिरर, मध्य बर्थ और उपरी बर्थ की बीच की जगह और गेट (भीतरी तरफ) पर विनाइल स्टिकर लगाने हेतु 03 वर्षों के लिए। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्याः** NFR-HyB-DDU-04 **ई–नीलामी लॉट संख्याः** HyB-OnB-155029-24-1 **ई–नीलामी की तिथि एवं समयः** ई–नीलामी दिनांक 05.10.2024 को 10:00 बजे शुरू होगी और 10:30 बजे बंद होगी। **(2) वेबसाइट का पता जहाँ ई–नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध हैः www.ireps.gov.in (E-auction Leasing)**

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)
पू०म०रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय।
पीआर/01193/डीडीयु/सीओएमएल/एन/24–25/28

पूर्व मध्य रेल

ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर स्थित पे एंड यूज़ टॉयलेट के लिए ई–नीलामी आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न हैः– **(1) (AA/1) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधिः** गया रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित पे एंड यूज़ शौचालय का ठेका संचालन और रख रखाव के आधार पर 06 महीनों के लिए। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्याः** Toi-DDU-12, **ई–नीलामी लॉट संख्याः** PnU-DDU-GAYA-Toi-16-23-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समयः** ई–नीलामी दिनांक 05.10.2024 को 13:00 बजे शुरू होगी और 13:30 बजे बंद होगी। **(AA/2) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधिः** डेहरी ऑन सोन रेलवे स्टेशन के बुकिंग ऑफिस के निकट स्थित पे एंड यूज़ शौचालय का ठेका संचालन और रख रखाव के आधार पर 03 वर्षों के लिए। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्याः** Toi-DDU-12, **ई–नीलामी लॉट संख्याः** PnU-DDU-DOS-Toi-22-24-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समयः** ई–नीलामी दिनांक 05.10.2024 को 13:00 बजे शुरू होगी और 13:40 बजे बंद होगी। **(2) वेबसाइट का पता जहाँ ई–नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध हैः www.ireps.gov.in (E-auction Leasing)**

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल
पं० दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/01197/डीडीयु/सीओएमएल/एन/24–25/36

पूर्व मध्य रेल

ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल से आरंभिक निम्नवत कोचिंग ट्रेन के एस.एल. आर. कोच में पार्सल स्थान को पट्टे पर देने के लिए ई–नीलामी आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न हैः– **(1) (AA/1) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधिः** गाडी संख्या 12389 (गया से चेन्नई) गया–चेन्नई एग्मोर एक्सप्रेस के FSLR के पार्सल स्थान (4 टी) का आवंटन। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्याः** Lease-SLR-DDU-7, **ई–नीलामी लॉट संख्याः** 12389-SLR-FI-GAYA-MAS-24-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समयः** ई–नीलामी दिनांक 05.10.2024 को 11:00 बजे शुरू होगी और 11:30 बजे बंद होगी। **(AA/2) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधिः** गाडी संख्या 15619 (गया से कामाख्या) गया–कामाख्या एक्सप्रेस के FSLR के पार्सल स्थान (3.9 टी) का आवंटन। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्याः** Lease-SLR-DDU-7, **ई–नीलामी लॉट संख्याः** 15619-SLR-FI-GAYA-KYQ-23-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समयः** ई–नीलामी दिनांक 05.10.2024 को 11:00 बजे शुरू होगी और 11:40 बजे बंद होगी। **(2) वेबसाइट का पता जहाँ ई–नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध हैः www.ireps.gov.in (E-auction Leasing)**

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल
पं० दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/01196/डीडीयु/सीओएमएल/एन/24–25/36

पूर्व मध्य रेल

अधिसूचना

पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 02 स्टेशनों 1. कुम्हऊ, गंजख्वाजा के स्टेशनों पर स्टेशन टिकट बुकिंग एजेन्ट (एसटीबीए) की चयन हेतु अधिसूचना।
वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल के एन॰एस॰जी॰–6 श्रेणी के 02 स्टेशनों 1. कुम्हऊ, 2. गंजख्वाजा के लिए कमीशन बेसिस पर स्टेशन टिकट बुकिंग एजेन्ट (एसटीबीए) के चयन हेतु 03 (तीन) वर्षों के लिए आवेदन आमंत्रित की जाती है।
अधिसूचना संख्या–काम/एसटीबीए/डी.डी.यू./24, दिनांक : 23.09.2024
1. कार्य का विवरण : पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल के एन॰एस॰जी॰–6 श्रेणी के 02 स्टेशनों 1. कुम्हऊ, 2. गंजख्वाजा पर एसटीबीए का चयन। 2. कार्य की अवधि : (03) तीन वर्ष। 3. अग्रधन राशि : एन॰एस॰जी॰–06 श्रेणी के लिए रु. 2000/– प्रति आवेदक। 4. आवेदन पत्र गिराने की तिथि, समय एवं स्थान : आवेदन पत्र बंद लिफाफे में पंजीकृत डाक, कोरियर, साधारण डाक अथवा स्वयं हाथों हाथ दिनांक 24.09.2024 से 03.10.2024 तक कार्यालय अवधि 11:00 बजे से 17.00 बजे तक एवं अंतिम तिथि 04.10.2024 को 12.00 बजे तक मंडल रेल प्रबंधक/वाणिज्य, पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय के कार्यालय के प्राप्ति अनुभाग में दें। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। बंद लिफाफा दिनांक 04.10.2024 को 12.30 बजे खोले जायेंगे। 6. वेबसाईट का पता – जिससे आवेदन का प्रारूप एवं संबंधित अन्य सभी विवरण प्राप्त किया जा सकता : www.ecr.indianrailways.gov.in (Division-DDU, department-commercial) पर उपलब्ध है। नोट : सक्षम अधिकारी किसी भी आवेदन या सभी आवेदनों को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

मंडल रेल प्रबंधक (वा.)/
पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/01198/डी.डी.यू./वा./एन/24–25/48

पूर्व मध्य रेल

ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के निम्नवत स्टेशनों के दर्शाए गये स्थान पर एटीएम मशीन लगाने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों/अनुसूचित वाणिज्यिक भारतीय बैंकों/भारतीय सहकारी बैंकों/व्हाइट लेबल एटीएम सेवा प्रदाताओं से ई–नीलामी आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न हैं: **(1) (AA/1) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधिः** पं दीन दयाल उपाध्याय रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में एटीएम मशीन लगाने हेतु जगह पाँच वर्षो (1826 दिन) के लिए। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्याः** ATM-DDU-24-07 **ई–नीलामी लॉट संख्याः** ATM-DDU-DDU-Gen-3-24-1 **ई–नीलामी की तिथि एवं समयः** ई–नीलामी दिनांक 05.10.2024 को 14:00 बजे शुरू होगी और 14:30 बजे बंद होगी। **(AA/2) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधिः** अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में बुकिंग कार्यालय (UTS/PRS) के निकट एटीएम मशीन लगाने हेतु जगह पाँच वर्षो (1826 दिन) के लिए। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्याः** ATM-DDU-24-07 **ई–नीलामी लॉट संख्याः** ATM-DDU-AUBR-Gen-9-23-1 **ई–नीलामी की तिथि एवं समयः** ई–नीलामी दिनांक 05.10.2024 को 14:00 बजे शुरू होगी और 14:40 बजे बंद होगी। **(AA/3) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधिः** डेहरी ऑन सोन रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में बुकिंग कार्यालय कम प्रतीक्षालय के निकट एटीएम मशीन लगाने हेतु जगह पाँच वर्षो (1826 दिन) के लिए। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्याः** ATM-DDU-24-07 **ई–नीलामी लॉट संख्याः** ATM-DDU-DOS-Gen-8-23-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समयः** ई–नीलामी दिनांक 05.10.2024 को 14:00 बजे शुरू होगी और 14:50 बजे बंद होगी। **(2) वेबसाइट का पता जहाँ ई–नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध हैः www.ireps.gov.in (E-auction Leasing)**

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)
पू०म०रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय।
पीआर/01194/डीडीयु/सीओएमएल/एन/24–25/48

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

संक्षिप्त समाचार

457 वाहन से वसूला 1 लाख 2 हजार जुर्माना

आरा। भोजपुर पुलिस ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान चलाकर कुल 457 वाहन मालिकों से 1 लाख 2 हजार रुपया जुर्माना वसूला है। एसपी मिस्टर राज ने प्रेस रिलीज जारी कर बताया की शराव,अवैध हथियार और असमाजिक तत्वों की गिरफ्तारी के लिए जिले के सभी थानाध्यक्षों को हिदायत दिया है की सभी अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर वाहन चेकिंग अभियान और छापामारी लगातार करे। उसी के आलोक में पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान चलाकर कुल 457 वाहनों से हेलमेट गाड़ी का पेपर आदि की जांच में 1 लाख 2 हजार रुपया जुर्माना वसूला है।

विवि के कुलानुशासक के निधन पर शोक

आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के कुलानुशासक (प्रॉक्टर) कुमार कौशलेन्द्र के असामयिक निधन पर विश्वविद्यालय के सीनेट सदस्य प्रो.बलिराज ठाकुर व प्रो.विनोद कुमार सिंह ने गहरा दुख व्यक्त किया है। प्रो.ठाकुर ने कौशलेन्द्र बाबू को विश्वविद्यालय के लिए 'ऐसेट'बताते हुए कहा कि उन्होंने विश्वविद्यालय के कई पदों पर कुशलतापूर्वक कार्य किया।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र घोषित करने को लेकर जिला प्रशासन का फूंका पुतला

आरा। बड़हरा विधानसभा क्षेत्र के आरा सदर, बड़हरा व कोईलवर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र घोषित करने की मांग को लेकर मंगलवार को आरा पश्चिमी के जिला पार्षद सह युवा राजद के प्रदेश महासचिव भीम यादव के नेतृत्व में जिला प्रशासन का पुतला दहन अम्बेडकर चौक पर किया गया। इस दौरान जिला पार्षद भीम यादव ने जिला प्रशासन पर आरोप लगाया कि बाढ़ जैसी आपदा में जिला प्रशासन का व्यवहार ठीक नहीं है। बाढ़ पीड़ितों की समस्या जिला प्रशासन नहीं सुन रहा है और मनमानी तरीके से सरकार के पैसे का दुरूपयोग करते हुए बाढ़ राहत के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की गयी है। मांग किया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को बाढ़ क्षेत्र घोषित कर बाढ़ पीड़ितों को उचित मुआवजा दी जाए। मांग पूरी नहीं होने पर दो दिनों के बाद बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के प्रखंड मुख्यालय पर धरना- प्रदर्शन करते हुए जिला मुख्यालय में अनिश्चितकालीन आमरण अनशन किया जाएगा। पुतला दहन कार्यक्रम में हरीफन यादव, जिला पार्षद सोनू रजक, युवा राजद उपाध्यक्ष चलू यादव, छात्र राजद के पूर्व जिलाध्यक्ष अनुप मौर्य, विनोद सिंह, राजू यादव, अंकू, दिनेश व सत्येन्द्र चंद्रवंशी मौजूद रहे।

बाढ़ग्रस्त घोषित करने की मांग को लेकर 30 को प्रदर्शन

आरा। आरा सदर सहित भोजपुर के सभी बाढ़ग्रस्त प्रखंड को बाढ़ग्रस्त घोषित करने की मांग को लेकर आगामी 30 सितंबर को आरा अंचल कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन होगा। इसकी जानकारी देते हुए भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य क्यामुद्दीन अंसारी ने बताया कि मंगलवार को बरजा गांव मे बाढ़ पीड़ितों की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में भाकपा माले सदर प्रखंड कमिटी सदस्य महेश पासवान, सुरेन्द्र पासवान, बनारसी गोंड़, बब्लू कुमार, इंनौस नेता पवन पासवान, सोनी देवी, पार्वती देवी, गरजु पासवान, सचिन कुमार, राजेन्द्र यादव व संतोष यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

जाम से ग्रामीणों को हो रही परेशानी

गड़हनी। आरा-सासाराम स्टेट हाइवे पर गड़हनी बनास नदी पुल के पास सुबह से ही रुक रुक कर जाम लगता रहा। जाम लगने से यात्रियों व स्थानीय लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । बता दे कि गड़हनी सब्जी बाज़ार के पास सड़क के किनारे नाला का निर्माण किया जा रहा है, नाला का निर्माण को ले जेसीबी मशीन से खुदाई कर मिट्टी को सड़क पर रख दिया गया है, वही नाली निर्माण को ले सड़क पर ही ढलाई को ले मसाला भी मनाया रहा था जिसको ले जाम लग रहा था। बता दे कि सब्जी बाज़ार के पास सब्जी ख़रीदने व बाजार करने को ले क्षेत्र से काफी लोग आते है। और दूसरी तरफ नाला निर्माण को ले सड़क व सड़क किनारे पर मालवा रख कर जाम कर दिया गया है। जाम करीब रुक रुक कर बार बार लग रही थी लेकिन पुलिस को कोई आता पता नही था। वही दूसरा कारण गड़हनी बनास नदी के पास से लेकर सब्जी बाज़ार तक सड़क के दोनों किनारे अवैध ठेला व दुकान भी लगाना है। यहां की जनता कब से पुलिस व प्रशासन से अवैध ठेला व दुकान को हटाने को बोलते आ रही है लेकिन कोई सुनने को तैयार नही है। अब गड़हनी के ग्रामीणों जाम झेलने की आदत सी हो गई है।व्यवसायी संघ के अध्यक्ष श्रीनिवास यादव ने कहा कि खुलेआम सड़क पर मिट्टी रखा हुआ है और सड़क पर ही ढलाई को ले मसाला भी तैयार किया जा रहा है। जबकि सड़क के दोनों किनारे बहुत सा स्टेट हाइवे का जमीन है लेकिन अतिक्रमण है।

राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के खिलाड़ियों का सम्मान

आरा। राज्यस्तरीय जूनियर बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता में पुरे बिहार में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक हासिल करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान संभावना आवासीय उच्च विद्यालय में हुआ। संभावना स्कूल के निदेशक डॉ.कुमार द्विजेंद्र, प्राचार्या डॉ. अर्चना सिंह एवं भोजपुर हैंडबॉल के अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों में टीम के कप्तान सचिन कुमार यादव, सिंटू कुमार, विशाल कुमार, प्रत्युष कुमार, प्रीतम कुमार, अभिषेक कुमार, समीर कुमार, दीपू कुमार, नागेन्द्र कुमार एवं टीम कोच सुग्रीव कुमार हैं। डॉ. कुमार द्विजेंद्र ने कहा कि भोजपुर में पहली बार हैंडबॉल की शुरुआत संभावना विद्यालय से हुई थी। विद्यालय के अधिकांश बच्चे हैंडबॉल के माध्यम से आज विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी कर रहे हैं। वर्तमान समय में विद्यालय के 7 से 8 बच्चे हैंडबॉल में जिला एवं राज्यस्तरीय टीम के खिलाड़ी है। डॉ. अर्चना सिंह ने कहा कि हैंडबॉल टीम के बेहतरीन प्रदर्शन से भोजपुर का नाम पूरे बिहार में रौशन हुआ है। मुझे उम्मीद है कि आगे भी हैंडबॉल की टीम अच्छा प्रदर्शन कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन करेगी।

रेड क्रॉस ब्लड सेंटर का मनाया गया 19वां स्थापना दिवस

आरा। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा स्थापित रेड क्रॉस ब्लड सेंटर का 19वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस ब्लड बैंक की स्थापना वर्ष 2006 में हुई थी। इस इस उपलक्ष में रेड क्रॉस के सदस्यों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। कार्यक्रम में चेयरमैन डा वीएन यादव, संरक्षक लाल दास राय, डॉक्टर एसके रूंगटा, मजहर हसनैन, सचिव विभाग कुमारी, हरेंद्र प्रसाद सिंह, दिनेश प्रसाद सिन्हा, नंदकिशोर सिंह, सरफराज अहमद खान, डॉ अर्चना सिंह, अशोक शर्मा,डॉ पी सिंह, डॉ केके सिंह डॉक्टर वीपी सिंह समेत कई लोगों उपस्थित थे। डॉ वीएन यादव ने कहा कि वर्ष 2006 में पूर्व के अधिकारियों के अथक प्रयास से इस ब्लड बैंक की स्थापना हुई ,तब से लेकर आज तक जितने भी अधिकारी रेड क्रॉस में पदस्थापित हुए सबका प्रमुख लक्ष्य रक्तदान को बढ़ाना रहा। रक्तदान करने वालों में जितेंद्र शुक्ला, धर्मेंद्र पांडे,दिव्यांशु मिश्रा, श्लोक दुबे, आकाश कुमार, वकील कुमारराम, सनी प्रसाद, अभिषेक कुमार यादव सुखसागर कुमार सिंह आदि रहे।

जर्जर सड़क मरम्मत कार्य शुरू, गिट्टी के साथ मोरम की जगह डाल रहे मिट्टी

निज संवाददाता। बक्सर

लोगों ने जताई नाराजगी

बक्सर में गोलंबर से नदांव जासो जगदीशपुर होते हुए डुमरांव के साखाना रोड तक जाने वाली जर्जर सड़क की मरम्मत का काम शुरू हो गया है। इस काम को लेकर भ्रष्टाचार भी दिखाई देने लगा है। जिसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। सड़क निर्माण में गिट्टी के साथ मोरम की जगह मिट्टी डाली जा रही है। जिसकी वजह से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। स्थानीय वार्ड पार्षद द्वारा इसको लेकर सवाल किए जाने पर भी कोई जवाब देने वाला नहीं मिल रहा है।

मोरम की जगह सड़क निर्माण में डाली जा रही मिट्टी: सड़क पर मोरम की जगह मिट्टी डालने को लेकर स्थानीय निवासियों का कहना है कि अभी बरसात नहीं होने के बावजूद हल्के पानी की वजह से कई जगहों पर कीचड़ हो गई है। जिसकी वजह से फिसलन हो गई है। अगर बरसात हो जाए तो हालत बद से बदतर हो जाएगी।

निर्माण कार्य को अपना बताने की होड़: बता दें कि इस सड़क निर्माण को लेकर पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि विजय मिश्रा और सदर विधायक संजय कुमार तिवारी के बीच निर्माण कार्य को अपना बताए जाने की होड़ मची हुई थी। जिसका निर्माण शुरू हो गया है। साल 2020 में 14 किलोमीटर की इस सड़क का निर्माण हुआ था। जिसके लिए 1 करोड़ 33 लाख रुपए की राशि निर्धारित की गई थी। वहीं, पांच सालों के देखभाल के लिए 1 करोड़ 62 लाख रुपए निर्धारित किए गए थे। काफी दिनों तक सड़क की बदहाली का दंश झेलने के बाद लोगों की समस्या का समाधान किए जाने का दावा किया जा रहा था। अंतिम वित्तीय वर्ष में मरम्मत का कार्य शुरू भी हुआ तो उसमें व्यापक अनियमितता देखी जा रही है।

नहर में डूबे किसान की दूसरे दिन मिली लाश

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र के बनौली गांव में नहर में डूबे युवक का शव दूसरे दिन बरामद हुआ है। उसका शव बनौली गांव स्थित मुसहर टोली के समीप नहर से मंगलवार को बरामद किया गया। मृतक नारायणपुर थाना क्षेत्र के बनौली गांव निवासी बम सिंह उर्फ बालेश्वर सिंह का 18 वर्षीय पुत्र प्रेम कुमार है और पेशे से किसान था। मृतक के चचेरे भाई सुनील कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार की रात वह शौच सोच के लिए गांव में ही स्थित पुल के किनारे गया हुआ था। पानी लेने के लिए नहर किनारे गया, तभी वो गिरकर डूब गया। जब वह देर रात घर वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन कुछ नहीं पता चल पाया। जब परिजन दोबारा खोजबीन करने के लिए गए तो शव मिला। उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना की ुलिस भी पहुंची। इसके बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से उसके शव को पानी से बाहर निकल गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने चार भाई व एक बहन में चौथे स्थान पर था। उसके परिवार में मां मानती देवी व तीन भाई धनजी कुमार, मंजू कुमार, पवन कुमार और एक बहन पार्वती देवी है।

रंगों और रेखाओं के माध्यम से अपनी अभिव्यक्ति उकेरी

निज संवाददाता। आरा

जिले के नरही चांदी में आसरा सेवा केंद्र और बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के सहयोग से भोजपुरी पेंटिंग कार्यशाला सह सेमिनार आयोजित है। जिसके दूसरे दिन कलाकारों ने अलग-अलग रंगों और रेखाओं के माध्यम से अपनी अभिव्यक्ति कैनवास पर उकेरा। कुछ लोग कोहबर के फॉर्म में अपने चित्रों में रंग भरे। कुछ पिडिया को सजाया। बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के अधिकारी भी कार्यशाला में शामिल हुए। जिसमें निदेशक राम चरित्र प्रसाद, सचिव कंपनी कार्य निधि राज आनंद, योजना अभियंता अखिलेश कुमार, परियोजना अभियंता राहुल राज, कनीय अभियंता हरे राम मौजूद रहे। कलाकारों के कार्य सराहना करते हुए निदेशक ने कहा कि मैं भोजपुरी चित्रकला इससे पहले नहीं जानता था। मुझे खुशी हो रही है कि भोजपुरी आंचल की अपनी लोक परंपरा इतनी समृद्ध है। आप सब कलाकार इसके लिए कार्य कर रहे । आसरा सेवा केंद्र को ऐसे आयोजन के लिए बधाई। इस कार्य से भोजपुरी लोक कला समृद्ध होगी। अतिथियों का स्वागत चित्रकार कमलेश कुंदन और मंच संचालन चित्रकार संजीव सिंह ने किया।

गर्भवती पत्नी को चाकू-पेचकस से गोदा, 70 टांके लगे

बक्सर में पति बोला- बहुत रोक-टोक करती है, खुद कहीं जाती तो बताती भी नहीं

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में पति ने गर्भवती पत्नी को कमरे में बंद कर चाकू, पेचकस और पिलास से वार कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया। घर में सास-ससुर भी थे। महिला की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और दरवाजा तोड़कर महिला को बाहर निकाला। महिला 52 हफ्ते की गर्भवती है। उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन नाजुक हालत देखते हुए उससे पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। महिला के परिजनों का कहना है कि उसे 70 टांके लगे हैं। आरोपी पति को पुलिस ने केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि मैं बाहर जाता हूं तो परेशान करती है, काफी पूछताछ करती और खुद कहीं जाती है तो बताती भी नहीं है।

पिछले साल ही हुई थी शादी: पीड़िता बड़का राजपुर निवासी जवाहर चौधरी की बेटी प्रीति है। जिसके शादी पिछले साल पांडेय पट्टी निवासी राज नारायण चौधरी के बेटे रवि चौधरी से हुई थी। बहन रेखा देवी ने कहा कि शादी के बाद से पति रवि चौधरी के साथ-साथ उनके पिता राज नारायण चौधरी और चाचा जगनारायण चौधरी दहेज के लिए परेशान करते थे। प्रीति जब गर्भवती हुई तो कुछ दिन ससुराल में रहने के बाद वह सिमरी थाना क्षेत्र के नगरपुरा गांव स्थित अपनी मौसी के यहां चली गई थी। जहां से मंगलवार को उसका पति उसे वापस लेकर चला आया। पांडेय पट्टी निवासी और स्थानीय वार्ड पार्षद दिलीप कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी रात तकरीबन 11 हुई। महिला की आवाज सुनकर हमलोग मौके पर पहुंचे तो देखा कि आरोपी ने महिला को चाकू, पेचकस और पिलास से मार कर बुरी तरह जख्मी कर दिया है। गंभीर हालत में उसे सदर अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सक उसकी स्थिति गंभीर बता रहे हैं। ससुराल वाले अब आर्थिक मदद भी नहीं कर रहे हैं। घटना के बाद से फरार हैं।

महिला की हालत नाजुक: सदर अस्पताल के डॉक्टर डॉ. एससी मिश्रा ने बताया कि महिला के शरीर पर धारदार हथियार के वार के कई निशान हैं। उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। घर वालों ने बताया कि पति ने चाकू, पेचकस आदि से मार कर उसे जख्मी कर दिया है। गर्भ में पल रहे शिशु की जान पर भी खतरा बना हुआ है। फिलहाल उसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर किया जा रहा है।

आरोपी सनकी टाइप का लग रहा: मुफस्सिल थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने कहा कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पति को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि पति से पूछताछ की गई है। वो थोड़ा सनकी टाइप का लग रहा है।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जीप पलटने से महिला की मौत, एक की हालत, तेज रफ्तार की वजह से अनियंत्रित वाहन

निज संवाददाता। बक्सर

ओवरटेक करने के दौरान हादसा

बक्सर जिले के कथराई बसही मुख्य पथ पर तेज रफ्तार जीप अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दौरान जिप में सवार एक महिला की मौके पर मौत हो गई। वहीं एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने घायल महिला को जिप से निकाल पास के निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए वाराणसी रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृत महिला के शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका की पहचान कथराई गांव निवासी अंजोरिया देवी के रूप में हुई है। वहीं घायल महिला गिरिजा पांडेय की पत्नी भागमनी कुंवर हैं।

फिल्मी अंदाज में पलटी गाड़ी: मामले को लेकर बताया गया कि अंजोरिया देवी अपनी बेटी के पास किसी काम से जा रही थी। वहीं, भागमनी कुंवर जिउतिया पर्व को लेकर बाजार करने के लिए कोचस जा रही थी।जैसे ही जीप कथराई गांव से बाहर हुई चालक ने दूसरी गाड़ी को आगे देख तेज रफ्तार से आगे जाने का प्रयास किया। इसी दौरान गाड़ी अनियंत्रित होकर सीधे चाट में पलट गई। ग्रामीणों ने बताया कि जीप फिल्मी अंदाज में पलटी मारते हुए लगभग तीन बार पलटने के बाद खेत में जाकर खड़ी हो गई। घटना में अंजोरिया देवी की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि भागमनी कुंवर पति गिरिजा पांडेय जीप के नीचे दब गए थी। आसपास मौजूद लोगों ने दौड़कर घायल महिला को बाहर निकाला। घटना के बाद चालक गाड़ी छोड़ फरार हो गया। घटना की सूचना पर पहुंचे धनसोई थाना अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश ने शव को कब्जे में लेकर कागजी कार्रवाई करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की सूचना मिलने पर पहुंचे आसपास के ग्रामीण मृत महिला के परिवार को उचित मुआवजा राशि की मांग कर रहे हैं।

जिले के सरकारी स्कूलों की होगी रैंकिंग, दिए जाएंगे अंक

निज संवाददाता। बक्सर

जिले के सरकारी विद्यालयों में रैंकिंग की जाएगी। विभाग के अनुसार सरकारी योजनाओं व विभागीय निर्देशों के पालन की जांच कर वर्ष में दो बार रैंकिंग की जाएगी। इस संबंध में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ ने डीईओ को एक पत्र भेजा गया है। विद्यालयों में पढ़ा रहे शिक्षक शिक्षिकाओं के शैक्षणिक गुणवत्ता की भी ग्रेडिंग की जाएगी। सरकारी विद्यालयों में संचालित विभिन्न गतिविधियां, शिक्षण, संसाधन उपयोग, साफ-सफाई, स्वच्छता, शिकायत निवारण, सह शैक्षणिक गतिविधियां आदि के लिए 100 अंक तय किए गए हैं। रैंकिंग की प्रविष्टि सभी शिक्षकों के वार्षिक मूल्यांकन में अनिवार्य रूप से की जाएगी।

साल में दो बार होगी रैंकिंग: शिक्षा विभाग की ओर से इसको लेकर वर्ष में दो बार नवंबर और मार्च माह में विद्यालयों की रैंकिंग की जाएगी। इसके लिए प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों के लिए प्रपत्र तैयार किए गए हैं। चेतना सत्र में बच्चों की सक्रिय भागीदारी पर 2, योग, व्यायाम व खेल नियमित रूप से आयोजित करने पर 2, स्वास्थ्य जांच, आयरन की गोलियां व आखों की जांच पर 2 तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेल दिवस के लिए वार्षिक दिवस पर 2 अंक मिलेंगे। शिकायत निवारण के लिए 3 अंक निर्धारित किए हैं। इन मानकों पर की जाएगी ग्रेडिंग पिछले 3 माह में छात्रों की औसत उपस्थिति पर 10, छात्रों के क्लासवर्क, होमवर्क व वर्कशीट की नियमित जांच पर 5, विद्यालय अवधि के बाद मिशन दक्ष के तहत कक्षा पर 3 व नियमित रूप से शिक्षक अभिभावक आयोजन पर 2 अंक अर्द्धवार्षिक व वार्षिक परीक्षा में औसत अंक पर 20, मासिक जांच परीक्षा में औसत अंक पर 10 अंक मिलेंगे। इसी तरह कटे नाखून, संवरे बाल व साफ पोशाक युक्त छात्र पर 2.5, रसोईघर की साफ-सफाई, विद्यालय परिसर की साफ-सफाई व शौचालय की साफ-सफाई प्रत्येक पर 2.5 अंक निर्धारित किए गए हैं। संसाधन उपयोग पर भी मिलेंगे अंक नामांकित छात्रों के अनुपात में कक्षा-कक्ष की उपलब्धता पर 2, रनिंग वाटर, जलापूर्ति की व्यवस्था व ओवरहेड टैंक की कार्यात्मक स्थिति पर 2, आईसीटी लैब के उपयोग पर 2, विज्ञान लैब के उपयोग पर 2 तथा पुस्तकालय के उपयोग पर 2 अंक निर्धारित किए हैं।

25 दिन में तैयार होता है 5 क्विंटल ड्रैगन फ्रूट

किसान बोला-गेहूं की खेती से इसमें ज्यादा कमाई, 25 साल है एक प्लांट की लाइफ

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के एक किसान विदेशों में होने वाले ड्रैगन फ्रूट को बिहार की धरती पर उगा रहे हैं। इसकी खेती से वो सालाना 3 लाख रुपए तक की कमाई कर रहे हैं। इनका कहना है कि इस फल की खेती गेहूं की खेती से ज्यादा फायदेमंद है। खेती की शुरुआत 3 साल पहले की थी। अब पिछले 2 साल से फल बेच रहे हैं। ड्रैगन फ्रूट की खेती करने वाले दरोगा तिवारी बक्सर के पहले किसान हैं। उन्होंने बताया कि बहुत ही कम जमीन पर इसकी खेती कर फल को आसानी से लोकल मार्केट में बेचकर अच्छी कमाई की जा सकती है। दरोगा तिवारी बताते हैं कि यह एक सीजन में 3 से 4 बार फल देता है। साल 2021-22 में हमने 16 कट्ठा जमीन में ड्रैगन फ्रूट्स की खेती शुरू की। शुरुआत के डेढ़ साल के बाद फल देने लगा।

25 दिनों में 4-5 क्विंटल निकलता है फल: दरोगा तिवारी कहते हैं कि फिलहाल 210 पोल पर प्लांट लगाए गए हैं। प्रत्येक फल का वजन लगभग 300 से 800 ग्राम तक होता है। एक पौधे पर 50 से 120 फल लगते हैं। हर 25 दिन पर चार से पांच क्विंटल फ्रूट निकलता है। इस फल को बाहर नहीं, बल्कि अपने जिले के मंडियों एवं बाजारों में ही खपाना है। सबसे अच्छी बात है कि एक बार प्लॉटिंग के बाद इसमें फिर ज्यादा खर्च नहीं करना पड़ता है। हर साल बस मेंटेनेंस की जरूरत होती है। एक प्लांट की लाइफ 25 साल तक होती है। आगे कहते हैं कि पहले बाप-दादाओं के पास ज्यादा जमीन थी। उत्पादन कम भी हुआ तो काम चल जाता था। आज जमीन का बंटवारा होते-होते सबके पास काफी कम जमीन बच गया है। किसानों के पास अब धीरे-धीरे खेती लायक जमीन को लेकर समस्या होते जा रही है। इस परिवेश में कम खेती में अधिक मुनाफा कैसे हो, उसपर काम चल रहा है। इसके लिए ड्रैगन फ्रूट्स की खेती को अभी बेहतर माना जा रहा है।

एक प्लांट की लाइफ 25 साल: किसान ने कहा कि इसकी औसत उपज 5 से 6 टन प्रति एकड़ होती है। सबसे अच्छी बात ये है कि एक बार प्लांटिंग के बाद इसमें फिर ज्यादा खर्च नहीं करना पड़ता है। हर साल बस मेंटेनेंस की जरूरत होती है। फल के पौधों को दूसरे पौधों की तुलना में कम पानी की आवश्यकता होती है। इस प्रकार रोपण, फूल आने और फल विकास के समय या गर्म और शुष्क मौसम में बार-बार सिंचाई की आवश्यकता होती है। इसके लिए सिंचाई की बूंद-बूंद पद्धति का उपयोग करना चाहिए।

सबसे अच्छी बात-जंगली जानवरों से नुकसान का डर नहीं: ड्रैगन फ्रूट के लिए सबसे बड़ी बात है कि इसको जंगली जानवर नुकसान नहीं पहुंचाते हैं। इसके प्लांट लतरने वाले होते हैं। इसलिए सहारे के लिए खेत में सीमेंट के खंभे या बांस-बल्ला की जरूरत होती है। एक खंभे के साथ 3-4 प्लांट लगाए जा सकते हैं। जैसे-जैसे प्लांट बढ़ता है उसे रस्सी से बांधा जाता है। एक-सवा साल बाद प्लांट तैयार हो जाता है। ड्रैगन फ्रूट पहले साल में फल देना शुरू कर देता है।

गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

जमुहार (रोहतास)। गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली एवं पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आज 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से विकसित भारत 2047' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। यह विश्वविद्यालय का दूसरा आईसीएसएसआर द्वारा प्रायोजित संगोष्ठी है, जिसमें पूरे देश के 17 राज्यों से शोधकर्ताओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए। संगोष्ठी में चार सत्र होंगे, जिनमें 60 से अधिक शोध पत्र पढ़े जाएंगे। समारोह का आरंभ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं पूर्व राज्यसभा सांसद गोपाल नारायण सिंह के आशीर्वाद से हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एम. के. सिंह, प्रति कुलपति प्रो. जगदीश सिंह, देवमंगल मेमोरियल ट्रस्ट के सचिव गोविंद नारायण सिंह, और संस्था के प्रबंधक निदेशक त्रिविक्रम नारायण सिंह सहित सभी अधिकारियों ने इस संगोष्ठी के आयोजन की सराहना की। कुलाधिपति ने कहा कि बिहार को इस तरह की संगोष्ठियों की बहुत आवश्यकता है, जहां शिक्षा पर राष्ट्रीय स्तर पर विचार रखे जा सकें। समारोह के मुख्य अतिथि एवं बिहार लोक सेवा आयोग के सदस्य प्रो. अरुण भगत ने कहा कि शिक्षा किसी भी राष्ट्र की उन्नति की आधारशिला होती है। नई शिक्षा नीति से समावेशी विकास होगा और यह नीति विकसित भारत के लिए एक मूल्य बोध है, जो संस्कार की परिपाटी को जोड़ने में सहायक होगी। संगोष्ठी के विशिष्ट अतिथि, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक के पत्रकारिता विभाग के संकायाध्यक्ष प्रो. राघवेंद्र मिश्रा ने कहा कि उच्च शिक्षा में इस नीति से नई संभावनाएं और अवसर मिलेंगे, जिससे भारत 2047 का विकसित भारत का सपना पूरा होगा। संगोष्ठी में विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. कुमार आलोक प्रताप सिंह, वाणिज्य संकाय के संकायाध्यक्ष डॉ. आशुतोष द्विवेदी, जनसंपर्क पदाधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह, सेमिनार चेयर डॉ. संजय कुमार सिंह, एवं संगोष्ठी के संयोजक डॉ. अमित कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। परीक्षा नियंत्रक ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मुख्य पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसके केंद्र में विद्यार्थी हैं, जो कल भारत का भविष्य गढ़ेंगे। इस अवसर पर जनसंपर्क पदाधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह ने भी शिक्षा नीति के महत्व पर चर्चा की। कार्यक्रम की महत्ता पर विचार व्यक्त करते हुए कला संकाय के संकायाध्यक्ष (इंचार्ज) डॉ. संजय कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद एक मानक राष्ट्रीय संस्था है, और इसके सहयोग से आयोजित यह सेमिनार शिक्षा क्षेत्र में गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय की पहचान को और मजबूत करेगा। पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष और सेमिनार के संयोजक डॉ. अमित कुमार सिंह ने बताया कि सेमिनार शिक्षा की महत्वपूर्ण सीढ़ी है, जिसमें ज्ञान का संचरण होता है। विश्वविद्यालय की प्रेरणा और मार्गदर्शन के बिना यह संभव नहीं था। इस अवसर पर देश के विभिन्न हिस्सों से जुड़े प्रतिभागियों ने कार्यक्रम का साक्षात्कार किया। विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारी, विधि एवं कला संकाय के शिक्षक, कर्मचारी, और विद्यार्थी उपस्थित थे। मंच संचालन दीपशिखा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन पत्रकारिता विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. संकर्षण परिपूर्णन ने किया।

लापता नाबालिग का मिला शव, गोली मारकर हत्या

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में दो दिन से लापता नाबालिग युवक की लाश गंगा किनारे सब्जी के खेत में लाश मिली है। आंख-मुंह पर गहरे जख्म और पीठ पर गोली के निशान हैं। मृतक कमलेश्वरी मंडल का बेटा मुकेश कुमार (14) है। परिजनों ने पड़ोस के चार युवकों पर हत्या का आरोप लगाया है। बताया जा रहा कि 12 दिन पहले मछली मारने को लेकर नाबालिग का विवाद हुआ था। इसी को लेकर वारदात को अंजाम दिया गया है। सोमवार की सुबह नाबालिग को किसी ने फोन कर घर से बुलाया था। फिर वो घर नहीं लौटा। मृतक के चाचा के अनुसार नाबालिग को शराब भी पिलाई गई। पुलिस ने शक के आधार पर 5 लोगों को हिरासत में लिया है, उनसे पूछताछ की जा रही है। घटना सबौर थाना क्षेत्र का है।

संदिग्ध युवक के निशानदेही पर मिली लाशः मुकेश के भाई ने बताया कि जिस युवक ने फोन कर बुलाया था उससे पूछताछ की तो गाली-गलौज कर भगा दिया। मंगलवार को इसकी मौखिक शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने पूछताछ के लिए गांव के ही एक संदिग्ध युवक को उठाया। उसके निशानदेही पर घाट के किनारे शव मिला। घटना की सूचना के बाद FSL और डॉग स्क्वायड की टीम भी घटना स्थल पर पहुंची। देर शाम तक सिटी एसपी भी घटना स्थल पर पहुंचे और मामले की जांच पुलिस जुट गई। सबौर थाना अध्यक्ष विवेक कुमार जायसवाल ने बताया कि गांव के ही कुछ लोगों से मछली मारने को लेकर विवाद हुआ था। उसी में उसकी हत्या की गई है। आगे मामले की जांच की जा रही है।

◆ 12 दिन पहले मछली मारने को लेकर हुआ था विवाद, 2 दिन से था लापता

थाने से 500 मीटर दूर थी मिनी गन फैक्ट्री

निज संवाददाता। भागलपुर



◆ बंगाल और बिहार की STF ने किया खुलासा, अर्धनिर्मित-निर्मित हथियार बरामद, 5 आरोपी अरेस्ट

भागलपुर में मंगलवार को मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा हुआ है। पुलिस ने गन फैक्ट्री को संचालित करने वाले 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना कहलगांव के चांदपुर गांव की है। गन फैक्ट्री थाना से महज 500 मीटर की दूरी पर संचालित किया जा रहा था। बंगाल और बिहार STF की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की है।

15 अर्ध निर्मित पिस्टल बरामदः SSP आनंद कुमार ने बताया कि अमडंडा थाना क्षेत्र के चांदपुर गांव में बंगाल और बिहार STF की टीम ने संयुक्त कार्रवाई में मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा किया है। पुलिस ने मौके पर से 15 अर्धनिर्मित पिस्टल, 10 निर्मित बैरल, एक लेथ मशीन, एक ड्रिल मशीन कुल 22 उपकरणों को बरामद किया है।

पुलिस ने 5 लोगों को गिरफ्तार कियाः पुलिस ने इस मामले में 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से 3 आरोपी मुंगेर, एक-एक आरोपी खगड़िया और कहलगांव के है। गिरफ्तार आरोपी में मुंगेर के करंजीवी यादव, राजेश मंडल और अनूप कुमार है। वहीं, खगड़िया के सोनू कुमार और कहलगांव के शिवनंदन मंडल शामिल है। सभी आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। एसपी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, नक्सलियों को हथियार सप्लाई करने की योजना थी। लेकिन, भागलपुर के SSP आनंद कुमार ने इस बात से इनकार किया है।

एमबीए व गांधी विचार कैंपस को अतिक्रमणमुक्त कराएं : वीसी

निज संवाददाता। भागलपुर

टीएमबीयू के एमबीए विभाग परिसर में कुलपति ने मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। कुलपति प्रो. जवाहर लाल ने निर्देश दिया कि एमबीए विभाग व पीजी गांधी विचार से अतिक्रमण हटाया जाएगा। 80 प्रतिशत अतिक्रमण हटा दिया गया है, 20 प्रतिशत बचा है जिसे हटाया जा रहा है। कुलपति एनएसएस कार्यक्रम के बाद गांधी विचार व एमबीए विभाग का औचक निरीक्षण किये। वहां नवनिर्मित एमबीए भवन के आसपास अर्धनिर्मित भवन में घोड़े सहित अन्य जानवर बंधे थे। भवन के पिछले हिस्से में एक रथ प्लास्टिक से ढंककर रखा था। उन्होंने परिसर की सुरक्षा बढ़ाने को लेकर सख्ती का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कैंपस साफ-सुथरा के साथ अतिक्रमणमुक्त होना चाहिए। कुलपति ने कहा कि कई लोगों ने फिर से एमबीए परिसर जाने

वाले रास्ते में कब्जा शुरू कर दिया है। इस पर भी प्रॉक्टर सहित सुरक्षा एजेंसी के सुपरवाइजर को कुलपति ने निर्देशित किया।

अब किसी तरह की अतिक्रमण की स्थिति होती है तो सख्त कार्रवाई करें। इसके बाद परिसर से घोड़े को भगाया गया। रथ हटवाने के लिए थानेदार सुप्रिया को जानकारी दी गई। थानेदार ने रथ हटाने के लिए संबंधित व्यक्ति को जानकारी देने की बात कही है। एमबीए विभाग के शिक्षक व छात्रों ने बताया कि परिसर में पांच जून को पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण किया गया था। उसे घोड़ों ने रौंद दिया है।

मायके में रह रही महिला के घर में देर रात घुसकर किया हमला

निज संवाददाता। भागलपुर

60 वर्षीय वृद्ध ने गुस्से में पत्नी की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। छह माह पहले दोनों के बीच तलाक हुआ था। मृतका आंगनबाड़ी सेविका के सीना, पेट व कमर के ऊपर तीन बार चाकू से वार किया गया। परिजन जख्मी महिला को अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में मौत हो गई। मृतका की पहचान कजरैली इलाके के तमौनी निवासी मो. रियाजुद्दीन की पत्नी बीबी समशुन निशा (55) के रूप में हुई है। घटना सोमवार की देर रात एक बजे की है। पत्नी की हत्या के बाद आरोपी पति फरार है। घटना के बाद मृतका के मायके वालों की तरफ से कजरैली पुलिस को जानकारी दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली। मंगलवार की सुबह शव का पंचनामा कर उसका पोस्टमार्टम कराया गया।, मृतका के भाई मो. अशफाक ने बताया कि मेरा व जीजा का घर आमने-सामने है। सोमवार की देर रात बहन बरामदे में भांजी अरफा के साथ सो रही थी। गर्मी ज्यादा होने की वजह से गेट खुला था। अंधेरे का फायदा उठा कर रियाज मेरे घर में घुस आया। उसने सबसे पहले बहन के सीने पर पहला वार किया। तभी बगल में सो रही भांजी जग गई और शोर मचाने लगी। मैं जगा तो देखा रियाज चाकू लेकर खड़ा

था। मैंने उसको कहा कि यह क्या किया तुमने। तभी उसने बहन के पेट व कमर के ऊपर दो बार काफी गहरा चाकू मारा। उसके बाद वह चाकू लेकर तेजी से भाग गया। बहन के शरीर से काफी खून निकल रहा था। वह बेड पर तड़प रही थी। रात के समय में कोई वाहन भी नहीं था कि उसे तुरंत अस्पताल ले जाता। कुछ देर बाद एक वाहन का जुगाड़ कर उसे अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही मौत हो गई। मृतका बीबी समशुन निशा के भाई ने बताया कि रियाजुद्दीन कोई काम नहीं करता था। दिनभर घर में ही बैठा रहता था। उसके पास बहुत कम पुश्तैनी जमीन है। बहन आंगनबाड़ी में काम कर किसी तरह परिवार चलाती थी। मुझे पांच भांजी है, जिसमें से दो की शादी हो चुकी है लेकिन तीन कुंवारी है। इन तीनों का जिम्मा बहन के ऊपर ही था। बहन व जीजा के बीच इन्हीं कारणों से विवाद होते रहता था। छह माह पहले दोनों में तलाक हुआ था। तलाक के बाद बहन पति का घर छोड़ मेरे घर में ही रहने लगी थी। उसका पति अनाज तक लेने पर बहन से विवाद करता था।

नारायणपुर में सीएसपी संचालक से 70 हजार लूटे

नारायणपुर। हथियार दिखाकर अपराधियों ने प्रखंड के बलहा में सीएसपी संचालक दिगंबर कुमार सिंह से 70 हजार रुपए लूट ली। घटना सोमवार की देर शाम की है। सीएसपी संचालक दिगंबर कुमार सिंह मोटरसाइकिल की सर्विसिंग करवाने के लिए शोरूम गया था। उसने सीएसपी केंद्र पर अपने भाई हिमांशु कुमार को बैठा दिया था। दिगंबर के जाने के 20 मिनट बाद हथियार से लैस होकर एक अपराधी आया और सेंटर का दरवाजा बंद कर काउंटर से सत्तर हजार रुपए लूट लिया। जाते-जाते धमकी दी कि यदि केस दर्ज कराओगे तो जान से मार देंगे। मामले को लेकर पीड़ित भवानीपुर थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्यों नेबांटी राहत सामग्री

मुंगेर। भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी शाखा मुंगेर द्वारा बाढ़ पीड़ित के लिए लगातार सेवा कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को रेडक्रॉस द्वारा किला परिसर स्थित अशोक क्लब के सामने बाढ़ पीड़ित के बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। खाद्य सामग्री में पूरी, सब्जी, बिस्किट एवं अन्य जरूरत के सामान दिये गये। पीड़ित परिवार ने बातचीत के दौरान बताया कि उन लोगों को सूखा सामान खाकर किसी तरह समय व्यतीत करना पड़ रहा था। लेकिन रेडक्रॉस द्वारा लगातार इनकी पीड़ा को देखते हुए खाद्य सामग्री उपलब्ध करायी जा रही है। पीड़ित परिवार में सीताचारण, जफरनगर, बहादुरपुर, करबला के ग्रामीण शामिल थे। मौके पर सचिव देव प्रकाश, कोषाध्यक्ष हेमंत सिंह, शुभांकर झा, डॉ. पंकज, अंकित जलान, सुनील गुप्ता, प्रेम वर्मा, उमेश राजगढ़िया आदि मौजूद थे।

दो पक्षों के बीच हुई थी गोलीबारी

संग्रामपुर। थाना क्षेत्र अंतर्गत पृथ्वीचक गांव में रविवार को पूर्व के विवाद को लेकर हुई गोलीबारी की घटना में शामिल दोनों पक्ष के एक-एक व्यक्ति को संग्रामपुर पुलिस ने सोमवार की रात गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में मुंगेर भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्त पृथ्वीचक गांव निवासी संजीव कुमार पिता अशोक यादव और चंद्रगुप्त हर्षवर्धन उर्फ छोटू पिता पोरस यादव हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की संध्या पूर्व के विवाद को लेकर पृथ्वीचक गांव में दो पक्षों के बीच गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया था। इस मामला को लेकर दोनों पक्षों के द्वारा संग्रामपुर थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी। दिए गए आवेदन के आधार पर पुलिस ने घटना की जांच के पश्चात दोनों पक्षों के एक-एक लोगों को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में मुंगेर भेज दिया। संग्रामपुर थाना एएसआई संजय कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पोरस यादव और अशोक यादव के बीच पूर्व से विवाद था। रविवार को पूर्व के मामले को लेकर दोनों में बहस हुई बहस होते-होते दोनों ओर से गोलीबारी होने लगी जिसमें दो लोग घायल हो गए, दोनों पक्ष से आवेदन प्राप्त हुआ है। आवेदन के आलोक पर कार्यवाही करते हुए दोनों पक्ष के एक-एक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

जमालपुर-भागलपुर रेल खंड पर ट्रेनों का परिचालन शुरू

मुंगेर। मुंगेर के मालदा डिवीजन में आने वाले भागलपुर-जमालपुर रेल खंड की अप और डाउन दोनों लाइन पर सुल्तानगंज (एसजीजी) और रतनपुर (आरपीयूआर) के बीच ट्रैक को फिट कर दिया गया है। इसके बाद इस रेल खंड पर मंगलवार की शाम जमालपुर से भागलपुर के बीच पैसेंजर ट्रेन को 30 किलोमीटर की रफ्तार से चला कर ट्रेनों के परिचालन को शुरू किया गया। जानकारी के अनुसार अप लाइन में किमी 335/25 और 350/41 के बीच 30 किमी प्रति घंटा और डाउन लाइन में किमी 350/42 और 335/26 के बीच 30 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से ट्रेन को चलाया जा रहा है। अप दिशा में पहली यात्री ट्रेन गाड़ी संख्या 05415 साहिबगंज-जमालपुर पैसेंजर, साहिबगंज से 15:35 बजे खुली। इसके बाद मिर्जा चोकी से 16:10 बजे, सुल्तानगंज से 18:26 बजे खुली। डाउन दिशा में पहली यात्री ट्रेन गाड़ी संख्या 05408 जमालपुर-साहिबगंज पैसेंजर 16:48 बजे रवाना हुई। इस रेल खंड पर ट्रेनों का परिचालन शुरू होने के बाद रेल यात्रियों को राहत मिलेगी। बता दे कि मालगाड़ी के लिए ट्रैक को 13:45 बजे फिट कर दिया गया था।

डीएलएड छात्र की बाढ़ के पानी में डूबने से मौत

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सीताकुंड डीह हसनपुर निवासी नेपाली साह का 20 वर्षीय बेटे अंकित कुमार अपने दोस्तों के साथ नौवागढ़ी जाने के क्रम में चीकदह पुल पर आई बाढ़ के पानी में मंगलवार को डूब गया जिससे उसकी मौत हे गई। अंकित को डूबता देख स्थानीय लोगो द्वारा निकाल कर आनन-फानन में सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों ने बताया कि बताया अंकित होनहार छात्र था और भागलपुर मे डाइट सेंटर में शिक्षक का प्रशिक्षण का पढ़ाई करता था, दो दिन पहले वह जीतीया पर्व में गांव हसनपुर आया था। मंगलवार को दो दोस्त घर पर आकर अंकित को नौवागढ़ी जाने को कहा जिसके बाद वह अपने अन्य दोस्तों के साथ चिकदह बहियार होते हुए नौवागढ़ी पैदल जा रहा था। इसी क्रम में सड़क पर अत्यधीक पानी रहने के कारण अंदाजा नहीं लग सका और बाढ़ के पानी में स्नान कराने के लिए ले गया। गहरे पानी में अंकित की डूबने से मौत हो गई। इधर, घटना के बाद मृतक की मां मीनू देवी देवी, भाई साहिल कुमार और अस्मीत कुमार को रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि मृतक के पिता नेपाली साह पंजाब लुधियाना में मजदूरी का काम करता है बेटे की मौत की खबर मिलने के बाद पिता अपने घर के लिए रवाना हो गए हैं। पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। सदर अस्पताल में विधायक प्रणव कुमार हसनपुर और लोहची में डूबे दोनों छात्र के परिजनों से मिलकर सांत्वना देते हुए लोगों से अपने बच्चे पर बाढ़ के पानी में नहीं जाने देने की अपील की।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Road Construction Department, Road Division, Daltonganj

Very Short Term e-Procurement Notice

e-Tender Ref No- 9/ RCD/Daltonganj/2024-25/ 918 Dated:- 23.09.2024

1.	Name of Work	**Construction of RCC Drain & Hard Shoulder of Both side In Hilly Area of Chainpur - Ramkanda Road Under Chainage 10.500 to 11.00 km for the year 2024-25.**
2.	Estimated Cost	**Rs. 59,91,416.00 (Rupees Fifty Nine Lacs Ninety One Thousand Four Hundred Sixteen) Only.**
3.	Bid Security (Amount)	**Rs. 1,20,000.00 (Rupees One Lac Twenty Thousand) Only.**
4.	Time of Completion	**03 Months**
5.	Date of Publication of Tender on Website	**30.09.2024, 10:30 AM**
6.	Last Date/Time of Online Bid Submission	**07.10.2024, 12:00 Noon**
7.	Date and Time of Bid opening	**09.10.2024, 12:30 PM**
8.	Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address	**Cost of bidding document (for a non refundable fee) & Bid security as indicated shall be payable online through http://jharkhandtenders.gov.in**
9.	Name & address of officer Inviting tender	**Executive Engineer, R.CD., Road Division, Daltonganj.06562&225019**
10.	E-mail Id	**eercdmedini-jhr@nic.in**
11.	Helpline number of e Procurement cell	**0651-2401010**

Note : Estimated amount may vary.
For further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

Executive Engineer
Road Construction Department
Road Division, Daltonganj

PR 336902 Road (24-25)_D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/16/2024-25(2ND CALL)

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

क्र० सं०	ग्रुप सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	Gr_3	लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत चेताग ग्राम सेमरसोत में चरकी डोकी बांध के पास पुल निर्माण।	9948644	199000	10000	3 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 25.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 25.09.2024 से दिनांक 05.10.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –07.10.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 336947 Rural Development (24-25)_D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं०–02,गढ़वा

ई–पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/GARHWA/05/2024-25/RE(2nd Call)
PR 330575 Rural Development (24-25)D

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

क्र० सं०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	लम्बाई (मी0 में)
1	गढ़वा जिला के रमकण्डा प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत–रक्सी, ग्राम–रक्सी में देवी मण्डप से ढुलवा सीमा के पास हड़बडिया नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण	2,70,63,240.00	5,42,000.00	10000.00	18 माह	58.08

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 26.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय दिनांक–26.09.2024 से दिनांक–02.10.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0–02,गढ़वा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–04.10.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० –8002373581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02,गढ़वा

PR 336989 Rural Development(24-25).D

7 जिलों में बारिश का अलर्ट:

अगले 2 दिनों तक कई शहरों में हो सकती है बारिश

पटना, एजेंसी। बिहार में अगले 2 दिनों तक बारिश की संभावना हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने आज प्रदेश के 7 जिलों में बारिश और आकाशीय बिजली का अलर्ट जारी किया है।

इस दौरान 8 से 10 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी। वहीं, अधिकतम तापमान 36 से 38 और न्यूनतम तापमान 26 से 28 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। मंगलवार की शाम नवादा में बारिश के दौरान रजौली थाना क्षेत्र के एकअंबा गांव में आकाशीय बिजली गिरी। इसकी चपेट में आने से 3 लोगों की मौत हो गई। वहीं, एक शख्स झुलस गया, जिनका इलाज चल रहा है।

बिहार में 70 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार: 303 औद्योगिक इकाइयां जल्द शुरू होंगी

पटना, एजेंसी। बिहार में 303 औद्योगिक इकाइयां (इंडस्ट्रीयल यूनिट) शुरू होने जा रही हैं। जिससे लगभग 70 हजार लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। निवेशक बिहार में 3,871 करोड़ रुपए का निवेश कर रहे हैं। इनमें से अधिकांश इकाई खाद्य एवं प्रसंस्करण की हैं। बिहार राज्य निवेश प्रोत्साहन पर्षद ने इन इकाइयों की स्थापना के लिए वित्तीय क्लियरेंस दे दिया है। इनके साथ ही 383 अन्य औद्योगिक इकाइयों को भी प्रथम क्लियरेंस मिला है। ये 5,721 करोड़ रुपए की लागत से तैयार होंगी।

हालांकि, इनके वित्तीय क्लियरेंस में 6 महीने का समय लग सकता है। बिहार में निर्मित सामग्री देश के कई राज्यों में जाएंगी। साथ ही नेपाल, भूटान, बांग्लादेश और म्यांमार को भी निर्यात किया जाएगा। इसके लिए 12 औद्योगिक सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। राज्य के कई जिलों में मार्केट्स भी बनाए जा रहे हैं। इससे न केवल निर्यात चेन मजबूत होगी, बल्कि स्थानीय उत्पादों की पहचान भी बढ़ेगी।

रोजगार के लिए हर जिले में औद्योगिक क्षेत्र बनाया जाएगा : मंत्री

उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि बिहार में रोजगार के लिए हर जिले में औद्योगिक क्षेत्र बनाया जाएगा। पेप्सी, कोका कोला, जेके लक्ष्मी सीमेंट सहित कई कंपनियां बिहार में निवेश कर रही हैं। देश के सभी बड़े ब्रांड के निवेशकों को निवेश के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।

मोतिहारी, वैशाली, फारबिसगंज व मुंगेर सहित लगभग एक दर्जन जिलों में 110 छोटी-बड़ी औद्योगिक इकाई चालू हो गई हैं। 19 हजार लोगों को रोजगार मिला है। बेगूसराय में पेप्सी बॉटलिंग प्लांट और नवानगर औद्योगिक क्षेत्र में वरुण बेवरेजेज लिमिटेड का भी काम शुरू हो गया है। फारबिसगंज में मुर्गी के दाने व पशु आहार बनाने वाली कंपनियां स्थापित हो चुकी हैं। जेके लक्ष्मी सीमेंट, चंद्रिका पॉवर लिमिटेड, पिनेक्स स्टील समेत कई अन्य कंपनियां भी चालू हो चुकी हैं।

कपड़ा उद्योग में होगा निवेश

देश की ब्रांडेड कंपनियां बिहार में निवेश के लिए तैयार हैं। मुंबई में 13 सितंबर को निवेशक मीट हुई। इसमें 22 निवेशकों ने बिहार के कपड़ा उद्योग में निवेश करने का फैसला लिया।

संक्षिप्त समाचार

मानवतावाद ही दिनकर की रचनाओं का केंद्र: प्रो. ब्रजेश

गया, एजेंसी।

रामधारी सिंह दिनकर न्याय और मानवतावाद के कवि हैं। युग की प्रतिध्वनि उनकी रचनाओं में झलकती है, इसीलिए उन्हें युग-चारण कहा गया। उक्त बातें मंगलवार को मगध यूनिर्वसिटी के हिन्दी विभाग में दिनकर जयंती-सप्ताह के उपलक्ष्य में आयोजित संगोष्ठी में विभागाध्यक्ष प्रो. ब्रजेश कुमार राय ने कहीं। %राष्ट्रजागरण के उद्गाता : रामधारी सिंह दिनकर विषय पर आयोजित यह संगोष्ठी में वक्ताओं ने दिनकर के जीवनी पर अपने-अपने विचार रखे। डॉ. आनंद कुमार सिंह ने दिनकर की रचनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत की सामासिक संस्कृति को दिनकर बखूबी समझते थे। वे धर्म, वीरता, काम और अध्यात्म का संतुलित समन्वय अपनी रचनाओं में की है। डॉ. राकेश कुमार रंजन ने कहा दिनकर की रेणुका, हुंकार, परशुराम की प्रतीक्षा, कुरुक्षेत्र और रश्मिरथी जैसी अनेक रचनाएं विश्व के क्लासिक ग्रंथों में शुमार है।

डॉ. परम प्रकाश राय ने कहा कि जब हिन्दी का पक्ष लेने की बात आई तो दिनकर ने अपने पसंदीदा नेता पंडित नेहरू को भी नहीं बख्शा। डॉ. अनुज कुमार तरुण ने कहा दिनकर ने वर्ग, वर्ण और धर्म की अनेक कृत्रिम सीमाओं से ऊपर होकर रचना की। डॉ. अम्बे कुमारी सहीत अन्य वक्ताओं ने दिनकर के जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर रवीन्द्र, अलोक, प्रेमजीत आदि विद्यार्थियों ने दिनकर की कविताओं का पाठ किया। डॉ कुणाल किशोर, सुरभि, मृणालिनी, पूनम, महिमा, बंटी, श्रीकांत समेत कई विद्यार्थी उपस्थित रहे।

सेना में भर्ती के लिए सड़क पर दौड़ रहे युवकों को पुलिस की गाड़ी ने कुचला

जहानाबाद, एजेंसी। बिहार में रोहतास जिले के बाद अब जहानाबाद में सेना में भर्ती के लिए सड़क पर दौड़ लगा रहे नौजवानों को कुचलने का मामला सामने आया है। इस बार पुलिस की गाड़ी ने तीन युवकों को जबरदस्त टक्कर मारी है। यह तीनों भी सेना में भर्ती के लिए सड़क पर दौड़ लगा रहे थे। इस हादसे में दो युवकों की हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक, हुलासगंज थाने की पुलिस गाड़ी ने बुधवार की अहले सुबह पांच बजे गया-पटना मेन रोड पर तीन युवकों को ठोकर मारी दी जिससे तीनों घायल हो गये।

तीनों घायलों को हुलासगंज सीएचसी में तुरंत पुलिस कर्मियों द्वारा भर्ती कराया गया है। घायलों में दो युवक विपीन कुमार पिता मनोज दास तथा जगजीवन कुमार पिता शत्रुघ्न दास के गंभीर हालत को देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है तथा एक अन्य युवक का इलाज स्थानीय सीएचसी में किया गया है जिसकी हालात सामान्य बताई गई है।

घटना के संबंध में बताया गया कि तीनों सेना में भर्ती को लेकर सड़क पर रोज की भांति दौड़ लगा रहे थे। पीछे से आ रहे पुलिस गाड़ी असंतुलित होकर ठोकर मारी दी।ठोकर लगने से घायल तीनों युवकों को पुलिस कर्मियों द्वारा उसी वाहन से हुलासगंज सीएचसी में भर्ती कराया गया है। तीनों युवक हुलासगंज के ही रहने वाले बताये गये हैं। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोग पंहुचा गये तथा चीख पुकार मच गई है। फिलहाल स्थिति सामान्य बताई गई है।

आपको बता दें कि इससे पहले मंगलवार को रोहतास जिले के संझौली के सोनी गांव में ऐसा ही हादसा हुआ था। यहां तीन नौजवान जब सुबह के वक्त सेना में भर्ती के लिए सड़क पर दौड़ लगा रहे थे तब एक वाहन ने उन्हें कुचल दिया था। इस हादसे में दो युवकों की मौत हो गई थी और एक युवक जख्मी हो गया था। इस घटना से नाराज लोगों ने आरा-सासाराम रोड को जाम भी कर दिया था।

मिठनपुरा में शिक्षिका से बाइकर गैंग ने चेन झपटी

मुजफ्फरपुर, एजेंसी। मिठनपुरा थाना क्षेत्र में पी एडं टी चौक के समीप बाइकर गैंग के अपराधियों ने शिक्षिका सरिता सोनी से चेन झपट ली। वह मिठनपुरा के वार्ड 36 स्थित अपने घर से निकलकर पैदल ही बाजार जा रही थी। इस बीच बाइक सवार हेलमेट पहने दो युवक पीछे से आए और चेन झपटकर फरार हो गये। शिक्षिका ने मिठनपुरा थाने में लिखित आवेदन देकर अज्ञात बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ एफआईआर कराई है। बताया कि वह मूलरूप से अहियापुर थाना क्षेत्र के मिठनसराय की रहने वाली है।

बक्सर में ड्रैगन फ्रूट की खेती, लाखों का मुनाफा: 25 दिनों में 5 क्विंटल फल

बक्सर, एजेंसी। बक्सर जिले के तिवारीपुर के एक किसान ने विदेशों में होने वाली ड्रैगन फ्रूट को बिहार के धरती पर उगाया है। इसकी खेती से वो महीना में लाखों की कमाई कर रहे हैं। किसान ने खेती की शुरूआत तीन साल पहले किया था जो पिछले दो सालों से फल दे रहा है।

ड्रैगन फ्रूट की खेती करने वाले बक्सर जिले के तिवारीपुर के पहले किसान दरोगा तिवारी हैं। उन्होंने बताया कि बहुत ही कम जमीन पर इसकी खेती कर फल को आसानी से लोकल मार्केट में भी बेचकर गाढ़ी कमाई किया जा सकता है। फिलहाल इस फल से साल में ढाई से तीन लाख रुपए का मुनाफा कमा रहे हैं।

25 दिनों में चार से पांच क्विंटल निकलता है फल: फल को बारे में जानकारी देते हुए बताया कि ये एक सीजन में 3 से 4 बार फल देता है। साल 2021-22 में हमने 16 कट्ठा जमीन में ड्रैगन फ्रूट्स खेती की। शुरुआत के डेढ़ साल के बाद जब पौधा हुआ तो फल देने लगा। फिलहाल 210 पोल पर प्लांट लगाए गए हैं। प्रत्येक फल का वजन लगभग 300 से 800 ग्राम तक होता है। एक पौधे पर 50 से 120 फल लगते हैं। हर 25 दिन पर चार से पांच क्विंटल फ्रुट निकलता है। इस फल को बाहर नहीं बल्कि अपने जिला के मंडियों एवं बाजारों में ही खपाना है। सबसे अच्छी बात ये है कि एक बार प्लॉटिंग के बाद इसमें फिर ज्यादा खर्च नहीं करना पड़ता है। हर साल बस मेंटेनेंस की जरूरत होती है। एक प्लांट की लाइफ 25 साल तक होती है।

कम जमीन में ज्यादा मुनाफा: दरोगा तिवारी ने बताया की पहले बाप दादाओं के पास ज्यादा जमीन थी। उत्पादन कम भी हुआ तो काम चल जाता था। आज जमीन का बंटवारा होते-होते सबके पास काफी कम जमीन बच गया है। सारे किसानों के पास यह समस्या है एक हमारे यहां नहीं है। सभी किसानों के पास अब धीरे-धीरे खेती लायक जमीन को लेकर समस्या होते जा रही है। इस परिवेश में कम खेती में अधिक अधिक मुनाफा कैसे हो उसपर काम चल रहा है। जिसके लिए ड्रैगन फ्रूट्स की खेती अभी बेहतर माना जा रहा है। 16 कट्ठा जमीन में लगाए इस फल से 3 लाख रूपए साल में कमा सकते हैं। वहीं, धान-गेंहू, बाजरा लगाकर 16 से 20 हजार रुपए साल में कमा सकते हैं।

एक प्लांट की लाइफ 25 साल: किसान ने कहा कि इसकी औसत उपज 5 से 6 टन प्रति एकड़ होती है। सबसे अच्छी बात ये है कि एक बार प्लांटिंग के बाद इसमें फिर ज्यादा खर्च नहीं करना पड़ता है। हर साल बस मेंटेनेंस की जरूरत होती है। एक प्लांट की लाइफ 25 साल तक होती है। फल के पौधों को दूसरे पौधों की तुलना में कम पानी की आवश्यकता होती है। इस प्रकार रोपण, फूल आने और फल विकास के समय या गर्म व शुष्क मौसम में बार-बार सिंचाई की आवश्यकता होती है। इसके लिए सिंचाई की बूंद-बूंद पद्धति का उपयोग करना चाहिए।

जंगली जानवरों से नुकसान का नहीं डर: ड्रैगन फ्रूट के प्लांट लतर वाले होते हैं। इसलिए सहारे के लिए खेत में सीमेंट के खंभे या बांस बल्ला की जरूरत होती है। एक खंभे के साथ 3-4 प्लांट लगाए जा सकते हैं। जैसे-जैसे प्लांट बढ़ता है उसे रस्सी से बांधे जाते हैं। एक-सवा साल बाद प्लांट तैयार हो जाता है। ड्रैगन फ्रूट पहले साल में फल देना शुरू कर देता है।

मई और जून में फूल लगते हैं। जुलाई से दिसंबर तक फल लगते हैं।उसके एक महीने बाद फल तुड़ाई के लिए तैयार हो जाते हैं। इस अवधि के दौरान इसकी 3 से 4 बार तुड़ाई की जा सकती है। ड्रैगन फ्रूट के कच्चे फल हरे रंग के होते हैं, जो पकने पर लाल रंग में परिवर्तित हो जाते हैं। फलों की तुड़ाई का सही समय रंग परिवर्तित होने के तीन-चार दिनों बाद का होता है।सबसे बड़ी बात है की इसको जंगली जानवर नुकसान नहीं पहुंचाते हैं।

डायल-112 की पुलिस गाड़ी पर हमला, शीशा टूटा, हिरासत में 2 लोग

नवादा में ई-रिक्शा चालक-पैसेंजर के बीच हुआ था विवाद

नवादा, एजेंसी। नवादा में दो लोगों क विवाद को सुलझाने गई डायल-112 के आपातकालीन सेवा गाड़ी पर हमला किया गया है। गाड़ी का शीशा टूट गया है। पूरा मामला रो प्रखंड के विजयनगर पास का है। जहां ई-रिक्शा चालक व पैसेंजर में किराया को लेकर विवाद हुआ था। इसी दौरान पुलिस को घटना की सूचना मिली थी।

सूचना पर पुलिस मौका पर पहुंची थी, तभी गांव के कुछ बदमाश लोगों ने पुलिस की गाड़ी पर पत्थरबाजी कर दी।पुलिस की गाड़ी का शीशा टूट गया है। जहां आपातकालीन सेवा 112 की टीम के पीटीसी अविनाश भारती के लिखित आवेदन की शिकायत पर प्राथमिक दर्ज कर ली गई है। ई-रिक्शा चालक पशु राजवंशी और यात्री अरविंद कुमार को हिरासत में लिया गया है।

आगे की कार्रवाई में जुटी पुलिस

पुलिस आगे मामला की जांच कर रही है। बदमाशों पर कार्रवाई भी की जा रही है। पुलिस की गाड़ी पर बदमाशों ने हमला किया है। उन पर कार्रवाई करने की बात भी कही गई है। इस पूरे मामले पर थाना प्रभारी बसंत कुमार से फिलहाल बयान नहीं दिया है। थाना प्रभारी ने हमला करने वाले बदमाशों के खिलाफ छापेमारी की है।

फसल, सड़क सब लील गई गंगा, 12 साल में 5वीं बार उफनाई

भागलपुर, एजेंसी। बिहार के भागलपुर जिले में गंगा की बाढ़ से होने वाली तबाही लोगों की नियति बनते जा रही है। पिछले 12 साल में पांचवीं बार गंगा ने विकराल रूप लिया है। बाढ़ से लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। आवागमन भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। जिले की बड़ी आबादी गंगा किनारे बसी हुई है। इसके चलते गंगा में बाढ़ आने से जिले की बड़ी आबादी प्रभावित होती है। 2024 के पहले 2013, 2016 और 2021 में गंगा में आई बाढ़ ने तबाही मचाई थी।

हर साल गंगा की बाढ़ से जिले में जानमाल और फसलों को नुकसान हो रहा है। इसमें नाथनगर, सबौर, इस्माईलपुर, नारायणपुर, रंगरा चौक, गोपालपुर, कहलगांव, पीरपैंती, सुल्तानगंज और शाहकुण्ड प्रखंड के क्षेत्र शामिल हैं। बाढ़ के दौरान जिले में धान, मक्का, केला के अलावा सब्जियों की फसलों को नुकसान हो रहा है। फसल के अलावा सबसे अधिक नुकसान सड़कों को हुआ है। 2024 में भी जिले में फसलों के नुकसान का आकलन किया जा रहा है। पर्यावरणविद् अरविंद मिश्रा ने बताया कि गंगा में दूसरे क्षेत्रों से अधिक पानी आने के चलते बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हुई है।

गंगा में गाद अधिक होने के चलते पानी का फैलाव और नुकसान भी अधिक क्षेत्रों में हो रहा है। गंगा में अगर फरक्का तक गाद निकाल दिया जाए तो बाढ़ की स्थिति इतनी विकराल नहीं होगी। सहायक नदियों के अतिक्रमण के चलते भी बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो रही है। अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) कुंदन कुमार ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा फसल नुकसान का आकलन किया जा रहा है। प्रभावित अंचलों के सीओ प्रतिदिन बाढ़ से प्रभावित लोगों की रिपोर्ट भेज रहे हैं। भागलपुर के डीएम डॉ. नवल किशोर चौधरी ने कहा कि गंगा में पहले से पानी था। सोन नदी से अधिक पानी डिस्चार्ज होने के चलते बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। गंगा का पानी तेजी से नहीं निकलने के कारण फैल रहा है।

मां की डांट से नाराज होकर बेटी ने की आत्महत्या

- किशोरी का बनाया खाना नहीं आया पसंद, फटकार के बाद आम के पेड़ से लटक कर दी जान

पूर्णिया, एजेंसी। पूर्णिया में मां की डांट से नाराज होकर बेटी ने आत्महत्या कर ली। मृतका फूलचंद ऋषि की बेटी सीमा कुमारी (14) है। सीमा को उसकी मां मीरा देवी ने खाना बनाने के लिए कहा था। खाने के टेस्ट में गड़बड़ी होने पर मां ने किशोरी फटकार लगा दी। डांट को किशोरी ने दिल पर ले लिया। नाराज होकर किशोरी ने आम के पेड़ से लटककर अपनी जान दे दी। घटना मीरगंज थाना क्षेत्र के बघवा गांव की है। हालांकि पुलिस सुसाइड की वजह तलाशने में जुटी है। स्नस्रुकी टीम ने मौके से कई अहम साक्ष्य इकट्ठे किए हैं। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जीएमसीएच पूर्णिया भेज दिया है।

मृतका के मामा घनश्याम ने कहा कि आए दिन उसकी मां उसे खाने में नमक, तेल ज्यादा-कम होने के लिए सुनाती थी। आज भी कुछ ऐसा ही हुआ। खाने में कोई टेस्ट नहीं रहने की वजह से मां ने उसे डांटा और फिर वो घर के बाहर चली गई। मां के घर से बाहर जाने के बाद किशोरी ने खुदकुशी कर ली।

जब मां घर आई तो बेटी को आम के पेड़ से लटका देखकर चिल्लाने लगी। आसपास के लोग दौड़ कर आए और किशोरी को उतारा गया। मगर तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना मीरगंज थाने को दी।

कई अहम साक्ष्य जुटाए

सूचना पाकर मीरगंज थानाअध्यक्ष राजेश कुमार रंजन घटनास्थल पर पहुंचे। कई अहम साक्ष्य जुटाए। किशोरी की मां को इस बात का अफसोस है कि अगर उसे ये पता रहता है उसकी बेटी इतना बड़ा कदम उठाएगी, तो वो उसे कभी नहीं डांटती।

मोबाइल नंबर अपडेट नहीं किया तो नहीं बनेगा पॉल्यूशन सर्टिफिकेट

मुजफ्फरपुर, एजेंसी। अबतक जिसने वाहन रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट में मोबाइल नंबर अपडेट नहीं कराया है, वे शीघ्र मोबाइल नंबर अपडेट करा लें। मोबाइल नंबर अपडेट नहीं रहने पर वाहन का पॉल्यूशन सर्टिफिकेट नहीं बनवा सकेंगे। इस संबंध में बिहार के परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देशित किया है। जिला परिवहन पदाधिकारी कुमार सत्येंद्र यादव ने बताया कि परिवहन सचिव के निर्देश के आलोक में विशेष अभियान चलाकर मोबाइल नंबर अपडेट कराया जा रहा है।

इसके लिए ऑनलाइन एवं जिला परिवहन कार्यालय में भी अपडेट कराने की सुविधा प्रदान की गई है। मोबाइल नंबर अपडेट करने या संशय की स्थिति में परिवहन विभाग के हेल्पडेस्क नंबर 06122547212 पर कॉल कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

घर बैठे भी अपडेट कर सकते हैं मोबाइल नंबर

वाहन रजिस्ट्रेशन या ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के समय का लिंक्ड मोबाइल नंबर अगर उपयोग में नहीं है या नया नंबर अपडेट करना चाहते हैं तो घर बैठे ही आसानी से मोबाइल नंबर अपडेट कर सकते हैं।

गोपालगंज में हेल्पलाइन नंबर पर किया था कॉल

एटीएम मशीन में फंसा कार्ड, 37 हजार रुपए की ठगी, कार्ड लेकर भी भागे बदमाश

गोपालगंज, एजेंसी। गोपालगंज में बैंक से रुपए निकालने गए एक व्यक्ति से 37 हजार रुपए का फ्रॉड हो गया है। एटीएम मशीन में कार्ड फंसने पर पीड़ित ने मशीन के ऊपर लिखे हेल्पलाइन नंबर पर कॉल किया था। इसके बाद ठगी का शिकार हो गए। शातिर मशीन से कार्ड भी लेकर फरार हो गए। मामला नगर थाना क्षेत्र के जादोपुर रोड स्थित एचडीएफसी बैंक का है।

साइबर बदमाशों के शिकार व्यक्ति ने साइबर थाना में लिखित आवेदन देकर शिकायत दर्ज करवाई है। साइबर थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पीड़ित व्यक्ति की पहचान नगर थाना क्षेत्र के मालवीय नगर वार्ड नंबर-4 निवासी रंजित सिंह के रूप में की गई।

बताया जाता है की पीड़ित व्यक्ति जादोपुर रोड स्थित एचडीएफसी बैंक के एटीएम से पैसा निकालने गया था। लेकिन, कुछ लोगों को देखकर वह वापस लौटने लगा, तभी एटीएम केबिन से एक व्यक्ति निकला और उसे अपने झांसा में ले लिया। शातिर ने पैसा

निकालने को कहा। जिसके बाद वह दुबारा पैसा निकालने के लिए एटीएम केबिन में घुसा। कार्ड एटीएम मशीन में लगाते ही फंस गया।

हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करने के बाद ठगी

कार्ड फंसने से पीड़ित काफी परेशान हो गया। इस दौरान एटीएम मशीन के ऊपर ही एक हेल्पलाइन लिखा हुआ देखकर कॉल किया। पीड़ित रंजित सिंह ने बताया कि एटीएम के ऊपर एक हेल्पलाइन नंबर 85360 24029 लिखा हुआ था। कॉल करने पर जवाब मिला कि मैं एचडीएफसी बैंक का स्टाफ बोल रहा हूं। आपका एटीएम कार्ड निकाल कर ब्रांच में दे देंगे। आप निश्चिंत रहिए। कुछ ही देर में उनके मोबाइल पर तीन बार में 37,750 रुपए की निकासी का मैसेज आया। एटीएम कार्ड बाहर निकालने पर दुबारा जाने पर एटीएम कार्ड मशीन से गायब था। पीड़ित ने बताया कि मुझे विश्वास है की उन्हीं लोगों ने एटीएम मशीन में कुछ डाल दिया था। जिससे मेरा एटीएम फंस गया। उसने ही हेल्पलाइन नंबर लिख दिया था।

पटना में सड़क हादसे में बच्चे की मौत

पटना, एजेंसी। पटना में सड़क हादसे में तीन साल के बच्चे मो. इबरान की मौत हो गई। घटना पटना के बाढ़ थाना के समीप मसूदबीघा मोहल्ले की है। बताया जा रहा है कि इबरान अपने ननिहाल आया हुआ था।

वह सड़क किनारे खेल रहा था तभी अनियंत्रित ई-रिक्शा ने बच्चे को कुचल दिया, घटनास्थल पर ही बच्चे की मौत हो गई। मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने ई-रिक्शा को क्षतिग्रस्त कर दिया। आक्रोशित परिजनों ने सड़क को घंटों जाम कर मसूदबीघा मोहल्ले में सड़क पर स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग की। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझा-बूझाकर जाम को हटाया। वहीं चालक को हिरासत में लेकर ई-रिक्शा को जब्त कर लिया गया है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

संक्षिप्त समाचार

मलेशिया में फंसे झारखंड के 70 मजदूर, वतन वापसी की लगायी गुहार

गिरिडीह, एजेंसी। झारखंड के प्रवासी मजदूरों का विदेश में फंसने का सिलसिला खत्म नहीं हो रहा है. एक बार फिर मलेशिया में झारखंड के 70 मजदूर के फंसे होने का मामला सामने आया है. मलेशिया में फंसे मजदूर झारखंड के गिरिडीह, हजारीबाग, बोकारो और धनबाद जिले के रहने वाले हैं. मजदूरों ने सोशल मीडिया

के माध्यम से वीडियो शेयर कर हेमंत सोरेन सरकार से वतन वापसी की गुहार लगायी है. मजदूरों ने वीडियो में बताया है कि पिछले चार माह से कंपनी ने उनको वेतन नहीं दिया है. जिसकी वजह से उनके समक्ष आर्थिक संकट के साथ-साथ खाने-पीने की समस्या उत्पन्न हो गयी है. मजदूरों ने बताया कि कंपनी ने उनका पासपोर्ट भी जब्त कर लिया है. मजदूरों ने केंद्र और राज्य सरकार से बकाया वेतन के भुगतान कराने और वतन वापसी की गुहार लगाई है. सिकंदर अली ने केंद्र और राज्य सरकार से मजदूरों की मदद करने की अपील की प्रवासी मजदूरों के हित में काम करने वाले सिकंदर अली ने भारत सरकार और राज्य सरकार से मलेशिया में फंसे झारखंड के 70 मजदूरों की मदद करने की अपील की है. उन्होंने कहा कि झारखंड में रोजगार की कमी के कारण आये दिन ऐसे मामले सामने आते रहते हैं. प्रदेश के विभिन्न जिलों के मजदूर रोजी-रोटी कमाने विदेश जाते हैं, जहां वह प्रताड़ना का शिकार होते हैं. मजदूरों के पलायन को रोकने के लिए राज्य सरकार को रोजगार की व्यवस्था करने की जरुरत है.

कोलकर्मी की मौत के डेढ़ साल बाद भी पत्नी को नहीं मिली बेनेवोलेंट फंड की राशि

धनबाद, एजेंसी। बीसीसीएल प्रबंधन की उदासीनता के कारण पूर्वी झरिया एरिया की सुदामडीह एएसपी कोलियरी में कार्यरत दिवंगत कर्मी दिनेश भुइयां के परिजनों को मृत्यु के डेढ़ साल बाद भी बेनेवोलेंट फंड की राशि नहीं मिल पायी है, जबकि यह राशि श्राद्ध कर्म के लिए तत्काल दी जाती है. दिनेश के परिजन राशि के लिए कोलियरी व क्षेत्रीय कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं.

एएसपी कोलियरी में कार्यरत दिनेश भुइयां की बीमारी के कारण आठ मई 2023 को मृत्यु हो गयी थी. उसकी पत्नी लक्ष्मी देवी ने बेनेवोलेंट फंड की राशि का भुगतान के लिए आवेदन किया था, लेकिन अब तक राशि का भुगतान नहीं किया गया है. प्रबंधन का कहना है कि दिनेश भुइयां के सेवा अभिलेख में उसकी पत्नी लक्ष्मी देवी का नाम नहीं है. जबकि लक्ष्मी देवी ने मृतक की पत्नी होने का दावा करते हुए दस्तावेज के रूप में प्रखंड कार्यालय से निर्गत पारिवारिक सूची, आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर कार्ड व कंपनी में कार्यरत दो कर्मियों को गवाह के रूप में प्रस्तुत करते हुए कार्यालय में आवेदन जमा किया है. प्रबंधन द्वारा दिये गये दस्तावेज व अतिरिक्त बिंदुओं की जांच के लिए छह माह पूर्व एक टीम बनायी गयी थी. लेकिन टीम जांच तक करने नहीं पहुंची. इस दौरान टीम में शामिल एक सदस्य का स्थानांतरण भी हो गया. इससे जांच अधर में लटक गयी.

इस संबंध में स्थानीय मजदूर नेता व समाजसेवी मौसम महांति ने इजे एरिया के महाप्रबंधक को पत्र लिख कर अविलंब दिनेश भुइयां की पत्नी को बेनेवोलेंट फंड की राशि भुगतान करने की मांग की है. उन्होंने कहा कि यह कोई एकलौता मामला नहीं है. एएसपी कोलियरी के ही कर्मी समीर सेन की आठ माह पहले मृत्यु हुई थी. लेकिन आज उनके परिवार को राशि का भुगतान नहीं किया गया है.

इस संबंध में सुदामडीह एएसपी कोलियरी के पीओ अनिल कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है. मृत कर्मी दिनेश भुइयां की संचिका मंगायी गयी है. किस कारण से अब तक बेनेवोलेंट फंड की राशि का भुगतान नहीं किया गया है, उसकी जांच की जायेगी. मामले की जांच कर जल्द आश्रित को राशि भुगतान का भुगतान किया जायेगा.

झारखंड के चीफ जस्टिस बने एमएस रामचंद्र राव

राज्यपाल संतोष गंगवार ने दिलाई शपथ

रांची, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश के चीफ जस्टिस रहे एमएस रामचंद्र राव अब झारखंड के चीफ जस्टिस होंगे। केंद्र सरकार ने शनिवार को झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के रूप में उनकी अधिसूचना जारी की है। आज राजभवन में राज्यपाल संतोष गंगवार उन्हें पद और गोपनियता की शपथ दिलाई। वे राज्य के 16वें चीफ जस्टिस होंगे। झारखंड में 19 दिसंबर 2023 से चीफ जस्टिस का पद रिक्त था। फिलहाल जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद एक्टिंग चीफ जस्टिस के रूप में काम कर रहे थे। शपथ ग्रहण के बाद अब एमएस रामचंद्र राव जिम्मेदारी संभालेंगे।

न्याय क्षेत्र से जुड़ा है परिवार- झारखंड के नए चीफ जस्टिस का नाम ममिदान्ना सत्या रत्ना रामचंद्र राव है। इनका पूरा परिवार न्याय क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। इनके पिता न्यायमूर्ति एम जगन्नाथ राव सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश थे। वहीं इनके दादा आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश रहे हैं। न्यायमूर्ति एमएस रामचंद्र राव को साल 2012 में 29 जून को आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में प्रोमोट किया गया था। इसके बाद वर्ष 2021 में 31 अगस्त को वे तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त हुए। झारखंड आने से पहले वह हिमाचल प्रदेश के चीफ जस्टिस की भूमिका निभा रहे थे।

लॉ में गोल्ड मेडलिस्ट रहे हैं जस्टिस एमएस रामचंद्र राव- जस्टिस एमएस रामचंद्र राव लॉ की पढ़ाई में गोल्ड मेडिलिस्ट रहे हैं। उन्होंने साल 1989

में यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ लॉ, उस्मानिया यूनिवर्सिटी, हैदराबाद से एलएलबी पास किया है। इस परीक्षा में सबसे अधिक अंक हासिल करने के लिए सीवीएसएस आचार्युलु गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया था।

लॉ करने से पहले उन्होंने उस्मानिया यूनिवर्सिटी से गणित में बीएससी (ऑनर्स) किया। इसमें उन्होने टॉप किया है। बतौर एडवोकेट साल 1989 में नामांकन हुआ। उन्होंने साल 1991 में कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी से एलएलएम की डिग्री प्राप्त की। न्यायमूर्ति राव के पास सिविल लॉ, मध्यस्थता, कंपनी लॉ, प्रशासनिक और संवैधानिक कानून, श्रम और सेवा कानून के क्षेत्र में वकालत का अनुभव है।

इससे पहले हिमाचल प्रदेश हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस थे राव

बता दें कि जस्टिस एम एस राम चंद्र राव इससे पहले हिमाचल प्रदेश हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस थे. सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 11 जुलाई को उनके ट्रांसफर की सिफारिश की थी. जस्टिस राव का जन्म सात अगस्त 1966 को हैदराबाद में हुआ था. उन्होंने उस्मानिया विश्वविद्यालय से बीएससी गणित (ऑनर्स) की पढ़ाई की. इसके बाद वर्ष 1989 में यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ लॉ, उस्मानिया विश्वविद्यालय हैदराबाद से एलएलबी पास किया. जस्टिस राव को एलएलबी के अंतिम वर्ष में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के लिए स्वर्ण पदक से सम्मानित हुए. वर्ष 1991 में कैंब्रिज विश्वविद्यालय यूके से एलएलएम की डिग्री प्राप्त की.जस्टिस राव को 29 जून 2012 को आंध्र प्रदेश हाइकोर्ट के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था. इसके बाद स्थायी न्यायाधीश बने. इन्होने तेलंगाना हाइकोर्ट, पंजाब व हरियाणा हाइकोर्ट में भी अपनी सेवा दी है. पदोन्नति मिलने के बाद 30 मई 2023 को जस्टिस राव को हिमाचल प्रदेश हाइकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया. जस्टिस राव के पिता जस्टिस एम जगन्नाथ राव भारत सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश और भारत के विधि आयोग के पूर्व अध्यक्ष थे. जस्टिस राव के दादा एमएस रामचंद्र राव भी आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश थे.

टाटा से लखनऊ आने-जाने वाले यात्रियों के लिए खुशखबरी, चलेगी त्योहारी स्पेशल ट्रेन

जमशेदपुर, एजेंसी। टाटानगर से लखनऊ के बीच त्योहारी स्पेशल ट्रेन का दो फेरा चलेगा। दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा जारी आदेश के तहत 04223 टाटानगर-लखनऊ स्पेशल 17 व 21 अक्टूबर को सुबह 11 बजे रवाना होगी, जो दूसरे दिन सुबह चार बजकर 55 मिनट पर लखनऊ पहुंचेगी। 04224 लखनऊ-टाटा डाउन ट्रेन 16 व 20 अक्टूबर को चलेगी। यह ट्रेन दोपहर तीन बजकर 10 मिनट पर लखनऊ से रवाना होकर दूसरे दिन सुबह आठ बजकर 50 मिनट पर टाटानगर आएगी। यह स्पेशल ट्रेन गोमो, गया, सहरसाराम, प. दीनदयाल उपाध्याय, वाराणसी, अमेठी व राय बरेली जैसे स्टेशनों पर रूकेगी। मालदा टाउन मंडल के जमालपुर-भागलपुर रेलखंड के अंतर्गत गंगा नदी में जल स्तर बढ़ जाने के कारण, ट्रेन संख्या 08604 भागलपुर-रांची परीक्षा स्पेशल सोमवार को अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग भागलपुर, गुमानी, रामपुरहाट, सांईथिया, आसनसोल होकर चली। इसकी सूचना यात्रियों को एसएमएस को दी गई। दक्षिण पूर्व रेलवे ने खड़गपुर रेल मंडल के गिधनी रेलवे स्टेशन में 12 से 18 अक्टूबर तक इस्पात एक्सप्रेस सहित आठ ट्रेनों का एक मिनट का अस्थायी ठहराव प्रदान किया है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार गिधनी स्टेशन में श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चंद्र की 137वीं जयंती के उपलक्ष्य में भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। रेलवे ने समारोह में शामिल होने वाले श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी के अनुयायी सुविधा के लिए गिधनी स्टेशन में ट्रेनों का ठहराव प्रदान किया है। ट्रेन नंबर 12813 व 12814 हावड़ा-टाटानगर-हावड़ा स्टील एक्सप्रेस।ट्रेन नंबर 12871/12872 हावड़ा-टिटलागढ़-हावड़ा इस्पात एक्सप्रेस।ट्रेन नंबर 22861/22862 हावड़ा-कंटाबांजी-हावड़ा इस्पात एक्सप्रेस।ट्रेन नंबर 22891/22892 हावड़ा-रांची-हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस।

सदर सीट से कांग्रेस के पांच प्रमुख दावेदारों के नाम तय

हजारीबाग, एजेंसी। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार सोमवार को महानगर कांग्रेस कमेटी की बैठक कांग्रेस कार्यालय में हुई. इसकी अध्यक्षता महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने की. इस दौरान प्रभारी जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, मनोज मेहता, महानगर कांग्रेस उपाध्यक्ष परवेज अहमद, अधिवक्ता इजहार हुसैन, महानगर उपाध्यक्ष गुड्डू सिंह मुख्य रूप से मौजूद थे. बैठक में मुख्य रूप से हजारीबाग सदर सीट से 34 कांग्रेसजनों ने अपनी दावेदारी पेश की है. हजारीबाग नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा सदर विधानसभा क्षेत्र के सभी 34 नामों पर गंभीरतापूर्वक विचार विमर्श के बाद अंत में पांच नाम पर सर्वसमिति बनी. इन पांचों उम्मीदवारों के नाम बंद लिफाफे में पर्यवेक्षक को सौंपे गये. बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को जीतने के लिए कांग्रेस पार्टी के नगर के पदाधिकारी और वार्ड के अध्यक्षों ने रणनीति बनाई.

कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ होते हैं: निसार खान- बैठक को संबोधित करते हुए महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष मनोज नारायण भारत ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के सभी पदाधिकारी और वार्ड के अध्यक्ष व पदाधिकारी गण तन मन से लग जाए और मजबूत संगठन ही कांग्रेस का मूल मंत्र है. इस अवसर पर प्रभारी कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष प्रवक्ता निसार खान में कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ होते हैं. संगठन को वार्ड और बूथ स्तर पर मजबूती प्रदान करना एक-एक कार्यकर्ताओं की जिम्मेवारी है. हम लोगों को दोबारा सभी के प्रयास से नगर क्षेत्र में कांग्रेस का परचम लहराना है.

झारखंड के पांच स्वर्ण ब्लॉक नीलामी के लिए तैयार, जल्द शुरू होगा खनन

रांची, एजेंसी। झारखंड में जल्द ही पांच स्वर्ण ब्लॉक से खनन आरंभ होगा। सभी ब्लॉक नीलामी के लिए तैयार हैं। इसकी प्रक्रिया जल्द पूरी कर ली जाएगी। झारखंड राज्य भू-तात्विक पर्षद की बैठक में मंगलवार को खान निदेशक शशिरंजन ने यह जानकारी दी।

उन्होंने खनन पट्टा क्षेत्रों के सीमांकन के लिए आधुनिकतम तकनीक के उपयोग पर बल दिया गया। यह सुनिश्चित करने को कहा कि नीलामी के समय दो खनिज ब्लॉक के मध्य ओवरलैपिंग का मुद्दा सामने ना आए। इसके पूर्व खान सचिव जितेंद्र सिंह ने अधिक राजस्व वसूली पर फोकस करते हुए काम करने का निर्देश दिया।

खान एवं भूतत्व विभाग के सचिव जितेंद्र कुमार सिंह ने राज्य भू-तात्विक कार्यक्रम पर्षद की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि नीलामी के लिए खनिज ब्लॉक तैयार करते हुए यह भी सुनिश्चित करें कि सरकार को अधिक से अधिक राजस्व प्राप्त हो।

बैठक में क्षेत्रीय सत्र 2023-24 में संपादित भूतात्विक अन्वेषण कार्यों की प्रगति तथा आगामी सत्र 2024-25 में प्रस्तावित खनिज अन्वेषण कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई।

अपने संबोधन में सचिव ने कहा कि राज्य के समग्र विकास एवं राजस्व संग्रहण में तीव्रता के लिए खान एवं भूतत्व विभाग के साथ-साथ अन्य संबंधित विभागों के बीच समन्वय बने रहना चाहिए।

सचिव ने विभागीय पदाधिकारियों को खनिज अन्वेषण के क्षेत्र में उपलब्ध आधुनिकतम तकनीक की जानकारी प्राप्त करते हुए उत्कृष्ट भूतात्विक प्रतिवेदन तैयार करने का सुझाव दिया। इसके लिए उन्होंने प्रशिक्षण सुविधा सरकार द्वारा उपलब्ध कराने की बात कही।

लाखों की संख्या में घुसपैठिए झारखंड आ चुके हैं, आदिवासियों को हो रहा नुकसान: बाबूलाल

हजारीबाग, एजेंसी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को तोरपा और बरही में परिवर्तन यात्रा के दौरान झारखंड की जनता से परिवर्तन की अपील की. इस दौरान उन्होंने पिछले पांच वर्षों में हेमंत सरकार को जो काम करना चाहिए था, वह नहीं किया. इसके बजाय, ये लोग केवल अपने लिए कमाई करने में लगे रहे. उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के सांसद के घर से 350 करोड़ रुपए की रकम बरामद हुई है, और एक मंत्री के सचिव के नौकर के घर से 35 करोड़ रुपए मिले हैं. ये पैसा झारखंड की जनता का लूटा हुआ धन है. पूरे पांच साल इस सरकार ने झारखंड के लोगों को लूटने का काम किया है.

मोदी की सरकार बनी तो झारखंड में भी पहुंची बिजली

एक समय झारखंड के लोग राशन और केरोसिन तेल पाने के लिए संघर्ष करते थे. लोग अंधेरे में जीवन यापन करते थे. लेकिन जब भाजपा और नरेंद्र मोदी की सरकार बनी, तब देश के साथ-साथ झारखंड में भी बिजली पहुंचाई गई. उन्होंने कहा, जब राज्य में भाजपा की सरकार बनेगी, तो रांची और देश की राजधानी की तरह झारखंड के गांव-गांव में बिजली और सभी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी. यहां के लोगों को घर बनाने में कठिनाई होती है. जब झारखंड बना था, तब बालू मुफ्त मिलती थी, लेकिन अब बालू भी लूटी जा रही है. हेमंत सोरेन जल, जंगल, जमीन की बात करते हैं, लेकिन इस सरकार ने सेना

की जमीन को भी नहीं छोड़ा. इस सरकार ने केवल पांच सालों तक लूट की है. आज झारखंड में रोटी, बेटी और माटी पर संकट है. हमें इसे बचाना है, और परिवर्तन लाना है.

घुसपैठियों को बाहर करेंगे

लाखों की संख्या में घुसपैठिए झारखंड में आ चुके हैं. पिछले 5 वर्षों में इनकी संख्या सबसे ज्यादा बढ़ी है, जिससे झारखंड के आदिवासियों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है. लेकिन भाजपा की सरकार बनते ही हम घुसपैठियों को ढूंढ़ कर बाहर करेंगे. हेमंत सरकार पर आरोप लगाया कि उन्होंने गरीबों को साल में 72 हजार रुपये देने का वादा किया था. बहनों के लिए चूल्हा खर्च में 2000 रुपए देने का झूठा वादा किया और सरकार बनाई. लड़कियों की शादी के लिए सोने के सिक्के देने का वादा किया, लेकिन आज न सोना मिला और न ही चांदी का सिक्का.

झारखंड के नौजवानों के पांच साल बर्बाद हुए हैं- झारखंड के नौजवानों का पांच साल बर्बाद हुआ है. इसका जवाब कौन देगा? हेमंत सोरेन ने कसम खाई थी कि 5 लाख युवाओं को नौकरी देंगे, लेकिन अब तक कुछ नहीं हुआ. जॉब के नाम पर पुलिस भर्ती में युवकों को दौड़ाया गया, जिससे उनकी मौत हो गई. युवाओं को जॉब नहीं मिली, बल्कि मौत मिली. भाजपा की सरकार बनने पर जल, जंगल, जमीन और रोटी, बेटी और माटी सब सुरक्षित रहेंगे.

पारा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में दोनों वर्गों में झारखंड चैंपियन

रांची, एजेंसी। पारा थ्रो बाल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में पारा ओलंपिक एसोसिएशन ऑफ झारखंड के द्वारा खेलगांव के हरिवंश टानाभगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित बीसीसीएल कप पारा थ्रो बॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दोनो वर्गों में झारखंड कि टीम चैंपियन बनी. मंगलवार को पुरूष वर्ग के फाइनल मुकाबले में झारखंड ने राजस्थान को 3-1 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया, जबकि हरियाणा को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा. फाइनल में कांटे के टक्कर देखने को मिली, झारखंड ने राजस्थान को 15-13, 15-12, 11-15 एवं 15-10 से मात दिया. बता दें महिला वर्ग में झारखंड ने राजस्थान को 2 -0 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया था. प्रतियोगिता में विशिष्ट अतिथि के तौर पर रमेश सिंह समाजसेवी, निर्मला रावत, निदेशक पारा थ्रो बाल फेडरेशन ऑफ़ इंडिया, फेडरेशन के अध्यक्ष डॉक्टर अल्बर्ट प्रेम कुमार, सुधा लील्हा, निशा मेहता, मंजीत सिंह, कमल कुमार अग्रवाल ने खिलाड़ियों को कप के साथ व्यक्तिगत पदक एवं नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई.प्रतियोगिता के आयोजन में सरिता सिन्हा, आम्रपाली, नेहा, पतरस तिर्की, मुन्ना प्रसाद, तथा दीपशिखा के विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा.

पूर्व वित मंत्री यशवंत सिन्हा 29 को शहर में, भव्य स्वागत की तैयारी

जमशेदपुर, एजेंसी। पूर्व वित्त एवं विदेश मंत्री यसवंत सिन्हा 29 सितंबर को जमशेदपुर आएंगे. वे यहां एक परिचर्चा में शामिल होंगे. साथ ही विचार गोष्ठी को संबोधित करेंगे. इस संबंध में जानकारी देते हुए छात्र नेता समाजसेवी संजीव आचार्य ने बताया कि राष्ट्रपति पद के पूर्व उम्मीदवार एवं अटल विचार मंच के संस्थापक यशवंत सिन्हा काफी दिनों बाद जमशेदपुर आ रहे हैं. इसलिए उनके स्वागत की व्यापक तैयारी की गई है. पारडीह काली मंदिर से तिरंगा यात्रा के रुप में उनका काफिला माइकल जॉन सभागार में पहुंचेगा. जहां वे विचार गोष्ठी में शामिल होंगे. उक्त कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में बहरागोड़ा की पूर्व विधायक कुणाल सारंगी, पुलिस एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री एवं वरिष्ठ समाजसेवी चंद्रगुप्त सिंह, पूर्व डीएसपी कमल किशोर, वरिष्ठ नागरिक संघ के केंद्रीय अध्यक्ष शिवपूजन सिंह के अलावे अर्का जैन यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉक्टर एसएस. रज्जी, ब्रह्मर्षि विकास मंच विकास सिंह , जेपी आंदोलनकारियों में सुरेश दत्त पांडे, अवधेश पाठक सहित शहर के कई आंदोलनकारी बुद्धिजीवियों व्यक्ति इस सभा को संबोधित करेंगे.

जमशेदपुर के इस विधानसभा के लोगों की हुई चांदी, विधायक ने ताबड़तोड़ 17 योजनाओं का किया शिलान्यास

जमशेदपुर, एजेंसी। 15वां वित आयोग पंचायत समिति मद से बनने वाले 17 योजनाओं का शिलान्यास मंगलवार को जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी ने प्रखंड स्थित पंचायत भवन में नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि क्षेत्र का विकास तभी संभव है जब सभी पंचायत व जन प्रतिनिधि एक साथ मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि पंचायतों में ऐसी कई छोटे-छोटे विकास कार्य है जिसे विधायक मद से करना संभव नहीं है। ऐसे में पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य समेत अन्य प्रतिनिधियों का दायित्व बनता है कि वे उस कार्य को पूरा करें ताकि जनता को मूलभूत सुविधाओं के लिए भटकना ना पड़े।

शिलान्यास के मौके पर जिप उपाध्यक्ष पंकज, जिप सदस्य कविता परमार, प्रखंड प्रमुख पानी सोरेन, उपप्रमुख शिव हांसदा, बीडीओ सुधा वर्मा, सीओ मनोज कुमार, रैना पूर्ति समेत अन्य उपस्थित थे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

विचार-मंथन

संपादकीय

आस्था को लेकर छिड़ी सियासत

मंदिरों में चढ़ावे आदि को लेकर विवाद और उनके प्रबंधन को चुस्त तथा पारदर्शी बनाने की मांग बहुत पहले से उठती रही है। राजनीतिक लाभ के लिए आस्था को भुनाने का चलन नया नहीं है। मगर तिरुपति के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर के प्रसाद में पशु चर्बी युक्त मिलावटी घी के उपयोग का मामला मंदिरों की पवित्रता से भी जुड़ा हुआ है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने सार्वजनिक मंच से आरोप लगाया कि पिछली सरकार के समय तिरुपति मंदिर में प्रसाद के रूप में बनने वाले लड्डू के लिए सस्ती दर पर मिलावटी घी खरीदा गया। प्रयोगशाला जांच से पता चला है कि उस घी में पशु चर्बी मिली हुई थी। इसे लेकर स्वाभाविक ही विवाद छिड़ गया है। पूर्व मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी का कहना है कि चंद्रबाबू नायडू अपने राजनीतिक लाभ के लिए इस मामले को भड़का रहे हैं। हालांकि इस पर केंद्र सरकार ने भी गंभीरता दिखाते हुए प्रसाद के नमूने जांच कराने को कहा है। कांग्रेस ने मंदिरों की पवित्रता सुनिश्चित करने की जरूरत रेखांकित की है। आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय इस मामले में सुनवाई करने को तैयार हो गया है। मंदिरों में चढ़ावे आदि को लेकर विवाद और उनके प्रबंधन को चुस्त तथा पारदर्शी बनाने की मांग बहुत पहले से उठती रही है। मगर तिरुपति बालाजी मंदिर की प्रबंध समिति यानी तिरुमला तिरुपति देवस्थानम इस मामले में बहुत व्यवस्थित और पारदर्शी मानी जाती रही है। वहां बनने वाले प्रसाद के मानक तय हैं। घी और अन्य सामग्री की गुणवत्ता और पवित्रता जांचने के लिए आंतरिक प्रयोगशाला है। तीन स्तरों पर इसकी जांच की जाती है। घी आदि की आपूर्ति करने वाले ठेकेदार हर छह महीने बाद बदल दिए जाते हैं। इसके बावजूद अगर वहां के प्रसाद की पवित्रता पर सवाल उठे हैं, तो स्वाभाविक ही इससे लोगों की आस्था पर चोट पहुंची है। मंदिर और धार्मिक स्थल राजनीतिक हस्तक्षेप से दूर होने चाहिए, पर इस सच्चाई से मुंह नहीं फेरा जा सकता कि वास्तव में ऐसा है नहीं। इसीलिए तिरुपति बालाजी के लड्डूओं में पशु चर्बी होने के आरोप पर सियासत शुरू हो गई है। मगर अपेक्षा की जाती है कि इस मामले को दूसरे मामलों की तरह सियासी रंग देकर दरकिनार करने के बजाय मंदिर की पवित्रता सुनिश्चित करने के कठोर उपाय होने चाहिए।

गलत संदेश

पश्चिम बंगाल सरकार ने अचानक जिस तरह से झारखंड के साथ लगती अंतरराज्यीय सीमा को बंद कर दिया और जवाब में झारखंड की सत्तारूढ़ पार्टी जेएमएम वहां से जरूरी सामानों की सप्लाई रोकने की धमकी दे रही है, वह दो राज्यों के आपसी रिश्तों के लिहाज से बहुत ही खराब प्रसंग माना जाएगा। इस टकराव से दोनों राज्यों के सामान्य लोगों की परेशानियों में इजाफा भले हो जाए, विवाद निपटाने में कोई मदद नहीं मिलने वाली। दरअसल, दामोदर वैली कॉरपोरेशन की ओर से पानी छोड़ा गया। वहीं, पश्चिम बंगाल के 11 जिले बाढ़ में डूब गए थे। मुख्यमंत्री और टीएमसी चीफ ममता बनर्जी इसे 'मानव निर्मित बाढ़' कह रही हैं। उनका आरोप है कि झारखंड स्थित डीवीसी से पानी छोड़े जाने के कारण यह बाढ़ आई। लेकिन तथ्य यह भी है कि पिछले दो-तीन दिनों से उन इलाकों में तेज बारिश हुई है। बताया जा रहा है कि बारिश के कारण झारखंड के जलाशय खतरे के निशान के आसपास पहुंच गए थे। सबसे बड़ी बात यह है कि पानी छोड़ने का फैसला राज्य सरकार का नहीं होता, न ही इसके पीछे तात्कालिक राजनीतिक समीकरणों की कोई भूमिका होती है। इसका पूरा सिस्टम काफी पहले से बना हुआ है। कब कितना पानी छोड़ा जाना है, यह निर्णय एक रेग्युलेशन कमिटी करती है जिसमें दोनों राज्य सरकारों के प्रतिनिधि भी शामिल होते हैं। सभी संबंधित पक्षों को सही समय पर फैसले की सूचना देने की भी प्रक्रिया पूरी तरह परिभाषित है। ममता बनर्जी का कहना है कि इस बार उनकी सरकार को समय पर सूचित नहीं किया गया जबकि दामोदर वैली कॉरपोरेशन और केंद्र सरकार का कहना है कि इस बार भी पूरी प्रक्रिया का पालन किया गया है। अगर अमल में किसी तरह की गड़बड़ी हुई है तो इस बात की जांच की जा सकती है कि सूचना देने या संबंधित व्यक्ति तक पहुंचने में किस स्तर पर और किस वजह से चूक हुई। आरोप-प्रत्यारोप को इस स्तर पर ले जाने से हालात को बेहतर बनाने में कोई मदद नहीं मिलने वाली। वैसे, ममता बनर्जी ने तकनीकी तौर पर बॉर्डर सील करने की वजह यह बताई है कि झारखंड से आने वाली गाड़ियां बाढ़ के पानी में बह न जाएं। लेकिन अगर बात यही होती तो झारखंड की तरफ से जरूरी सामानों की सप्लाई रोकने की धमकी नहीं आती। ध्यान रहे, झारखंड में विपक्षी गठबंधन इंडिया की सरकार है और तृणमूल कांग्रेस भी विपक्षी खेमे का ही हिस्सा मानी जाती है।

एक देश एक चुनाव- लाभ अनेक

(मृत्युंजय दीक्षित)

चुनावों के लिए एक समान मतदाता सूची तैयार की जाये। इसे अमल में लाने के लिए एक कार्यान्वयन समूह का गठन किया जाये। कोविंद समिति ने 18 संविधान संशोधनों की सिफारिश भी की है जिसमें से अधिकांश में राज्य विधानसभाओं के अनुमोदन की जरूरत नहीं होगी जबकि समान मतदाता सूची और समान मतदाता पहचान पत्र से जुड़े कुछ प्रस्तावित बदलावों के लिए आधे राज्यों द्वारा अनुमोदन की जरूरत होगी।

एक देश एक चुनाव की नीति का क्षेत्रीय दलों द्वारा विरोध किए जाने का एक बड़ा कारण यह भी है कि उन्हें आशंका है कि भारत में यह प्रणाली लागू हो जाने के बाद उनका अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। भारत में कई दलों का अस्तित्व बार बार होने वाले चुनावों के कारण ही संभव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी तीसरी पारी में राष्ट्रहित के संकल्पों को पूर्ण करने के लिए लगातार आगे बढ़ रहे हैं, इसी कड़ी के अंतर्गत उन्होंने बहु प्रतीक्षित एक देश-एक चुनाव का संकल्प पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण पहल कर दी है। लगातार तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 100 दिन पूर्ण होने के अवसर पर मोदी कैबिनेट ने, एक देश एक चुनाव पर उठ रहे प्रश्नों पर विराम लगा दिया है। इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले से अपना सन्देश देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने एक देश एक चुनाव पर आगे बढ़ने के संकेत दिये थे और अब कैबिनेट ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद समिति की अनुशंसा को मंजूरी प्रदान कर दी है। एक देश एक चुनाव, परिकल्पना को कैबिनेट की मंजूरी प्राप्त हो जाने के बाद राजनैतिक दलों के बीच सहमति बनाने की जिम्मेदारी रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, किरन रिजिजू व कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल को दी गई है। एक देश एक चुनाव को लेकर गठित समिति ने इस विषय पर सभी प्रमुख राजनैतिक दलों से विचार विमर्श किया था जिनमें 32 राजनैतिक दल इसके समर्थन में और 15 विरोध में थे। अब इस बात की प्रबल संभावना बन गई है कि संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में इस हेतु आवश्यक संविधान संशोधन विधेयक प्रस्तुत किये जाएंगे और ऐसा माना जा रहा है कि सरकार ने इन सभी विधेयको को पारित करवाने के लिए प्रबंध भी लगभग कर लिया है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत में वर्ष 1967 तक लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होते रहे हैं उस समय संपूर्ण भरत मे कांग्रेस व उसके समर्थित दलों की सरकारें ही राज्य विधानसभाओं में हुआ करती थीं। चुनाव आयोग ने वर्ष 1982 में फिर उसके बाद जस्टिस बी. बी. जीवन की अध्यक्षता वाले विधि आयोग ने एक देश एक चुनाव की सिफारिश की थी। वर्ष 2018 में जस्टिस बी एस चौहान की अध्यक्षता वाले विधि आयोग ने एक ड्राफ्ट रिपोर्ट में एक साथ चुनाव की बात करते हुए कहा कि संविधान के अनुच्छेद 83, 85,172, 174 और 356 में संशोधन करने होंगे। वर्ष 2015 में संसद की स्थायी समिति ने भी दो चरणों में लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव कराने की सिफारिश की थी। राजनैतिक दृष्टिकोण से यह बहुत ही हैरान करने वाली बात है कि कांग्रेस पूर्वज पहले तो एक देश एक चुनाव का समर्थन कर रहे थे किंतु जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने एक कदम आगे बढ़ाया है और उसे लागू करने के लिए पूर्णता की ओर बढ़ रही है तब से कांग्रेस व उसके सहयोगी दल जिन्होंने इंडी गठबंधन बनाया है एक देश एक चुनाव की व्यवस्था का विरोध करने लगे हैं। सभी राजनैतिक दलों का मानना है कि भारत में एक देश एक चुनाव की व्यवस्था अलोकतांत्रिक, असंवैधानिक तथा असंभव है। कई नेता इसे प्रधानमंत्री व भाजपा सरकार का मात्र एक शिगूफा कह रहे हैं। एक देश एक चुनाव की नीति का क्षेत्रीय दलों द्वारा विरोध किए जाने का एक बड़ा कारण यह भी है कि उन्हें आशंका है कि भारत में यह प्रणाली लागू हो जाने के बाद उनका अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। भारत में कई दलों का अस्तित्व बार बार होने वाले चुनावों के कारण ही संभव है। वर्ष 1967 के बाद कतिपय राजनैतिक कारणों से कई विधानसभाओं को भंग करना पड़ा और फिर बीच में लम्बे समय तक केंद्र व राज्यों की राजनीति में अस्थिरता का वातावरण रहा। वर्तमान समय में भारत में दो लोकसभा चुनावों के बीच पांच सालों में कहीं न कहीं विधानसभा चुनाव होते रहते हैं जिसके कारण बार-बार आचार संहिता लगती है और जनहित व विकास के कार्यक्रम प्रभावित होते हैं। भारत में नगर निगम, नगर निकाय और ग्राम पंचायतों के चुनाव भी हर वर्ष, हर माह कहीं न कहीं होते ही रहते हैं और बीच-बीच में उपचुनाव भी आते रहते हैं और विकास कार्यों को बाधित करते हैं। बार-बार चुनाव होने के कारण राजनैतिक दलों व नेताओं का खर्च भी भी बहुत बढ़ा रहता है जिसके कारण आर्थिक भ्रष्टाचार को बल मिल मिलता है। राजनैतिक दलों के नेता व उनके सामर्थक अपने समाज व मतदाताओ को लुभाने के लिए अनाप-शनाप बयानबाजी करते हैं जिसके कारण सामाजिक वातावरण दूषित होता है। धार्मिक वैमनस्यता भी गहराती है। बार-बार चुनाव होने के कारण आदर्श आचार संहिता लागू होती है जिसके कारण सरकार आवश्यक नीतिगत निर्णय नहीं ले पाती और विभिन्न योजनाओं को लागू करने में समस्या आती है। यदि देश में एक ही बार में लोकसभा और विधानसभा चुनाव कराये जायें तो आदर्श आचार संहिता कुछ ही समय तक लागू रहेगी। एक देश एक चुनाव की व्यवस्था लागू हो जाने के बाद चुनावों में होने वाले भारी खर्च में कमी आयेगी। इससे काले धन और भ्रष्टाचार पर रोक लगाने में सहायता मिलेगी। एक साथ चुनाव कराने से सरकारी कर्मचारियों और सुरक्षाबलों को बार-बार चुनावी ड्यूटी पर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। देश में एक साथ चुनाव कराये जाने से देश की जीडीपी में लगभग 1.5 प्रतिशत वृद्धि का भी अनुमान लगाया जा रहा है। आर्थिक विशेषज्ञों का मत है कि एक देश एक चुनाव से सरकारें सही मायने में कम से कम साढ़े चार वर्ष विकास कार्य करा पायेंगी। अभी लगातार अलग-अलग होने वाले चुनावों और आचार संहिता के कारण सरकारों के हाथ 12-15 महीने बंधे रहते हैं। एक देश-एक चुनाव पर रामनाथ कोविंद समिति ने कई महत्वपूर्ण सिफारिशें की हैं जिसके अंतर्गत यह योजना देश में दो चरणों में लागू की जायेगी। पहले चरण में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव करायें जायें और दूसरे चरण में नगरीय निकायों और पंचायतों के चुनाव कराये जायें लेकिन इन्हें पहले चरण के 100 दिन के भीतर ही कराया जाये। लोकसभा का कार्यकाल समाप्त होते ही राज्यों की विधानसभा का चुनाव कराया जाये अगर किसी विधानसभा का चुनाव अपरिहार्य कारणों से एक साथ नहीं हो पाता है तो बाद की तिथि में होगा किंतु कार्यकाल उसी दिन समाप्त होगा। यदि किसी राज्य की विधानसभा बीच में ही भंग हो जाती है।

कुमारी शैलजा की नाराजगी हरियाणा में कांग्रेस पर पड़ेगी भारी

(अंकित सिंह)

कांग्रेस के लिए दिक्कत ये है कि उसकी वरिष्ठ नेता कुमारी शैलजा नाराज बताई जा रही है। भूपिंदर सिंह हुड्डा को आलाकमान का ज्यादा समर्थन मिला है। यही कारण है कि कुमारी शैलजा हाशिए पर दिख रही हैं। इसी वजह से वह चुनाव प्रचार से भी दूर हैं। हरियाणा में 10 साल से सत्ता से बाहर रही कांग्रेस के लिए इस बार उम्मीद की किरण दिखाई दे रही है। हालांकि, पार्टी के सामने अंतरकलह की स्थिति भी देखने को मिल रही है। स्थितियां सत्तारूढ़ भाजपा के लिए भी सहज नहीं है। किसान, जवान और पहलवानों की नाराजगी को कांग्रेस भुनाने की कोशिश कर रही है। यही कारण है कि कांग्रेस के लिए एक मंच तैयार होता दिखाई दे रहा है। लेकिन आंतरिक युद्ध की वजह से पार्टी के लिए स्थितियां मुश्किल होती दिखाई दे रही है। कांग्रेस के लिए दिक्कत ये है कि उसकी वरिष्ठ नेता कुमारी शैलजा नाराज बताई जा रही है। भूपिंदर सिंह हुड्डा को आलाकमान का ज्यादा समर्थन मिला है। यही कारण है कि कुमारी शैलजा हाशिए पर दिख रही हैं। इसी वजह से वह चुनाव प्रचार से भी दूर हैं। रणदीप सिंह सुरजेवाला भी नाराज दिखाई दे रहे हैं। हालांकि, पार्टी कम से कम 10 विद्रोहियों को मनाने में भी कामयाब रही, जो उसके आधिकारिक उम्मीदवारों की संभावनाओं को नुकसान पहुंचा सकते थे। पार्टी प्रबंधकों को लगता है कि राज्य इकाई पर दबदबा रखने वाले पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा और वरिष्ठ नेताओं शैलजा और रणदीप सुरजेवाला के बीच एकता की कमी 5 अक्टूबर के चुनावों के लिए उनकी तैयारियों को प्रभावित कर रही है। दावा किया जा रहा है कि टिकट आवंटन के दौरान हुई अनदेखी और अभद्र टिप्पणियों की वजह से कुमारी सैलजा नाराज हैं। इसी कारण वह कांग्रेस उम्मीदवारों के प्रचार से दूर रह रही हैं। कुमारी सैलजा की नाराजगी की वजह एक यह भी है कि टिकट आवंटन में भूपेन्द्र सिंह हुड्डा को ज्यादा महत्व दिया गया। उनके करीबियों को टिकट नहीं दी गई है। आरोप लग रहा कि हुड्डा के करीबियों 90 में से 72 सीटों पर टिकट दिया गया है। कांग्रेस के सूत्रों ने बताया कि शैलजा ने अपने खेमे के लिए 30 से 35 सीटें मांगी थीं। हालाँकि, कांग्रेस आलाकमान ने भूपिंदर सिंह हुड्डा खेमे को 72 टिकट आवंटित किए। शैलजा नारनौंद विधानसभा सीट से अपने करीबी सहयोगी डॉ. अजय चौधरी के लिए टिकट हासिल करने में भी असफल रहीं। उनकी चुप्पी पार्टी की चुनावी संभावनाओं पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है, जिससे उसे वोट मजबूत करने से रोका जा सकता है। पार्टी में सबसे वरिष्ठ दलित चेहरों में से एक कुमारी शैलजा राज्य के कई विधानसभा क्षेत्रों में प्रभाव रखती हैं। कुमारी शैलजा को लेकर फिलहाल पार्टी कार्यकर्तों में भी भ्रम दिखाई दे रहा है। कुमारी शैलजा के समर्थकों के साथ-साथ दलित समाज में भी आक्रोश फैल रहा है। हालांकि, हरियाणा में तीनों वरिष्ठ नेताओं में से कोई भी विधानसभा चुनाव के लिए एक साथ प्रचार करते नहीं दिख रहा है। लोकसभा चुनाव के दौरान भी यही स्थिति थी। लोकसभा सदस्य और हुडा के बेटे दीपेंद्र हुडा ने यात्रा निकाली थी। शैलजा भी चुनाव कार्यक्रम की घोषणा से पहले एक अलग यात्रा पर निकलीं। हाल ही में बुधवार को, शैलजा और सुरजेवाला ने राज्य के लिए पार्टी की सात गारंटी के उद्घाटन समारोह में उपस्थित नहीं होने का फैसला किया। पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने चर्चाओं को बढ़ाते हुए उन्हें भाजपा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। कांग्रेस के भीतर शैलजा की स्थिति अनिश्चित बनी हुई है क्योंकि उनकी भागीदारी में कमी पार्टी में उनके भविष्य पर सवाल उठाती है। करनाल में एक कार्यक्रम में बोलते हुए, खट्टर ने इस बात पर जोर दिया कि शैलजा सम्मान और देखभाल की हकदार हैं, उन्होंने कहा, हम उन्हें भाजपा में शामिल करने के लिए तैयार हैं।

सुडोकू पहेली क्रमांक- 5503

		4				6		1
		7	2				8	
		9	3					2
			1					9
6	2	1	5		9	4	7	3
5					4			
4					3	5		
	3				2	8		
1		6				3		

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 5502

5	8	9	6	1	7	3	4	2
2	4	1	3	5	9	8	6	7
3	7	6	8	4	2	9	5	1
4	9	2	7	6	8	1	3	5
6	3	8	1	2	5	7	9	4
7	1	5	9	3	4	6	2	8
8	2	3	4	9	1	5	7	6
9	5	7	2	8	6	4	1	3
1	6	4	5	7	3	2	8	9

वर्ग पहेली 5503

1	2	3		4		■	5
6			■		■	7	
	■	8			9		■
10	11	■	■	12			13
14		■	15		■	16	
■	17			■	18	■	
19		■	20		■	21	
■	22			■	23		■

संकेत: बाएं से दाएं

1. 2001 को इस भारतीय तत्कालीन प्रधानमंत्री ने हिंदी में संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किा (सिर्फ नाम)(6)
6. माला, मोती, अपनी मर्जी का (3)
7. तौल की एक सूक्ष्म इकाई जिसका मान आठ रत्ती के बराबर होता है (2)
8. जिसके मन में करूणा का भाव हो (5)
10. सर्पराज, पुराणानुसार पाताल मे रहने वाला एक उपदेवता (2)
12. शास्त्रीय संगीत में उपयोग आने वाला सितार की तरह एक वाद्य (4)
14. बाघ की मांद-दीवार में जोड़ाई की पंक्ति (2)
15. बुंदेलखंड का प्रसिद्ध लोकनृत्य (2)
16. जो दिन बीत रहा है (2)
17. जनसमूह (3)
18. आग की लपट (1)
19. एक प्रशंसा सूचक शब्द (2)
20. त्रुटि, दोष (2)
21. उतनी वस्तु जितनी एक बार में तली या सेंकी जाए (2)
22. वायु द्वारा उत्पन्न (3)
23. रंग बिरंगा शीशा (2)

(ऊपर से नीचे

1. हिंदुओं का प्रसिद्ध तीर्थ स्थल जहां बर्फ से बने शिवलिंग का दर्शन होता है (5)
2. लगातार घंटे बजने का शब्द (2)
3. ल वर्ण का उद्गार (3)
4. प्राचीनकाल का यमन सरदार (5)
5. उम्मीद (2)
7. घी में तला एक प्रकार का मीठा पकवान (4)
9. दिवस (2)
11. तप्त वायु (5)
13. ताजमहल के निर्माण के प्रयुक्त होने वाला संगमरमर इस प्रदेश से लाया गया था (4)
15. वे भाई जो श्रीराम से छोटे हों (4)
21. पश्चिमी अफ्रीका का देश जिसकी राजधानी अकरा है (2)

वर्ग पहेली 5502 का हल

क	ख्वो	डि	या	■	न	क	ब
म	■	ग	म	न	क	र	ना
ला	द	ना	■	■	ली	■	ना
ने	म	■	मा	न	■	प	■
ह	क	त	ल	फी	■	रा	ह
रू	ल	र	■	स	जा	या	पता
■	■	बू	टा	■	ज	■	वा
न	मा	ज	■	ह	म	वा	र

आज का राशिफल

मेष

आज भाग्य का साथ मिलेगा और आर्थिक मामलों में दिन आपके लिए मिलाजुला रहेगा। आप अपने सहयोगियों की मदद से हर कार्य को समय से पहले पूरा कर लेंगे और आपकी योजनाएं सफल होंगी। शाम तक आपको करियर के मामले में कोई महत्वपूर्ण खबर मिलेगी। जमीन खरीदने से पहले कोई कागज सोचसमझकर साइन करें।

वृष

आज करियर के मामले में लाभ होने की उम्मीद है और आपका कोई कोई रुका कार्य पूर्ण होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। ऑफिस में माहौल को जिंदादिल बनाने की आपकी कोशिश कामयाब हो सकती है बशर्ते आपके सहयोगी सपॉर्ट करें। आप फालतू बात पर ध्यान न दें और अपने काम पर फोकस करें। आपको जो भी मिलेगा।

मिथुन

आज काफी भागदौड़ करनी पड़ेगी। आपको बच्चों के काम से काफी इधर-उधर जाना पड़ सकता है। आपको ऑफिस में सहयोगियों का और घर में अपने छोटों का सहयोग मिलेगा। दूसरों से उपहार का लाभ मिलेगा और इससे आपका मन प्रसन्न रहेगा।

तुला

आज करियर के मामले में लाभ होगा और दिन सफलता से भरा होगा। काफी समय से कोई खोई हुई चीज आपको मिल सकती है। किसी को बहुत पहले दिया गया उधार आज वापस मिल जाएगा। ऐसा होने पर आपकी खुशी होगी और हर काम बिना किसी रोकटोक के पूरा हो जाएगा। दिन भर आपको कई सरप्राईज मिलते रहेंगे। उपहार और सम्मान का लाभ मिलेगा और दिन आनंद में बीतेगा।

वृश्चिक

आज भाग्य का साथ मिलेगा और आपका पूरा दिन आनंद में बीतेगा। रुके कार्य पूर्ण होंगे और आपकी योजनाएं सफल होंगी। नए काम में कुछ रुकावट आ सकती है। इसलिए कुछ भी करने से पहले एक बार सोच लें। दिन बीतने के साथ साथ काम बनते नजर आएंगे। आपको परिवार के छोटे सदस्यों के करियर की चिंता खत्म हो जाएगी।

धनु

आज दिन शुभ है और आपके घर में आनंद का माहौल रहगा। प्रॉपर्टी के मामले हल हो सकते हैं और किसी मुकदमे में आपकी जीत हो सकती है। कमाई में बढ़ोत्तरी होगी लेकिन खर्च भी इस बीच बढ़े हुए रहेंगे। लेखक और पत्रकार जैसे लोग लोगों के लिए सफलता और प्रसिद्धि पाएंगे और खूब नाम कमाएंगे। लाभ और सम्मान दोनों हासिल होंगे। पॉजिटिव मूड खराब से सही हो सकता है।

कर्क

आज करियर और कारोबार के मामले में भाग्य का साथ मिल रहा है। आपको दिन की शुरुआत में थोड़ा अधिक काम करना पड़ेगा और बाद में सब सही हो जाएगा। हर मामले में धैर्य से काम लेने की सलाह है। कोई भी ऐसा काम न करें कि आपको उसमें नुकसान हो। आपने एक ही दिन में ढेर सारे लटके हुए काम निपटा लिए हैं।

सिंह

आज दिन करियर और कारोबार के मामले में मिलाजुला रहेगा और कुछ योजनाएं सफल होंगी। मेहनत से जो कुछ भी करेंगे वह काफी अच्छा रिजल्ट लेकर आएगा। आपकी खुशी दोगुनी हो जाएगी। पिछले दिनों हुए नुकसान की भरपाई हो सकती है। बिजनस में हर फैसले को बेहद सावधानी से करने की जरूरत है। आपको लाभ होगा और योजनाएं पूर्ण होंगी।

कन्या

आज दिन मिलाजुला रहेगा। किसी सौदे या लेन देन की टेंशन न लें। बढ़ते खर्च को काबू में करने की कोशिश करें तो आपको लाभ होगा। इच्छाशक्ति से सब कुछ संभव है। दोस्तों के सपॉर्ट से किसी बड़े प्रॉजेक्ट को पूरा कर लेंगे। उपहार और सम्मान के मामले में लाभ होगा।

मकर

आज दिन सम्मान से भरा होगा और सोसाइटी में आपका मान सम्मान बढ़ेगा। आप किसी बड़े आयोजन में भाग ले सकते हैं। विरोधियों का सिर नीचा करने में सफलता मिलेगी। आपको अपने काम को आगे बढ़ाने के कई मौके मिलेंगे और किस्मत भी आपका साथ देगी। आपकी कारोबार से जुड़ी सभी योजनाएं सफल होंगी और आप पुराना उधार चुका पाएंगे।

कुंभ

आज करियर के मामले में लाभ से भरा होगा। आपको कुछ सोशल वर्क करने का मौका मिलेगा और ऑफिस का माहौल काम के लिए बिल्कुल ठीक रहेगा। आप अपने करियर में हर कार्य में सफलता पाएंगे और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। किसी बात पर आपकी जूनियर्स से कहासुनी हो सकती है। ऑफिस की बातों को आप घर पर न लाएं। परिवार के किसी सदस्य पर अपना गुस्सा न निकालें।

मीन

आज किस्मत साथ दे रही है और आपका दिन लाभ से भरा होगा। सहयोगी कुछ रिलैक्स मूड में रहेंगे और पहले से ज्यादा मन प्रसन्न रहेगा। आपको हर प्रकार का सहयोग मिलेगा। बदलाव के तौर पर आप अपने अन्दर छिपी प्रतिभा से लाभ पाएंगे और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपकी फाइनेंशियल प्रॉब्लम्स का हल निकल जाएगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

ग्रेजुएशन कर चुके युवा डिजिटल मार्केटिंग में बनाएं शानदार कॅरियर

युवाओं के लिए हमेशा से रोजगार एक बड़ा मुद्दा रहा है। एक सर्वे के मुताबिक देश में कॉलेज पास करने वाले हर दो युवाओं में सिर्फ एक युवा ही रोजगार के योग्य है। करीब 48.75 फीसदी युवा रोजगार के योग्य नहीं हैं। ऐसे में युवाओं के पास डिग्री होने के बाद भी अच्छी नौकरी नहीं मिल रही हैं। इसलिए आप डिग्री के अलावा अन्य स्किल्स पर भी काम कर सकते हैं।

एक सर्वे के मुताबिक मौजूदा कर्मचारियों में करीब 50 फीसदी ऐसे कर्मचारी हैं, जिनको डिजिटल स्किल सीखने की जरूरत है। क्योंकि आज के समय में तेजी से बढ़ती टेक्नोलॉजी में हर कंपनी में डिजिटली काम होने लगा है। वहीं साल 2026 तक देश को करीब 3 करोड़ से अधिक डिजिटली स्किल्ड प्रोफेशनल्स की आवश्यकता होगी। ऐसे में अगर आप भी नौकरी की तलाश में हैं, तो आप प्रोफेशनल सर्टिफिकेट इन डिजिटल मार्केटिंग और एडवांस सर्टिफिकेट इन ग्राफिक डिजाइन जैसे स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम्स की सहायता ले सकते हैं। बता दें कि यह दोनों ही प्रोग्राम भविष्य में रोजगार को ध्यान में रखते हुए एक्सपर्ट द्वारा तैयार किए गए हैं। इन कोर्स को घर बैठे कोई भी युवा, प्रोफेशनल, छात्र या गृहिणी कर सकते हैं। जिससे वह बड़े पैकेज की नौकरियां पा सकते हैं। ऐसे में आप इन कोर्सेज के लिए रजिस्टर कर डिजिटल सेक्टर में शानदार कॅरियर बना सकते हैं।

कोर्स के फायदे

- 100 घंटे की लाइव व रिकॉर्डेड क्लासेज
- 25+ लाइव प्रोजेक्ट्स एवं केस स्टडीज
- 2 महीने की ऑन जॉब ट्रेनिंग
- एक्सपर्ट द्वारा इंटरव्यू प्रिपरेशन
- ई-बुक्स, प्रोग्राम नोट्स और मॉक टेस्ट
- गूगल सर्टिफाइड मेंटर्स द्वारा पढ़ाई
- 10 इंडस्ट्री बेस्ड मॉड्यूल्स
- 40+ लर्निंग टूल्स
- इंडस्ट्री एक्सपर्ट द्वारा मास्टर क्लास
- साप्ताहिक डाउट क्लीयरिंग सेशन

बनाएं अपना कॅरिअर

अगर आप भी ग्रेजुएशन कर चुके हैं और करियर को लेकर तमाम तरह की चिंताओं से घिरे हैं। तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। ऐसे में युवा कई प्रोफेशनल और स्किल ओरिएंटेड शॉर्ट और लॉन्ग टर्म कोर्सेज कर सकते हैं। आप घर बैठे खुद को किसी फील्ड का प्रोफेशनल बनाकर अपने करियर को एक दिशा दे सकते हैं।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के शॉर्ट टर्म कोर्स कर पाएं लाखों कमाने के मौके

इन दिनों बहुत सारे लोग नौकरी, बिजनेस या फिर पढ़ाई करते हुए कई दूसरे स्किल भी सीख रहे हैं। ऐसे में जिन लोगों के पास समय नहीं होता है, वह शॉर्ट टर्म कोर्स कर सकते हैं। बता दें कि यह कोर्स पूरी तरह से ऑनलाइन होते हैं।

इन दिनों बहुत सारे लोग नौकरी, बिजनेस या फिर पढ़ाई करते हुए कई दूसरे स्किल भी सीख रहे हैं। लेकिन रेग्यूलर कोर्स करने के लिए आपको किसी संस्थान में जाना होता है, इसके लिए आपके पास पर्याप्त समय होना चाहिए। ऐसे में जिन लोगों के पास समय नहीं होता है, वह शॉर्ट टर्म कोर्स कर सकते हैं। बता दें कि यह कोर्स पूरी तरह से ऑनलाइन होते हैं। वहीं इनमें से बहुत सारे कोर्स ऐसे भी होते हैं, जिनको करने के लिए आप किसी खास या तय समय पर कंप्यूटर के सामने नहीं बैठना पड़ता, बल्कि आप अपने समयानुसार इन कोर्स को कर सकते हैं।

राज्य और केंद्र सरकार के अलावा Google, IBM, Reuters जैसी कंपनियां भी इन कोर्सेज को कराती हैं। इन कोर्स की फीस 500 रुपए से लेकर 15 हजार रुपए तक हो सकती है। इनमें से कुछ कोर्स फ्री होते हैं, लेकिन सर्टिफिकेट लेने के लिए कुछ पैसे देने पड़ते हैं।

AI कोर्स

आपको बता दें कि गूगल समेत कई कंपनियों की तरफ से कई तरह के AI कोर्स जारी किए गए हैं। यह कोर्स ऑनलाइन और पूरी तरह फ्री हैं। करियर में आगे बढ़ने के लिए यह कोर्स आपकी मदद कर सकते हैं। हालांकि यह कोर्स अंग्रेजी में होते हैं और आपको थोड़ी-बहुत कंप्यूटर की जानकारी होनी चाहिए। बाकि इन कोर्स को करने के लिए किसी खास तरह की योग्यता की आवश्यकता नहीं है। ऐसे में आप यह कोर्स को अपनी रेज्यूमे में जोड़कर अच्छी नौकरी की तलाश पूरी कर सकते हैं।

लार्ज लैंग्वेज मॉडल्स

इस कोर्स को करने के बाद आप भी ChatGPT जैसा प्लैटफॉर्म बना सकते है। इस कोर्स में आपको यह सिखाया जाता है कि किस तरह से ChatGPT जैसे प्लेटफॉर्म पर इमेज और कंटेंट क्रिएट किया जाता है। आप इस कोर्स को करने के बाद किसी भी टॉपिक पर आर्टिकल बना सकते हैं। यह किसी भी कंटेंट को दूसरी भाषा में ट्रांसफर कर सकते हैं। मिनटों में लंबे असाइनमेंट या प्रोजेक्ट तैयार कर सकते हैं। लार्ज लैंग्वेज मॉडल्स कोर्स में यह भी बताया व सिखाया जाता है कि आप किस तरह प्रॉम्प्ट ट्यूनिंग की मदद से आउटपुट पर कंट्रोल पा सकते हैं। इस कोर्स की अवधि 8 घंटे की है।

इमेज जनरेटर

इमेज जनरेटर का कोर्स कर आप AI की मदद से कैसा भी कोई भी फोटो जनरेट कर सकते हैं। इस कोर्स में आप यह भी सीख सकते हैं कि कम रिजॉल्यूशन वाली फोटो को हाई रिजॉल्यूशन में कैसे बदलें। इस कोर्स को करने के बाद आप किसी का चेहरा भी डिजाइन कर सकते हैं और लैंडस्केप इमेज भी तैयार कर सकती हैं। इस कोर्स में टेक्स्ट प्रॉम्प्ट के आधार पर इमेज, स्केच और कार्टून आदि बनाने की ट्रेनिंग दी भी जाती है। इस कोर्स की अवधि 8 घंटे की है।

6 महीने का समय

इन कोर्स को करने का समय 3 घंटे से लेकर 6 महीने तक का हो सकता है। कोर्स को कब करना है, कितने बजे से कितने बजे तक करना है, यह फिक्स नहीं होता है। अपनी सुविधानुसार आप किसी भी समय इस कोर्स को कर सकते हैं।

AI में कैसे जॉब पाएं?

जबसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आया तबसे यह हर एक सेक्टर में काफी डिमांड में आ गया है। आज के समय AI तकनीक से कई सारे काम संभव हो रहे है। अगर आप AI में अपना करियार बनाना चाहते हैं तो यह लेख आपके लिए है। AI जॉब के लिए टेक्निकल एजुकेशन होना काफी जरुरी है। AI से संबंधित जॉब देने वाली कंपनियां कंप्यूटर साइंस, डेटा साइंस, मैथ्स और एप्लाइड साइंस को कुछ मेन डिग्री है, जिनकी उन्हें तलाश रहती है। आज के डिजिटल युग में नई-नई तकनीक से काफी विकास हो रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आने से तकनीक क्षेत्र लेकर मीडिया लाइन में इसका काफी प्रयोग हो रहा है। यह आज के समय में काफी डिमांड में है। AI क्षेत्र में नौकरियां भी काफी तेजी से बढ़ रही हैं। AI को करियर के रुप में देखा जा रहा है। बड़ी-बड़ी कंपनियां AI पर फोकस कर रही हैं, इसी तरह लोग भी AI बेस्ड नई नौकरी पाने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। आपको बता दें कि, AI में कई नौकरियां शामिल हैं जैसे मशीन लर्निंग इंजीनियर, प्रॉम्पट इंजीनियर, डेटा साइंटिस्ट या AI रिचर्स इत्यादि। अगर आप इसे करियर बनाना चाहते हैं तो आपको बता दें किस तरह की पढ़ाई करनी है और कंपनियां को किस तरह की प्रोफाइल वाले रिज्यूम पसंद आते हैं।

टेक्निकल पढ़ाई

दरअसल, बिजनेस इंसाइडर की रिपोर्ट के मुताबिक, कुछ रिक्रूटर्स का कहना है कि AI जॉब के लिए टेक्निकल एजुकेशन होना काफी जरुरी है। उनका मानना है कि अक्सर AI बेस्ड जॉब देने वाली कंपनियां कंप्यूटर साइंस, डेटा साइंस, मैथ्स और एप्लाइड साइंस को कुछ मेन डिग्री के रुप में देखते हैं।

कानून की समझ हो

टैलेंट फर्म कैरेक्स कंसल्टिंग ग्रुप के एक टेक्निकल रिक्रूटर एंड्री मेंडोजा ने कहा कि क्योंकि AI एक नया फील्ड है, इसलिए इसकी ट्रेनिंग एक अच्छा ऑप्शन है। आगे उन्होंने बताया कि कानून की गहरी समझ होना जरुरी है और बेस्ट सिक्योरिटी प्रैक्टिस भी होनी जरुरी है। लेकिन शुरुआत में इतना काफी नहीं है। अगर आप इस नई फील्ड में अपनी जगह बनाने चाहते हैं तो आपका टेक्निकल बैकग्राउंड से होना बहुत जरुरी है। जो लोग अलग-अलग पढ़ाई या करियर वाले स्कूल से आत हैं, उन्हें AI में नौकरी नहीं मिल सकती है।

प्रोग्रामिंग लैंग्वेज आना चाहिए

अगर आप AI में नौकरी पाना चाहते हैं तो AI की स्पेफिक टेक्नोलॉजी के बारे में जानकारी और इंजीनियर होना बहुत जरुरी है, प्रोग्रामिंग लैंग्वेज आना भी जरुरी है। AI में नौकरियों के लिए आवेदकों के लिए पायथन या जावास्क्रिप्ट की समझ होनी चाहिए।

कोडिंग की समझ भी जरुरी

एक्सपर्ट के मुताबिक, कोडिंग सर्टिफिकेट्स नौकरी पाने की संभावनाएं बढ़ा देते हैं। अगर AI में बेहतरीन नौकरी चाहिए तो कोडिंग की अच्छी समझ होनी चाहिए।

फार्मासिस्ट बनकर कॅरियर को दें नई ऊंचाइयां

फार्मासिस्ट बनकर आपको समाज की सेवा करने का भी मौका मिलता है। ऐसे में यदि आप भी फार्मासिस्ट बनना चाहते हैं, तो इससे जुड़ी सभी डिटेल्स के बारे में आपको जानकारी होना जरूरी है।

अक्सर छात्र अपने करियर को लेकर काफी परेशान रहते हैं। क्योंकि मेहनत के साथ ही सही कोर्स का चुनाव करना भी जरूरी होता है। ऐसे में आप फार्मासिस्ट बन करने करियर को नई दिशा दे सकते हैं।

फार्मासिस्ट बनकर आपको समाज की सेवा करने का भी मौका मिलता है। ऐसे में यदि आप भी फार्मासिस्ट बनना चाहते हैं, तो इससे जुड़ी सभी डिटेल्स के बारे में आपको जानकारी होना जरूरी है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस कोर्स की सारी डिटेल्स बताने जा रहे हैं।

क्वालिफिकेशन

फार्मासिस्ट बनने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं है। छात्र को फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी या मैथ्स विषय से 12वीं पास होना चाहिए। 12वीं के बाद बैचलर ऑफ फॉर्मेसी की डिग्री हासिल करनी होगी। बी फार्मा का कोर्स 4 साल का होता है। वहीं आप चाहें तो मास्टर ऑफ फार्मेसी भी कर सकते हैं, यह दो साल का कोर्स होता है। इसमें पीएचडी का भी एक ऑप्शन होता है, पीएचडी कर आप शोध और शिक्षण के क्षेत्र में करियर बना सकते हैं।

चयन प्रक्रिया

बी.फार्मा में एडमिशन के लिए अधिकतम राज्यों और विश्वविद्यालयों द्वारा एंट्रेंस एग्जाम आयोजित कराए जाते हैं। तो वहीं कुछ प्रमुख परीक्षाओं में CUET और राज्य स्तरीय परीक्षाएं आदि भी शामिल हैं। एंट्रेस एग्जाम के बाद मेरिट लिस्ट के आधार पर काउंसलिंग की जाती है।

झ्इन जगहों पर कर सकते हैं नौकरी

- अस्पताल और क्लीनिक
- फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री
- रिटेल फार्मेसी
- रेगुलेटरी अफेयर्स
- शिक्षण

सैलरी

फार्मासिस्ट की सैलरी अनुभव, कार्यक्षेत्र और नौकरी की लोकेशन आदि पर निर्भर करती है। बता दें कि एक फार्मासिस्ट की औसत सैलरी 2.5 लाख से 4 लाख रुपए प्रति वर्ष हो सकती है। एक्सपीरियंस के साथ ही सैलरी बढ़ती जाती है। अनुभवी फार्मासिस्ट की सैलरी 8 लाख से 12 लाख रुपए प्रति वर्ष या इससे भी ज्यादा हो सकती है।

सर्टिफाइड पब्लिक अकाउंटेंट परीक्षा की तैयारी के लिए छात्रों के लिए टिप्स

सर्टिफाइड पब्लिक अकाउंटेंट (सीपीए) एक महत्वपूर्ण प्रमाणन है जो पेशेवरों को विविध और अत्यधिक मांग वाले कौशल सेट से लैस करता है। यह योग्यता न केवल शैक्षणिक ज्ञान और नौकरी की आवश्यकताओं के बीच अंतर को पाटती है बल्कि वैश्विक स्तर पर करियर के अवसरों को भी बढ़ाती है।

सीपीए परीक्षा, अमेरिकन इंस्टीट्यूटऑफ सर्टिफाइड पब्लिक अकाउंटेंट्स (एआईसीपीए) द्वारा विकसित और नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्टेट बोर्ड्स ऑफ अकाउंटेंसी (एनएएसबीए) द्वारा प्रशासित एक व्यापक चार-भागीय परीक्षा, यूएस आम तौर पर स्वीकृत लेखा सिद्धांतों (जीएएपी) और यूएस आम तौर पर विशेषज्ञता रखती है। स्वीकृत लेखापरीक्षा मानक (जीएएएस)। कई छात्रों के लिए व्यस्त कामकाजी जीवन को संतुलित करना और यूएस सीपीए प्रमाणन प्राप्त करना भारी पड़ सकता है। हालाँकि, सही रणनीतियों और मानसिकता के साथ, वित्तीय रिपोर्टिंग और ऑडिटिंग में उन्नत पेशेवर स्थिति हासिल करना पूरी तरह से संभव है।

अपनी योग्यता का निर्धारण करें

- किसी प्रतिष्ठित संस्थान से स्नातक की डिग्री प्राप्त करें।
- परीक्षा में बैठने के लिए 120 क्रेडिट घंटे पूरे करें; लाइसेंस के लिए 150 क्रेडिट घंटे आवश्यक हैं।
- अतिरिक्त राज्य-विशिष्ट आवश्यकताओं की समीक्षा करें।

अपना मूल्यांकन करें

- सभी शैक्षणिक प्रतिलेख अपने चुने हुए राज्य लेखा बोर्ड को जमा करें।
- आवश्यक शुल्क का भुगतान करें।

अपना परीक्षा आवेदन और शुल्क जमा करें

- सीपीए परीक्षा के लिए आवेदन करें और आवश्यक दस्तावेज जमा करें।
- आवेदन शुल्क का भुगतान करें।

परीक्षण के लिए प्राधिकरण प्राप्त करें (एटीटी)

- राज्य बोर्ड से एटीटी प्राप्त करें और 90 दिनों के भीतर परीक्षा के लिए साइन अप करें।
- परीक्षा अनुभाग शुल्क का भुगतान करें।

शेड्यूल के लिए अपना नोटिस सत्यापित करें (एनटीएस)

एनटीएस प्राप्त करें और सत्यापित करें, जो आपको अपने परीक्षा अनुभागों को शेड्यूल करने की अनुमति देता है।

अपनी परीक्षा शेड्यूल करें

- प्रोमेट्रिक परीक्षण केंद्र पर अपने परीक्षा अनुभागों को शेड्यूल करें।
- अपनी पसंदीदा तिथि, स्थान और परीक्षा अनुभाग चुनें।

यूनिफॉर्म सीपीए परीक्षा उत्तीर्ण करें

- सीपीए परीक्षा के सभी चार अनुभागों को सफलतापूर्वक पूरा करें।

यूएस सीपीए लाइसेंस प्राप्त करें

- आवश्यक 150 क्रेडिट घंटे और प्रासंगिक कार्य अनुभव पूरा करें।
- अपने राज्य के लिए आवश्यक नैतिकता परीक्षा उत्तीर्ण करें।

कुछ अध्ययन टिप्स

- एक विस्तृत अध्ययन योजना बनाएं
- अपने कार्य शेड्यूल को ध्यान में रखते हुए एक व्यवहार्य अध्ययन दिनचर्या विकसित करें।
- परीक्षा पाठ्यक्रम को प्रबंधनीय भागों में विभाजित करें और यथार्थवादी समय सीमा निर्धारित करें।

गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री चुनें

- विश्वसनीय समीक्षा पाठ्यक्रम और अध्ययन सामग्री चुनें।
- तैयारी के लिए अच्छे विशेषज्ञ व्याख्यान, ऑनलाइन संसाधनों और अध्ययन समूहों पर विचार करें।

प्रभावी समय प्रबंधन

- अपने अध्ययन सत्र को प्राथमिकता दें और ध्यान भटकाने से बचें।
- अध्ययन के समय के लिए कार्य अवकाश, सप्ताहांत और सुबह-सुबह का उपयोग करें।
- उत्पादकता बढ़ाने के लिए अध्ययन सत्र के दौरान छोटे-छोटे ब्रेक लें।

सीखें और दोहराएं

- पाठ्यक्रम को अच्छी तरह से समझें और विशेष रूप से अपने कमजोर क्षेत्रों की पहचान करें।
- बुनियादी अवधारणाओं से शुरुआत करें और धीरे-धीरे अधिक कठिन विषयों की ओर बढ़ें।
- अपनी शिक्षा को मजबूत करने के लिए प्रतिदिन रिवीजन करें।

मॉक टेस्ट के साथ अभ्यास करें

- मुख्य परीक्षा के दौरान अच्छी तैयारी के लिए नियमित मॉक टेस्ट शेड्यूल करें।
- अपने प्रदर्शन का स्वयं मूल्यांकन करें और गलतियों की पहचान करें।

अध्ययन समूहों में शामिल हों

- आभासी अध्ययन समूहों के माध्यम से साथी छात्रों से जुड़ें
- दूसरों का दृष्टिकोण जानने के लिए चुनौतीपूर्ण विषयों और प्रश्नों पर चर्चा करें।

प्रेरित रहो

- अपने लक्ष्य को ध्यान में रखें और अपनी तैयारी के दौरान प्रेरित रहें।
- छोटी-छोटी जीतों का जश्न मनाएं और सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखें।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

संक्षिप्त समाचार

हरिद्वार जाने का प्लान हुआ कैंसल, गाजियाबाद आकर व्यापारी दोस्त ने मारी गोली

गाजियाबाद, एजेंसी। गाजियाबाद की नेहरू नगर कॉलोनी में गोलियों से छलनी लाश मिलने से हड़कंप मच गया। घटना के बारे में पुलिस को सूचित किया गया तो जांच में पता चला कि मरने वाला शख्स ऋषभ गुप्ता है जो कि एक व्यापारी है। पंचवटी इलाके में रहने वाले ऋषभ को उसे दोस्तों के सामने मार दिया गया। हत्या के बारे में और खुलासा हुआ तो मामला व्यापार से जुड़े लेन-देन का निकलकर सामने आया है। पुलिस उपायुक्त (शहर) राजेश कुमार ने बताया कि मृतक ऋषभ गुप्ता एक व्यापारी था और पंचवटी कॉलोनी में रहता था। उन्होंने बताया कि ऋषभ अपने तीन दोस्तों पुलकित गोयल, अनुज शर्मा और मुकुल गोयल के साथ सोमवार रात को गाजियाबाद से हरिद्वार के लिए निकला था, लेकिन ये लोग रास्ते से ही वापस आ गए और फिर ये घटना घटी। पुलिस ने मुकुल को गिरफ्तार कर लिया है। उसने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि हरिद्वार जाने के बजाय वे लोग मेरठ से वापस गाजियाबाद आ गए और जब वे नेहरू नगर पहुंचे, तो अनुज ने ऋषभ पर गोली चला दी। गोली उसके सिर में लगी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद तीनों दोस्त लाश और देसी पिस्तौल सड़क किनारे छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में पता चला है कि चारो व्यक्ति बिजनेस पार्टनर थे। उन लोगों के बीच पैसों के लेन-देन को लेकर भी विवाद चल रहा था। हो सकता है कि इसी चक्कर में उसके ऊपर गोली चलाई गई हो। पुलिस ने मुकुल को गिरफ्तार कर लिया है बाकी के अन्य दो पुलकित और अनुज फरार हैं।

तिरुपति लड्डू विवाद से सहमी ओडिशा सरकार, पुरी के जगन्नाथ मंदिर पर बड़ा कदम

पुरी, एजेंसी। तिरुपति लड्डू में जानवर की चर्बी पाए जाने के आरोपों के बीच ओडिशा सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। मंगलवार को ओडिशा सरकार ने जगन्नाथ मंदिर में प्रसाद बनाने के लिए उपयोग किए जाने वाले घी की गुणवत्ता की जांच करने का निर्णय लिया। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। आंध्र प्रदेश के तिरुमाला मंदिर में लड्डू बनाने में जानवर की चर्बी वाले घी के इस्तेमाल के आरोपों के बाद यह फैसला लिया गया है। पुरी के जिला कलेक्टर सिद्धार्थ शंकर स्वैन ने कहा कि हालांकि यहां ऐसे किसी आरोप का सामना नहीं करना पड़ा है, लेकिन प्रशासन कोठा भोग (देवताओं के लिए प्रसाद) और बराड़ी भोग (ऑर्डर पर प्रसाद) की तैयारी में उपयोग किए जाने वाले घी की गुणवत्ता की जांच करेगा। उन्होंने बताया कि ओडिशा मिल्क फेडरेशन (ओमफेड) ही पुरी मंदिर के लिए घी का एकमात्र आपूर्तिकर्ता है। उन्होंने कहा, हालांकि, किसी भी प्रकार की मिलावट के डर को कम करने के लिए ओमफेड द्वारा आपूर्ति किए जाने वाले घी की मानक की जांच करने का निर्णय लिया गया है। स्वैन ने कहा कि मंदिर में प्रसाद तैयार करने वाले सेवकों के साथ भी इसकी चर्चा भी की जाएगी।

मुंबई वालों को जल्द मिलेगी नई सौगात; पहली भूमिगत मेट्रो के उद्घाटन की तैयारी

मुंबई , एजेंसी। मुंबई की पहली भूमिगत मेट्रो या एक्वा लाइन को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। इसके पहले चरण में ट्रेन का परिचालन सुरक्षा मंजूरी मिलते ही आरे कॉलोनी से बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स के बीच शुरू हो जागा। सीनियर अधिकारी ने मंगलवार को यह अपडेट दिया। आरे कॉलोनी और बीकेसी के बीच 12.5 किमी लंबा मेट्रो मार्ग 33.5 किमी लंबी कोलाबा-सीप्ज-आरे मेट्रो लाइन-3 का हिस्सा है। इस तरह मुंबई के लोगों को यातायात में सुविधा के लिहाज से जल्द ही बड़ी सौगात मिलने वाली है। मुंबई मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक अश्विनी भिड़े ने पत्रकार वार्ता में अधिक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मेट्रो लाइन-3 पर जल्द ट्रेन का ऑपरेशन शुरू होगा, क्योंकि अब महज मेट्रो रेलवे सुरक्षा आयुक्त की मंजूरी मिलनी बाकी है। उन्होंने कहा कि इसके लिए 2 मंजूरियों की आवश्यकता थी। इसमें से उन्हें रोलिंग स्टॉक (मेट्रो ट्रेन) के लिए पहले ही मंजूरी मिल चुकी है, जबकि रेल लाइन के लिए आवेदन स्वीकृति के लिए लंबित है। इसमें से 12.5 किलोमीटर लंबे आरे कॉलोनी से बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स मार्ग का उद्घाटन अक्टूबर के पहले सप्ताह में हो सकता है।

गाजियाबाद में चल रहा था धर्मांतरण का खेल, 12 गरीब हिंदू परिवारों को बनाया ईसाई

गाजियाबाद एजेंसी।
गाजियाबाद के नंदग्राम थानाक्षेत्र के सेवानगर में प्रार्थना सभा की आड़ में धर्मांतरण का खुलासा होने पर जांच एजेंसियां भी सक्रिय हो गई हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, ईसाई मिशनरियों द्वारा बीमारी के इलाज, शादी और पैसों का लालच देकर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। विदेशी फंडिंग की आशंका के चलते इन्ग्राहम शिक्षण संस्थान के पीटीआई और उसके साथियों के बैंक खातों की डिटेल खंगाली जा रही है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इन्ग्राहम शिक्षण संस्थान का पीटीआई जेराल्ड मैथ्यूज मैसी और उसके साथी गरीब और जरूरतमंद लोगों को बीमारी के इलाज, शादी-रोजगार का झांसा देकर जाल में फंसाते थे। इसके बाद उन्हें ईसाई धर्म के रीति-रिवाज के मुताबिक प्रार्थना सभा में आने के लिए प्रेरित करते थे। वहां कुछ लोगों को उनकी जररूत के मुताबिक

सुविधाएं मुहैया कराकर अन्य लोगों को धर्म अपनाने के लिए कहते थे।

बजरंग दल धर्म जागरण प्रकोष्ठ के महानगर संयोजक नवीन सिंह का कहना है कि धर्मांतरण कराने वाला गिरोह गाजियाबाद के साथ आसपास के जिलों में भी सक्रिय है। गिरोह अब तक हजारों लोगों को धर्म परिवर्तन करा चुका है। वहीं, पुलिस का कहना है कि मकान में ईसाई धर्म की पुस्तकें और प्रचार-प्रसार की सामग्री मिली है। अंदेशा है कि बड़े पैमाने पर धर्मांतरण कराया गया है। बजरंग दल धर्म जागरण प्रकोष्ठ के महानगर संयोजक नवीन सिंह के मुताबिक, गिरोह ने नंदग्राम थानाक्षेत्र के 11 परिवारों का धर्म परिवर्तन कराया। इसके अलावा संजय नगर सेक्टर-23 स्थित एक परिवार के धर्मांतरण करने का भी पता चला है। गाजियाबाद के कई अन्य इलाकों में भी इस गिरोह के सक्रिय होने की बात सामने आई है। इस संबंध में संगठन अपने स्तर से खोजबीन कर रहा है। इन्ग्राहम शिक्षण संस्थान के पीटीआई जेराल्ड मैथ्यूज मैसी और उसके साथियों के पकड़े जाने का पता लगते ही कुछ लोग विरोध जताने नंदग्राम थाने पहुंच गए। उन्होंने धर्मांतरण के आरोप को गलत बताते हुए हंगामा किया। बताया जा रहा कि जेराल्ड मैथ्यूज मैसी के समर्थन में पहुंचे लोग गाजियाबाद के अलावा आसपास के जिलों से आए थे। वहीं, बजरंग दल के नवीन सिंह का कहना है कि यह सभी लोग वह हैं, जिनका धर्मांतरण कराया जा चुका है।

नोएडा के पास होगी राफेल और मिराज की मरम्मत, डसॉल्ट बनाएगी एमआरओ हब

नोएडा , एजेंसी। भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान राफेल और मिराज-2000 की मरम्मत और रखरखाव का कार्य नोएडा के निकट किया जाएगा। फ्रांसीसी विमान निर्माता कंपनी डसॉल्ट इन लड़ाकू विमानों के लिए नोएडा के निकट एमआरओ यानी रखरखाव, मरम्मत और ओवरहॉल सुविधा केंद्र स्थापित करेगी। इस केंद्र को छह महीने के अंदर धरातल पर उतारने का दावा किया जा रहा है। इसके अलावा जेवर में एयरपोर्ट के पास भी कॉमर्शियल विमानों के लिए एमआरओ हब प्रस्तावित है। सूत्रों ने बताया कि डसॉल्ट की नई इकाई डसॉल्ट एविएशन मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहाल इंडिया (डीएएमआरओआई) का परिचालन छह महीने के भीतर शुरू होने की उम्मीद है। यह धीरे-धीरे अपनी गतिविधियों का विस्तार करेगी। डसॉल्ट में पहले अपनी सेवा दे चुके पोसिना वेंकट राव को नई इकाई का सीईओ नियुक्त किया गया है। बता दें कि भारतीय वायुसेना 36 राफेल और 50 मिराज-2000 विमानों के बेड़े का संचालन करती है। इसके अलावा भारत 26 राफेल समुद्री विमानों के लिए फ्रांस के साथ एक सौदे पर बातचीत कर रहा है, जिन्हें आईएनएस विक्रांत पर तैनात किया जाना है। समुद्र में निरंतर युद्ध संचालन के लिए बनाए गए दो इंजन वाले डेक-आधारित फ्रांसीसी लड़ाकू विमानों का सौदा लगभग 50 हजार करोड़ रुपये में होने का अनुमान है। विकसित किया जाना है। एयरपोर्ट का निर्माण कर रही ज्यूरिख कंपनी ने इसके लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) निकाली है।

केंद्र की नमस्ते योजना में शामिल होंगे गुरुग्राम के कूड़ा बीनने वाले, स्वास्थ्य बीमा सहित मिलेंगे कई फायदे

गुरुग्राम, एजेंसी। कूड़ा बीनने वालों के लिए एक अच्छी खबर है। गुरुग्राम नगर निगम क्षेत्र में कूड़ा बीनने वाले पांच हजार से अधिक लोगों को अब केंद्र सरकार की 'नमस्ते योजना' में शामिल किया जाएगा। जून में हुई स्थायी वित्त समिति की बैठक में इसे हरी झंडी मिल चुकी है। इसको लेकर शहरी स्थानीय निकाय विभाग को भी इसका नोटिफिकेशन मिल गया है।योजना को लागू करने और कूड़ा बीनने वालों को इसका लाभ दिलाने के लिए के लिए प्रदेश के सभी नगर निगम को पत्र लिखा गया है। योजना में शामिल होने से कूड़ा बीनने वाले लोगों को सरकार की कई योजनाओं को फायदा तो मिलेगा ही, साथ में उन्हें कूड़ा उठाने के लिए पीपीई किट समेत स्वास्थ्य बीमा का भी लाभ मिलेगा। इसको लेकर उन्हें नगर निगम की तरफ से सही तरीके से कूड़ा बिनने का विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

केंद्र सरकार ने सीवर और सेप्टिक टैंक श्रमिकों के कल्याण के लिए एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना, नेशनल एक्शन फॉर मैकेनाइज्ड सैनिटेशन ईकोसिस्टम (नमस्ते) योजना शुरू की गई है। इसमें पूर्ववर्ती मैनुअल स्कैवेंजर्स (एमएस) के पुनर्वास के लिए स्वरोजगार के घटक शामिल हैं। स्थायी वित्त समिति ने 20 जून को आयोजित अपनी बैठक में वित्त वर्ष 2024-25 से 'नमस्ते योजना' में तीसरे घटक के रूप में कचरा बीनने वालों को शामिल करने को मंजूरी दे दी थी।

योजना में कचरा बीनने वाले घटक का मुख्य उद्देश्य ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में कचरा बीनने वालों को एकीकृत करना है। अपशिष्ट संग्रहण, पुनर्प्राप्ति और पुनर्चक्रण में उनके योगदान को मान्यता देना और उसे मजबूत करना है, उन्हें मान्यता प्रदान करना, सुरक्षित और टिकाऊ कार्य वातावरण प्रदान करना, सामाजिक सुरक्षा, एबी-पीएमजेएवाई के अंतर्गत स्वास्थ्य बीमा का प्रावधान करना और विभिन्न योजनाबद्ध और गैर-योजनाबद्ध हस्तक्षेपों के माध्यम से उन्हें सशक्त बनाकर सुरक्षित करना योजना का मकसद है। डिजिटल ऐप्लिकेशन के जरिये इन कर्मचारियों की पंजीकृत करना। पीपीई किट, सुरक्षा उपकरण, और स्वास्थ्य बीमा कवरेज मिलेगा। व्यावसायिक सुरक्षा प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान उन्हें स्वच्छता से जुड़े वाहनों और मशीनों के लिए सब्सिडी मिलेगी। खुद का स्वच्छता उद्यम शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। सुरक्षा और सम्मान के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। मानव मल के साथ सीधे संपर्क से बचाया जाएगा। कामकाज के दौरान सुरक्षा प्रशिक्षण दिया जाएगा। शहरों में कचरे के पहाड़ बढ़ने की वजह से दिक्कत वर्ष 2000 में देश के पहले नगरपालिका ठोस अपशिष्ट नियमों का उद्देश्य सुरक्षित लैंडफिल में कचरे को इकट्ठा करना, परिवहन और निपटान करना था।

भूपेश बघेल ने सीजेआई चंद्रचूड़ को लिखा पत्र

रायपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल ने सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखा है। उन्होंने सीजेआई से राज्य में केंद्रीय और राज्य जांच एजेंसियों के कामकाज की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच का आदेश दिए जाने की मांग की है। भूपेश बघेल ने प्रधान न्यायाधीश को लिखे पत्र में यह भी शिकायत की है कि सूबे में विभिन्न अपराधों से जोड़ने के लिए उनके खिलाफ साजिश रची जा रही है। भूपेश बघेल ने 21 सितंबर को लिखे पत्र में कहा है कि उन्होंने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कर्तव्यों का पूरी ईमानदारी, निष्ठा और गरिमा के साथ पालन किया। छत्तीसगढ़ में कोयला परिवहन में कथित अवैध वसूली के एक प्रकरण की जांच ईडी बीते चार वर्षों से कर रही है। भाजपा के सत्ता में आने के बाद राज्य की एसीबी/ईओडब्ल्यू की ओर से भी एक केस दर्ज किया गया है। ईडी की ओर से गिरफ्तार किए गए आरोपियों को एसीबी/ईओडब्ल्यू ने भी नए केस में जेल में बंद कर रखा है। इनमें से एक सूर्यकांत तिवारी नाम का व्यापारी भी है।

गुरुग्राम में अब नो पार्किंग से वाहन उठने का मैसेज मोबाइल पर आएगा

गुरुग्राम , एजेंसी। अब नो पार्किंग पर खड़े वाहन को उठाने का मैसेज संबंधित वाहन मालिक के मोबाइल पर आएगा। गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) ने सीआईडी विभाग के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर इसका आग्रह किया है। इसमें जीएमडीए ऐप को केंद्र सरकार के वाहन ऐप से लिंक करवाने में मदद करने को कहा है। अब तक यह दोनों ऐप लिंक नहीं होने से नो पार्किंग से वाहन को उठाने के दौरान वाहन मालिक को परेशान होना पड़ता है। उसे पता नहीं चलता है कि अवैध पार्किंग के चलते उसका वाहन उठाया गया है या वाहन चोरी हो गया है। वाहन मालिक को इधर-उधर भटकना पड़ता है।

गुरुग्राम की सड़कों पर भारत के हर प्रदेश में पंजीकृत वाहन दौड़ते हैं। सड़कों पर अवैध रूप से खड़े वाहनों को ट्रैफिक पुलिस की तरफ से

जीएमडीए की उपलब्ध क्रेन की मदद से उठवाया जाता है। वाहनों को छोड़ने के एवज में ट्रैफिक पुलिस चालान करती है। क्रेन से वाहन को उठाने की एवज में 1000 रुपये अलग से शुल्क वसूल किया जाता है। इसमें आधी राशि जीएमडीए के खाते में तो आधी क्रेन मालिक के खाते में जाती है। मौजूदा समय में क्रेन के माध्यम से अवैध पार्किंग में खड़ी कार को उठा लिया जाता है। वाहन मालिक के पास किसी तरह का मैसेज नहीं जाता है। वाहन नहीं मिलने के दौरान उसे भटकना पड़ता है। कई बार तो पुलिस कंट्रोल रूम में वाहन चोरी को लेकर शिकायत दी जाती है। जहां से उन्हें क्रेन की तरफ से वाहन उठाकर ले जाई गई, जगह पर भेज दिया जाता है। वाहन को देखकर वाहन मालिक की तरफ से राहत की सांस ली जाती है। जीएमडीए से मिली जानकारी के मुताबिक, गुरुग्राम की सड़कों से करीब 1.40 लाख वाहनों को क्रेन की मदद से ट्रैफिक पुलिस की तरफ से उठवाया जा चुका है। इन वाहनों का डेटा जीएमडीए की ऐप में फीड हो चुका है। यदि इन वाहनों को क्रेन द्वारा दोबारा उठाया जाता है तो इनके पास नो पार्किंग से वाहन उठने का मैसेज पहुंच जाएगा। इन लोगों को परेशान नहीं होना पड़ेगा। इससे नियमों का भी पालन होगा। उद्योग विहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के महासचिव एपी जैन ने बताया कि उद्योग विहार में ट्रैफिक पुलिस और जीएमडीए ने कारोबारियों को परेशान किया हुआ है। पार्किंग का बंदोबस्त किए बिना उद्योगों के बाहर खड़े वाहन उठाए जा रहे हैं। इस सिलसिले में मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है, लेकिन कोई निष्कर्ष नहीं निकल सका है। उद्योग विहार में 10 एकड़ जमीन में पार्किंग बननी थी, जिस जमीन को बिल्डर को एचएसआईआईडीसी ने बेच दिया है।

पत्नी ने नहीं मानी बात, गुरुग्राम में हैवान पति ने कैंची-बर्फ के टुकड़ों से किए वार; मायके के बाहर फेंककर भागा

गुरुग्राम , एजेंसी। गुरुग्राम के सेक्टर-111 स्थित अपार्टमेंट में 44 साल की महिला पर उसके पति ने कैंची और बर्फ के टुकड़ों से कई बार हमला किया। जिसकी वजह से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने गुरुवार को घटना की जानकारी देते हुए बताया कि महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस के अनुसार, मीनाक्षी सरोहा नाम की पीड़िता पर हमला करने के बाद, उसके पति ने उसे कार में बिठाया और 36 किलोमीटर दूर बहादुरगढ़ के सेक्टर 37 में एचएल सिटी स्थित उसके मायके ले गया। फिर उसे वहां फेंककर उसके परिवार को बाहर बुला लिया।

पुलिस ने बताया कि महिला के शरीर पर घाव और खून बहता दिखने सहित कई गंभीर चोटों को देखकर उसके भाई अमित जून और उसकी पत्नी विक्की देवी ने आरोपी पति को कार से बाहर निकाला। उन्होंने मीनाक्षी को कार में बिठाया और इलाज के लिए तुरंत झज्जर में रोहतक रोड स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। स्टेशन हाउस ऑफिसर (बजघेरा) इंस्पेक्टर अशोक कुमार ने बताया कि महिला की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका एक अस्पताल में इलाज चल रहा है।

कुमार ने कहा, फिलहाल पति फरार है और पुलिस की एक टीम ने सोमवार शाम सेक्टर-111 स्थित उनके किराए के अपार्टमेंट पर छापा मारा, लेकिन वह वहां नहीं मिला। पुलिस ने बताया कि सोमवार सुबह करीब 8 बजे संदिग्ध ने मीनाक्षी के भाई अमित जून को फोन किया और कनाडा में शिफ्ट होने की योजना पर चर्चा करने के लिए उनके अपार्टमेंट में आने को कहा। हालांकि, जून दूसरे कमिटमेंट्स की वजह से मिलने नहीं आ सका।

मुख्यमंत्री के सुपुत्र बनेंगे डिप्टी सीएम? तमिलनाडु में बड़े फेरबदल के आसार

चेन्नई, एजेंसी।
तमिलनाडु की द्रविड़ मुन्नेत्र कझगम सरकार में बड़े फेरबदल के आसार हैं। हालांकि, इसे लेकर लंबे समय से अटकलों का दौर जारी है और अब मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने भी इसके संकेत दे दिए हैं। फिलहाल, उन्होंने यह साफ नहीं किया है कि किन विभागों में बदलाव होंगे, लेकिन संभावनाएं जताई जा रही हैं कि उनके बेटे और राज्य सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन को बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने मंगलवार को संकेत दिया कि खेल मंत्री एवं उनके बेटे उदयनिधि स्टालिन को उपमुख्यमंत्री बनाया जाएगा और मंत्रिमंडल में फेरबदल किया जाएगा। जब पत्रकारों ने स्टालिन से मंत्रिमंडल में फेरबदल और कुछ समय से उदयनिधि को उपमुख्यमंत्री बनाए जाने की चर्चाओं के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा, 'कोई निराशा नहीं होगी, बदलाव होगा।' एक अन्य सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार उत्तरपूर्व मॉनसून से निपटने के लिए तैयार है और राज्य के मुख्य सचिव ने पहले ही शीर्ष अधिकारियों के साथ चर्चा की है और वह भी अधिकारियों के साथ चर्चा करेंगे।

विपक्ष की उनकी अमेरिकी यात्रा के दौरान हासिल

किए निवेश पर श्वेत पत्र लाने की मांग पर स्टालिन ने कहा कि उद्योग मंत्री टीआरबी राजा ने पहले ही एक बयान दिया है और 'वह भी अपने आप में एक श्वेत पत्र है।' स्टालिन की अमेरिकी यात्रा के दौरान राज्य सरकार ने 18 कंपनियों के साथ कुल 7,616 करोड़ रुपये के समझौतों पर हस्ताक्षर किए थे। उदयनिधि ने 18 सितंबर को कहा था कि उन्हें उपमुख्यमंत्री बनाने संबंधी फैसला मुख्यमंत्री स्टालिन लेंगे और अगले ही दिन तमिलनाडु के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री टी.एम. अंबारासन ने कहा था कि उदयनिधि को जल्द ही उपमुख्यमंत्री बनाया जाएगा।

हम कंगना रनौत के खिलाफ दर्ज कराएंगे मानहानि का मुकदमा : विक्रमादित्य सिंह

शिमला, एजेंसी।
कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विक्रमादित्य सिंह ने बीजेपी सांसद व अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज कराने की बात कही है। उन्होंने अभिनेत्री से सोनिया गांधी से माफी की मांग की है। कांग्रेस नेता ने दो टूक कहा कि अगर अभिनेत्री ने सोनिया गांधी से माफी नहीं मांगी तो हम उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज कराएंगे। विक्रमादित्य सिंह ने कंगना रनौत के उस बयान पर गुस्सा जाहिर किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू अपनी अनुशंसा के दम पर केंद्र से फंड जारी कर सोनिया गांधी के खाते में डलवाते हैं।

विक्रमादित्य सिंह ने अभिनेत्री के इन आरोपों को सिरे से खारिज कर कहा कि उनके बारे में अब क्या ही कहा जाए। मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है कि वो ज्यादा पढ़ी लिखी भी नहीं हैं। ऐसे में अब उनके बारे में क्या ही टिप्पणी की जा सकती है। कांग्रेस

नेता ने कहा, हम सबको पता है कि केंद्र से सहयोग ड्राफ्ट और अन्य माध्यम से आता है। मैं कंगना को चैलेंज करता हूं कि वह एक रुपए का भी ऐसा लेन-देन दिखा दे। कंगना रनौत को अपने बयान से जुड़े हुए तथ्य पेश करने चाहिए। अगर वह इससे जुड़े तथ्य पेश नहीं कर सकती, तो उन्हें सोनिया गांधी से माफी मांग लेनी चाहिए। अगर एक रुपए की भी हेर-फेर का तथ्य उनके पास है, तो पेश करके दिखाएं, नहीं तो उन्होंने जो सोनिया गांधी पर बेकार के लांछन लगाए हैं। उसके खिलाफ उनके ऊपर मानहानि का दावा ठोकेंगे।

उन्होंने कहा, मंडी की सांसद कंगना रनौत वैसे तो हिमाचल आती नहीं है। आज कल सेंसर बोर्ड ने उनकी फिल्म ब्लॉक कर दी है, इसलिए शायद वे गम में इन दिनों हिमाचल आई हैं और अपने घर पर बैठकर बेतुकी बयानबाजी कर रही हैं, जिसका कोई औचित्य और सिर पैर नहीं है। उन्होंने आगे कहा, ये कहना कि केंद्र से जो सहयोग हिमाचल को आ रहा है या जो हिमाचल प्रदेश की सरकार पैसा विकास कार्य में योगदान कर रही है, वो सोनिया गांधी को दिया जा रहा है। इससे बड़ा मूर्खता भरा बयान कोई नहीं हो सकता है, जिससे उनकी शिक्षा के स्तर का भी पता चलता है।

प्रतिभा सिंह ने भी अभिनेत्री कंगना रनौत के बयान पर पलटवार किया। उन्होंने कहा, सांसद कंगना रनौत बिना तथ्य की बयानबाजी कर रही हैं। ऐसा कोई कैसे सोच सकता है कि केंद्र से आ रही सहायता और राज्य के लिए लिया जा रहा कर्ज सोनिया गांधी के खाते में जा रहा होगा। ऐसा बयान उनकी मानसिकता को दर्शाता है। इस तरह का बयान बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

बता दें कि अभिनेत्री कंगना रनौत ने शिमला के एक गांव में भाजपा के सदस्यता अभियान के दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि सुखविंदर सिंह केंद्र सरकार से फंड लेकर सोनिया गांधी के खाते में पैसे डाल देते हैं।

फ्लैट में घुसकर सॉफ्टवेयर इंजीनियर को पीटा, तीसरी मंजिल से फेंका; घर में की तोड़फोड़

गाजियाबाद , एजेंसी। गाजियाबाद के क्रॉसिंग रिपब्लिक थानाक्षेत्र की निधिवन सोसाइटी में पड़ोसियों ने फ्लैट में घुसकर मारपीट के बाद सॉफ्टवेयर इंजीनियर को तीसरी मंजिल से फेंक दिया। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए। चाचा ने पीड़ित को अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित की रीढ़, पैर और आंख के नीचे की हड्डी टूट गई है। चाचा की शिकायत पर पुलिस ने महिला समेत पांच लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है।

क्रासिंग रिपब्लिक थानाक्षेत्र के ग्रींस एन्क्लेव न्यू शांतिनगर निवासी रामानंद का कहना है कि भतीजा ऋषिराज सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। वह मूलरूप से ग्राम कारी सोवा थाना वजीरगंज जिला गया बिहार का रहने वाला है। ऋषिराज उनके बराबर में निधिवन सोसाइटी में किराए के फ्लैट में रहता है। रामानंद का कहना है कि 20 सितंबर की रात साढ़े 11 बजे ऋषिराज उनके यहां से खाना खाकर अपने फ्लैट पर गया था। आरोप है कि उसी समय उसके पड़ोस वाले फ्लैट में रहने वाला अंकित कुमार अपने साथ कृष्णवीर, सोनू, आयुषी और एक अज्ञात व्यक्ति के साथ ऋषिराज के फ्लैट पर पहुंचा और मारपीट शुरू कर दी। हमलावरों ने हत्या करने के इरादे से तीसरी मंजिल से ऋषिराज को धक्का दे दिया और फरार हो गए। रामानंद का कहना है कि शोर-शराबा सुनकर वह मौके पर पहुंचे तो ऋषिराज गंभीर हालत में जमीन पर पड़ा मिला। इसके बाद वह उसे एमएमजी अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन गंभीर हालत में ऋषिराज को दिल्ली के इंडियन स्पाइन इंजरी सेंटर बसंतकुंज रेफर कर दिया गया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

सार समाचार

कोहली और पंत रणजी खेल सकते हैं

- 2019 के बाद पहली बार दिल्ली के संभावित खिलाड़ियों की सूची में नाम

नईदिल्ली, एजेंसी। दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली और विकेटकीपर ऋषभ पंत रणजी ट्रॉफी 2024-24 के कुछ मैच खेल सकते हैं। 2019 के बाद पहली बार इन दोनों खिलाड़ियों को दिल्ली के संभावितों की सूची में शामिल किया गया है। जबकि तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा को जगह नहीं दी गई है। बुधवार को दिल्ली एंड डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन ने 84 खिलाड़ियों की सूची जारी की।

विराट कोहली ने आखिरी रणजी मुकाबला 2012-13 के सीजन में खेला था। जबकि ऋषभ पंत ने 2015 में आखिरी रणजी मैच खेला था। रणजी ट्रॉफी का मौजूदा सीजन 11 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। दिल्ली का पहला मुकाबला छत्तीसगढ़ के खिलाफ खेला जाएगा, हालांकि इस मुकाबले का वेन्यू तय नहीं है।

कुछ ही मैच खेल सकेंगे कोहली और पंत कोहली और पंत मौजूदा रणजी के कुछ ही मैच खेल सकेंगे, क्योंकि टीम टीम को अक्टूबर में बांग्लादेश के खिलाफ 3 टी-20 मैच खेलने हैं। फिर 16 अक्टूबर से न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 टेस्ट की सीरीज भी होनी है। इसी बीच, 11 अक्टूबर से दिल्ली का रणजी मैच भी होगा।

ऐसे में विराट कोहली इस मुकाबले का हिस्सा हो सकते हैं, क्योंकि वे टी-20 फॉर्मेट से संन्यास ले चुके हैं, जबकि ऋषभ पंत को टी-20 सीरीज से आराम दिया जा सकता है। ईशांत शर्मा का नाम नहीं; सैनी, बडोनी, रावत और धुल शामिल संभावितों की सूची में तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा को शामिल नहीं किया गया है। इस सूची में कोहली और पंत के अलावा, नवदीप सैनी, आयुष बडोनी, अनुज रावत और यश धुल जैसे बढ़े खिलाड़ियों को मौका दिया गया था।

एम्बाप्पे ने फिर दागा गोल, रियाल मैड्रिड को दिलाई एक और जीत

मैड्रिड, एजेंसी। किलियन एम्बाप्पे ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पिछले पांच मैच में अपना छठा गोल दागा जिससे रियाल मैड्रिड ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अलावेस को 3-2 से हराया। एम्बाप्पे को खेल के 40वें मिनट में बॉक्स के अंदर गेंद मिली और उन्होंने एक डिफेंडर को छकाकर बड़ी खूबसूरती से उसे गोल में बदल दिया। एम्बाप्पे को मांसपेशियों में खिंचाव के कारण 80वें मिनट में मैदान छोड़ना पड़ा था। लुकास वाजक्वेज और रोड्रिगो ने भी मैड्रिड की तरफ से गोल किए। इससे मैड्रिड ने स्पेनिश लीग में अपने अजेय अभियान को 39 मैच तक पहुंचा दिया है। इसमें पिछले सत्र की 29 जीत और 10 ड्रॉ भी शामिल हैं।

अलावेस ने 85वें मिनट में कार्लोस बेनाविदेज़ और 86वें मिनट में किके गार्सिया के गोल की मदद से वापसी की अच्छी कोशिश की लेकिन अंतिम क्षणों में कुछ अच्छे मौके मिलने के बावजूद वह बराबरी नहीं कर पाया।

348 दिन बाद हारा ऑस्ट्रेलिया, वनडे सीरीज हुई रोमांचक

इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रुक ने शतक जमाकर रचा इतिहास

ऑस्ट्रेलिया की जीत का सिलसिला खत्म

इस हार के साथ ही ऑस्ट्रेलिया की 14 मैच की जीत का सिलसिला खत्म हो गया। उनकी आखिरी वनडे हार पिछले साल विश्व कप में लखनऊ में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुई थी। चेस्टर-ले-स्ट्रीट के रिवरसाइड ग्राउंड पर खेले गए इंग्लैंड बनाम ऑस्ट्रेलिया तीसरे वनडे मैच में कप्तान हैरी ब्रूक ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही।

नईदिल्ली, एजेंसी। इंग्लैंड ने मंगलवार 24 सितंबर 2024 की देर रात (भारतीय समयानुसार 25 सितंबर 2024 को 00:53 बजे) पांच मैच की सीरीज के तीसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया को 46 रन (डीएलएस पद्धति) से हरा दिया। इंग्लैंड की जीत में हैरी ब्रूक और विल जैक्स की तेज और जिम्मेदारी भरी पारियों ने अहम भूमिका निभाई। हैरी ब्रुक 13 चौके और 2 छक्के की मदद से 94 गेंद में 110 रन बनाकर नाबाद रहे। विल जैक्स ने 9 चौके और एक छक्के की मदद से 82 गेंद में 84 रन की पारी खेली।

सितंबर 2020 में आखिरी बार जीता था: इंग्लैंड ने इसके साथ ही 4 साल का सूखा खत्म किया। इंग्लैंड की यह ऑस्ट्रेलिया पर लगातार सात हार के बाद पहली वनडे जीत है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंग्लैंड की पिछले वनडे जीत 13 सितंबर 2020 को मैनचेस्टर में आई थी। तब इंग्लैंड ने 24 रन से ऑस्ट्रेलिया को हराया था। उस मैच में इंग्लैंड की कमान इयोन मॉर्गन और ऑस्ट्रेलिया की एरोन फिंच के हाथों में थी।

कैरी, मैक्सवेल, हार्डी की पारियों पर फिर पानी: ऑस्ट्रेलिया ने 34.3 ओवर में 5 विकेट पर 172 रन ही बनाये थे। हालांकि, निचले-मध्य क्रम में बल्लेबाजी के लिए आए एलेक्स कैरी (65 गेंद, 77 रन, 7 चौके, एक छक्का), ग्लेन मैक्सवेल (25 गेंद, 30 रन, 5 चौके), एरोन हार्डी (26 गेंद, 44 रन, 3 चौके, 2 छक्का) ने तेजी से रन बनाये।

इसी का नतीजा था ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 50 ओवर में 7 विकेट पर 304 रन तक पहुंच पाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड ने 37.4 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 254 रन बना लिये थे। उसके बाद बारिश आ गई। बारिश बहुत ज्यादा नहीं थी, लेकिन लगातार होने के कारण खिलाड़ियों को मैदान छोड़ना पड़ा। अंपायर्स को भी काफी परेशानी हुई। ऑस्ट्रेलिया सीरीज में अभी 2-1 से आगे

लगातार बूंदाबांदी जब थोड़ी तेज हुई तो अंपायर्स ने खेल रोक दिया। करीब 45 मिनट तक जब बारिश नहीं रुकी तो डीएलएस पद्धति के आधार पर इंग्लैंड को विजेता घोषित कर दिया गया। हालांकि, श्रृंखला अब भी जीवंत है, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया 2-1 से आगे है और दो मैच होने बाकी हैं। मेजबान टीम के लिए यह बहुत जरूरी जीत थी। इससे सीरीज के बाकी मैच के लिए उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा। कुल मिलाकर, टॉस भी एक अहम कारक साबित हुआ। लगातार बारिश के कारण सोमवार को मैदान को कवर किया गया था। इसका मतलब था कि पिच पर इंग्लिश गेंदबाजों के लिए पर्याप्त मसाला था और वे स्कोरिंग दर पर अंकुश लगा सकते थे। अतिरिक्त उछाल, सीम से और हवा में मूवमेंट वे प्रमुख योगदानकर्ता रहे, जिसने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को डिफेंसिव दृष्टिकोण अपनाने के लिए मजबूर किया।

मिचेल स्टार्क ने अपने दूसरे ओवर में इंग्लैंड के दोनों सलामी बल्लेबाजों को आउट कर दिया था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया की उम्मीदें यहीं खत्म हो गईं। विल जैक्स और हैरी ब्रूक के बीच 156 रन की साझेदारी ने घरेलू टीम के लिए लगभग जीत पक्की कर दी।

हालांकि, जैक्स शतक से चूक गए, लेकिन ब्रुक ने अपना पहला वनडे शतक बनाया। वह अंत तक टिके रहने के लिए दृढ़ संकल्पित दिखे।

चौथी कक्षा के बाद नहीं ली क्लास फिर भी स्कूल ने दी 90 लाख की गाड़ी

नईदिल्ली, एजेंसी। भारत में कई सालों तक शतरंज का केवल का एक ही चेहरा था, नाम था विश्वनाथन आनंद। कई सालों तक आनंद ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल्स जीतकर देश का गौरव बढ़ाया। कई सालों तक आनंद के अलावा कोई और यह कामयाबी हासिल नहीं कर सका।

हालांकि 2024 में यह स्थिति अलग है। भारत में एक नहीं कई ऐसे नाम हैं जिन्हें आनंद का उत्तराधिकारी माना जा रहा है। इसमें प्रमुख नाम है डी गुकेश। 18 साल का यह खिलाड़ी कई ऐसे कारनामे कर चुका है जो भारत के लिए अब तक केवल आनंद ने ही किए हैं।

17 साल की उम्र में कैंडिडेट्स चैंपियन बने गुकेश

डी गुकेश ने इस साल 17 साल की उम्र में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता। इस टूर्नामेंट को जीतने वाले वह सबसे युवा खिलाड़ी थे। वहीं आनंद के बाद यह कारनामा करने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बने थे। इतनी कम उम्र में गुकेश की यह सफलता आपको हैरान कर सकती है लेकिन इस सफलता के लिए बहुत कुछ त्याग किया है। गुकेश ने भले ही लगातार स्कूल जाना छोड़ दिया हो लेकिन उनका स्कूल उनकी हर कामयाबी का जश्न मनाता है।

गुकेश जब कैंडिडेट्स जीतकर देश लौटे तो वेलामल विघालय अयनामबक्कम ने एक बड़ा कार्यक्रम रखा। इस कार्यक्रम में गुकेश को गिफ्ट के तौर पर 90 लाख रुपए की मर्सिडीज बेंज दी थी। सिर्फ गुकेश नहीं बल्कि वर्ल्ड कप के रनरअप आर प्रज्ञानंद भी इसी स्कूल के छात्र रहे हैं। वहीं विश्वनाथन आनंद भी इसी स्कूल के छात्र हैं।

गुकेश लगातार नहीं गए स्कूल

गुकेश ने चेस बेस इंडिया को दिए एक इंटरव्यू में बताया था कि उन्होंने आम बच्चों की तरह बचपन नहीं जिया। वह चौथी के बाद लगातार स्कूल नहीं गए। हालांकि उन्हें इस बात का अफसोस नहीं है। गुकेश का यह भी कहना है कि वह पढ़ाई में बहुत अच्छे थे और जब तक लगातार स्कूल गए वह टॉपर थे। इसके बाद उन्होंने एक ही चीज पर फोकस करने का फैसला किया और शतरंज को चुना।

7 छक्के, 86 चौके और 498 रन...

द्रोण देसाई ने बल्ले से मचाई तबाही

नईदिल्ली,एजेंसी। 18 साल के द्रोण देसाई ने दीवान बल्लूभाई कप अंडर-19 मल्टीडे टूर्नामेंट के दौरान 498 रन बनाकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करवाया. उन्होंने अपनी पारी से मैदान में गदर काट दिया. मंगलवार को गांधीनगर के शिवाय क्रिकेट मैदान पर द्रोण ने जेएल इंग्लिश स्कूल के खिलाफ अपने स्कूल सेंट जेवियर्स (लोयोला) के लिए यह प्रचंड पारी खेली.

द्रोण देसाई ने अपनी मैराथन पारी के दौरान 320 गेंदों का सामना किया, इसमें सात छक्के और 86 चौके शामिल थे. रिपोर्ट के मुताबिक- यह वार्षिक टूर्नामेंट सेंट्रल बोर्ड ऑफ क्रिकेट अहमदाबाद द्वारा आयोजित किया जाता है जो गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन के अंतर्गत आता है.

देसाई ने मैच के बाद कहा कि वह इस बात से निराश हैं कि वह 500 रन के आंकड़े से चूक गए क्योंकि उन्हें नहीं पता था कि वह इस रिकॉर्ड के इतने करीब हैं. देसाई ने कहा- मैदान में कोई स्कोरबोर्ड नहीं था और मेरी टीम ने मुझे नहीं बताया कि मैं 498 रन पर बल्लेबाजी कर रहा हूं, मैंने स्ट्रोक खेला और आउट हो गया लेकिन मुझे खुशी है कि मैं उन रनों को बनाने में कामयाब रहा.

द्रोण ने कहा- मैंने सात साल की उम्र में क्रिकेट खेलना शुरू किया और मेरे पिता ने मुझे बहुत पुश किया क्योंकि उन्हें लगा कि मेरे अंदर एक अच्छा क्रिकेटर बनने की क्षमता है. वह मुझे जेपी सर (जयप्रकाश पटेल) के पास ले गए जिन्होंने 40 से ज्यादा क्रिकेटरों को कोचिंग दी थी.

द्रोण देसाई की पारी के बदौलत उनकी टीम ने जेएल इंग्लिश स्कूल पर एक पारी और 712 रन से जीत दर्ज की. अपनी टीम के लिए तीसरे नंबर के बल्लेबाज देसाई गुजरात अंडर 14 टीम के लिए खेल चुके हैं और अब उन्हें राज्य की अंडर 19 टीम में जगह मिलने की उम्मीद है.

प्रणव धनावड़े ने बनाए थे कभी 1009 नॉट आउट

देसाई इतना बड़ा स्कोर बनाने वाले देश के छठे बल्लेबाज बन गए हैं. इससे पहले मुंबई के प्रणव धनावड़े (नाबाद 1009), पृथ्वी शॉ (546), डॉ. हवेवाला (515), चमनलाल (नाबाद 506) और अरमान जाफर (498) एक पारी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे हैं.

इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए पाकिस्तानी टीम का ऐलान

लाहौर, एजेंसी। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के चयनकर्ताओं ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए मंगलवार 24 सितंबर की देर रात 15 खिलाड़ियों की टीम की घोषणा की। तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी की टीम में वापसी हुई है। अफरीदी को खराब फॉर्म के कारण इस महीने की शुरुआत में बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट से बाहर कर दिया गया था। पाकिस्तान बनाम इंग्लैंड पहला टेस्ट मैच 7 से 11 अक्टूबर तक मुल्तान में होने वाला है।

पाकिस्तान टीम:

शान मसूद (कप्तान), सऊद शकील (उप-कप्तान), आमिर जमाल, अब्दुल्ला शफीक, अबरार अहमद, बाबर आजम, मीर हमज़ा, मोहम्मद हुरैरा, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), नसीम शाह, नोमान अली, सैम अयूब, सलमान अली आगा, सरफराज अहमद (विकेटकीपर) और शाहीन शाह अफरीदी।

सीपीएल 2024:

जॉनसन चार्ल्स ने खेली तूफानी पारी

नईदिल्ली, एजेंसी। सीपीएल 2024 की पिच पर 24 सितंबर की शाम छक्कों की बारिश देखने को मिली. 35 साल के एक बल्लेबाज ने इस मैच में इतने छक्के मारे कि सीपीएल के इस सीजन में वो सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाला बल्लेबाज बन गया. त्रिनबागो नाइट राइडर्स के खिलाफ सेंट लुसिया किंग्स की ओर से खेल रहे इस बल्लेबाज का नाम जॉनसन चार्ल्स था. 35 साल के चार्ल्स मिजाज से विस्फोटक बैटर हैं. और, इस मैच में उन्होंने खेला भी उसी अंदाज में. उन्होंने छक्कों की बारिश करने के अलावा अपने कप्तान फाफ डु प्लेसी के साथ इस मैच में सेंट लुसिया किंग्स के लिए पार्टनरशिप का रिकॉर्ड भी तोड़ा.

मुकाबले में टॉस जीतकर त्रिनबागो नाइट राइडर्स ने सेंट लुसिया किंग्स को पहले बल्लेबाजी के लिए उतारा. लेकिन, ये दांव उलटा पड़ गया क्योंकि ओपनिंग करने उतरे सेंट लुसिया किंग्स के कप्तान फाफ डु प्लेसी और जॉनसन चार्ल्स विकेट पर आकर जम गए. विकेट के दोनों छोर से रनों की बारिश होने लगी. और, जब ऐसा हुआ तो एक रिकॉर्ड पार्टनरशिप की स्क्रिप्ट लिखी गई.

डु प्लेसी और चार्ल्स के बीच रिकॉर्ड पार्टनरशिप

फाफ डु प्लेसी और जॉनसन चार्ल्स ने मिलकर ओपनिंग विकेट के लिए हुआ सेंट लुसिया किंग्स का 139 रन का पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया. डु प्लेसी और चार्ल्स ने त्रिनबागो नाइट राइडर्स के खिलाफ ओपनिंग विकेट के लिए 145 रन जोड़े. ये जोड़ी तब टूटी जब जॉनसन चार्ल्स की 40 गेंदों वाली दमदार और कमाल की पारी पर ब्रेक लगा.

जॉनसन चार्ल्स ने 40 गेंदों पर 8 छक्के और 7 चौके के साथ 89 रन बनाए. 222.50 की स्ट्राइक रेट से खेली इस पारी में जमाए 8 छक्कों के बाद जॉनसन चार्ल्स सीपीएल 2024 में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं. उनके नाम अब 25 छक्के हो गए हैं. इसी के साथ चार्ल्स ने अब तक 24 छक्के लगाने वाले क्विंटन डिकॉक को पीछे छोड़ दिया है.

फाफ डु प्लेसी ने भी अर्धशतक जड़ा और 43 गेंदों पर 59 रन बनाए. इन दोनों के अलावा टिम सिफर्ट ने 30 रन बनाए. इस तरह सेंट लुसिया किंग्स 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 218 रन बनाने में कामयाब रही.

अब त्रिनबागो नाइट राइडर्स के सामने 219 रन का लक्ष्य था. लेकिन, टीम में पोलार्ड, रसेल, पूरन जैसे नाम वाले खिलाड़ी होने के बाद भी ये टीम टारगेट को चेज करने से 80 रन दूर रह गई.

भारतीय पुरुष हॉकी टीम अक्टूबर में जर्मनी की मेजबानी करेगी

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम अक्टूबर में दिल्ली में दो मैचों की द्विपक्षीय हॉकी श्रृंखला के लिए जर्मनी की मेजबानी करेगी। भारतीय हॉकी टीम आत्मविश्वास से लबरेज है, क्योंकि उन्होंने हाल ही में पेरिस ओलंपिक में लगातार दूसरी बार कांस्य पदक और एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब बरकरार रखा है।

कप्तान हरमनप्रीत सिंह के नेतृत्व में भारतीय टीम ने पिछले सप्ताह मोकी हॉकी ट्रेनिंग बेस पर फाइनल में मेजबान चीन को 1-0 से हराकर पांचवीं बार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हासिल की। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, जर्मनी के खिलाफ यह द्विपक्षीय श्रृंखला विश्व स्तरीय हॉकी का एक शानदार और यादगार प्रदर्शन होगा।

भारत और जर्मनी दोनों का इस खेल में एक समृद्ध इतिहास है, और यह श्रृंखला प्रशंसकों को दुनिया की दो सबसे मजबूत टीमों के बीच एक रोमांचक मुकाबले का लुत्फ उठाने का मौका देगी। हम इस आयोजन की मेजबानी करके गौरवान्वित हैं, जो न केवल हॉकी की भावना को बढ़ावा देगा बल्कि दोनों देशों के बीच संबंधों को भी मजबूत करेगा।

पिछली बार भारत का सामना जर्मनी से पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल में हुआ था, जहां यूरोपीय दिग्गज टीम 3-2 से विजयी हुई थी। जर्मन हॉकी महासंघ के अध्यक्ष हेनिंग फास्ट्रिच ने कहा, भारत का हमेशा से हॉकी के लिए एक विशेष स्थान रहा है, और हमारी टीम भारतीय हॉकी प्रशंसकों के सामने खेलने के लिए बहुत उत्साहित है।

यह श्रृंखला जर्मनी और भारत के बीच खेल संबंधों को मजबूत करने का एक शानदार अवसर होगा, साथ ही दोनों टीमों को आगामी वैश्विक आयोजनों की तैयारी के लिए एक प्रतिस्पर्धी मंच प्रदान करेगा। हम ऐतिहासिक मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में खेलने की चुनौती और अनुभव के लिए तत्पर हैं।

युवराज के बिना हम

2007 टी20 विश्व कप नहीं जीत पाते:श्रीसंत

जोधपुर, एजेंसी। पूर्व क्रिकेटर श्रीसंत को लगता है कि तेजतर्रार ऑलराउंडर युवराज सिंह के बिना, भारत 2007 में पहला टी20 विश्व कप नहीं जीत पाता।

17 साल पहले 24 सितंबर को ही खचाखच भरे वांडरर्स स्टेडियम, जोहान्सबर्ग में भारतीय टीम ने उद्घाटन टी20 विश्व कप खिताब जीता था। भारत का मुकाबला पाकिस्तान के साथ था जहां धोनी के नेतृत्व में टीम इंडिया ने जीत दर्ज की थी।

एक रोमांचक रोमांचक मुकाबले में, खिलाड़ियों के सामूहिक प्रयास ने भारत को जीत दिला दी और खिताब जीतने वाली पहली टीम बन गई। इस महत्वपूर्ण जीत पर विचार करते हुए श्रीसंत ने महसूस किया कि यह एक सामूहिक टीम प्रयास था और किसी एक व्यक्ति की कड़ी मेहनत नहीं थी जिसने भारत को इतिहास बनाने की अनुमति दी।

हालांकि उन्होंने कहा कि यह सीनियर और जूनियर संयोजन था। धोनी कप्तान थे, लेकिन युवराज के बिना मुझे नहीं लगता कि हम विश्व कप जीत पाते।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

न्यूज बाइट्स

छात्र राजद के जिला प्रभारी को पार्टी ने 6 वर्षों के लिये निकाला

औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)। औरंगाबाद जिले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की छात्र इकाई के भीतर कई दिनों से आंतरिक कलह चल रही थी। छात्र राजद के नेताओं ने जिला प्रभारी चंदन कुमार पर गंभीर आरोप लगाए थे, जिनमें छात्रों से एडमिशन के नाम पर अवैध धन वसूली और अनैतिक आचरण शामिल था। इन आरोपों के चलते राजद की छवि पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा था। छात्र राजद के प्रमुख नेताओं ने आरोप लगाया कि चंदन कुमार छात्रों से एडमिशन के लिए पैसों की मांग कर रहे थे और उनका आचरण भी सवालों के घेरे में था। इससे पहले भी उन पर चरित्रहीनता के आरोप लगे थे, जिससे पार्टी की बदनामी हो रही थी। जब यह मामला प्रदेश नेतृत्व तक पहुंचा, तो उन्होंने तत्काल प्रभाव से चंदन कुमार को जिला प्रभारी पद से मुक्त कर दिया। लेकिन यह निर्णय भी पर्याप्त नहीं था, क्योंकि पद से हटाए जाने के बाद भी चंदन कुमार पर आरोपों का सिलसिला थमा नहीं। वे लगातार लोगों को भ्रमित कर अपने गलत कार्यों में लिप्त रहे। पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए चंदन कुमार को 6 वर्षों के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया। यह पहला मौका नहीं है जब चंदन कुमार पर इस तरह के आरोप लगे हैं। पहले भी यादव कॉलेज के प्रिंसिपल ने उनके खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी। उस समय भी उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए जन अधिकार पार्टी ने उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया था।

श्रद्धांजलि सभा व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)। रफीगंज के सरावक स्थित प्राचीन मंदिर के कुटिया महंत नरेश पाठक की निधन पर मंगलवार की रात सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आसपास के हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए और प्रसाद ग्रहण किया। स्व नरेश पाठक करीब 15 साल पूर्व पूरे परिवार को छोड़कर एवं संन्यास के रूप में सरावक कुटिया का महंत बने थे। 12 सितंबर 2024 को हृदय गति रुकने के कारण मौत हो गई थी। उनके ब्रह्म भोज पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।स्थानीय लोगो ने बताया कि कुटिया के नए महंत उनके पुत्र मुन्ना पाठक होंगे।

बाईक चोरी का फरार आरोपी गिरफ्तार

गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)। गोह पुलिस ने गोह थाना कांड संख्या 263/24 के फरार अभियूक्त को गिरफ्तार कर बुधबार को जेल भेज दिया गया हैं। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि कुछ दिन पूर्व एकौनी गांव निवासी आनंदी यादव के पुत्र लालू यादव पर बाईक चोरी के मामले मे प्राथमिक की दर्ज हुई थी। तब से वह फरार चल रहा था। गुप्त सुचना मिली कि वह अपने घर आया हुआ है इसके बाद एक पुलिस टीम गठित करते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर औरंगाबाद में आयोजित कार्यक्रम में फार्मासिस्टों की भूमिका पर हुई चर्चा

पूरी दुनिया में चिकित्सा के क्षेत्र में फार्मासिस्टों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण : जिलाधिकारी

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

बुधवार को, विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर, औरंगाबाद के जी एजुकेशनल फाउंडेशन इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शीर्षक 'फार्मासिस्ट मीटिंग : ग्लोबल हेल्थ नीड्स' था, जिसमें फार्मासिस्टों के महत्वपूर्ण योगदान और उनकी वैश्विक स्वास्थ्य जरूरतों के संदर्भ में चर्चा की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन औरंगाबाद के जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर इंस्टीट्यूट के संस्थापक और पूर्व विधान पार्षद राजन सिंह, निदेशक अंकित कुमार सिंह, प्राचार्य, शिक्षकों, छात्रों, आरएमडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अमित कुमार मिश्रा तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में, इंस्टीट्यूट के संस्थापक राजन सिंह ने आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें अंग वस्त्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस मौके पर इंस्टीट्यूट के छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी की, जिसने आयोजन में रंगीनता और उल्लास भरा।

जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने अपने भाषण में फार्मासिस्टों की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, पूरी दुनिया में चिकित्सा के क्षेत्र में फार्मासिस्टों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। यही कारण है कि विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर हम उनके योगदान को याद करते हैं। फार्मासिस्ट केवल दवाएं प्रदान करने वाले नहीं होते, बल्कि वे रोगियों की देखभाल, दवाओं की सुरक्षा, और उपचार की प्रभावशीलता में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।' उन्होंने संस्थान के छात्रों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं। इस मौके पर जीपीआई के पूर्व प्रिंसिपल डॉ. शैलेंद्र सिंह ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा, 'फार्मेसी एक ऐसा विषय है जिसमें असीम संभावनाएं हैं। हालांकि, विभाग में रिक्त पदों की संख्या उतनी अधिक नहीं है जितनी संख्या में आज लोग फार्मेसी की ओर उत्सुकता से अग्रसर हो रहे हैं। फार्मेसी के माध्यम से परीक्षा में सफल होने वाले हर एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी नहीं मिल सकती, लेकिन विदेशों में इसकी मांग है। डिग्री प्राप्त करने के बाद, किसी भी देश में नौकरी प्राप्त की जा सकती है या फिर अपना मेडिकल स्टोर खोलकर अपने परिवार का भरण-पोषण किया जा सकता है। इस कार्यक्रम ने न केवल फार्मासिस्टों के महत्व को रेखांकित किया, बल्कि छात्रों को प्रेरित भी किया कि वे अपने भविष्य के प्रति सजग रहें और चिकित्सा क्षेत्र में अपने योगदान के लिए तत्पर रहें। इस आयोजन के माध्यम से, सभी उपस्थित लोगों ने फार्मासिस्टों की भूमिका और उनके महत्व को समझा और सराहा।

सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय में वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे और स्टार्टअप जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

बुधवार को सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय में कई छात्र एवं संस्था उन्मुख कार्यक्रम आयोजन का केंद्र रहा जिसमें 25 सितंबर को वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे का आयोजन फैकेल्टी आफ फार्मेसी के द्वारा किया गया जिसके अंतर्गत जागरूकता रैली सच्चिदानन्द सिन्हा कॉलेज मोड तक निकाला गया साथ ही नुक्कड़ नाटक एवं रक्तदान शिविर का भी आयोजन हुआ। रक्तदान में फार्मेसी के छात्र छात्राओं के साथ एनसीसी के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। यह कार्यक्रम फैकेल्टी आफ फार्मेसी के विभागाध्यक्ष मंजीत कुमार, शिक्षक नीरज कुमार, ओमप्रकाश कुमार, अनुपम कुमार सिंह, रेणु कुमारी, रमाकांत एवं शिक्षकेत्तर कर्मी विकास कुमार, अभिषेक कुमार, रत्नेश कुमार सिंह, मसूद आलम के नेतृत्व में संपन्न हुआ। दूसरी तरफ गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज एवं सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में स्टार्टअप के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें जॉब सीकर से जब क्रिएटर बनना है। विकसित भारत का लक्ष्य स्टार्टअप में समाहित है। हमारे महाविद्यालय के प्रत्येक छात्र-छात्राओं को स्टार्टअप से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। बहादुर भीम कुमार सिंह ने कहा कि महाविद्यालय में एक स्टार्टअप टीम का निर्माण कर सभी छात्रों को जोड़ेंगे। आज आयोजित हुए स्टार्टअप कार्यक्रम में महाविद्यालय के एमबीए, एमसीए, फिजिक्स के छात्र स्टार्टअप से जुड़े हैं और स्टार्टअप चला रहे हैं। ये सभी छात्र स्टार्टअप एंबेसडर के रूप में कार्य कर रहे सकते हैं। साथ ही स्किल डेवलपमेंट मिशन के तहत प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना के माध्यम से स्किल एनहैंसमेंट प्रोग्राम पर चर्चा हुई। जिला उद्योग विभाग से आए उद्योग विस्तार पदाधिकारी अरविंद कुमार ने विस्तार से स्टार्टअप से संबंधित सरकार की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। सीड फंड, जीरो लैब एवं इनक्यूटेशन सेंटर के बारे में जानकारी। गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज के स्टार्टअप सेल इंचार्ज ने इस महाविद्यालय को संभावनाओं के रूप में स्वीकार किया है। इस कार्यक्रम में प्रबंधन विभाग के सहायक प्राध्यापक अनिल कुमार एवं अमित कुमार, अरविंद कुमार (स्टार्टअप कोऑर्डिनेटर), हरीश कुमार गौरव (स्टूडेंट कोऑर्डिनेटर), शशि कांत कुमार(मीडिया प्रभारी)ने भाग लिया।

शिलान्यास के दस साल बाद भी नहीं बन सका गोह का पुलिस भवन

गोह(औरंगाबाद)(नि.सं.)। निर्माण एजेंसी की लापरवाही के कारण गोह थाना भवन के लिए भूमि का आवंटन और शिलान्यास हुए दस साल से अधिक समय गुजर जाने के बावजूद अब तक निर्माण पूरा नहीं हो सका है। पुराने भवन में चल रहे थाना परिसर जर्जर हो गया है।जिसके कारण भवन के धवस्त होने की आशंका बनी रहती है। पुलिसकर्मी जान हथेली पर रखकर काम कर रहे हैं। कभी भी जर्जर इमारत ध्वस्त हो सकती है और इससे पुलिसकर्मियों की जान जाने से आशंका से इन्कार नहीं किया जा सकता है। थाना का पुराना जर्जर भवन, जिसमें अभी थाना है, कब ध्वस्त हो जाए और कौन इसमें दब जाए ये किसी को पता नहीं है। ये तो सामान्य दिनों की बात है। लेकिन जब बरसात के मौसम में लगातार मूसलधार बारिश होती हैं तब तो और अधिक कठिनाई होती है। बरसात में छत पर बरसनेवाले पानी की एक बूंद भी पानी बाहर नहीं जाती है।

भाजपाइयों द्वारा धूमधाम से मनाई गई दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर विधानसभा के क सिरिस गांव में भाजपाईयों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती धूमधाम से मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के मंडल अध्यक्ष सुजीत गुप्ता ने की। सर्वप्रथम उपस्थित लोगों ने पंडित दीनदयाल के तैलचित्र पर पुष्पार्चन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर वन्दे मातरम गीत के साथ कार्यक्रम की शुरू की। लोगो उनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। इस अवसर पर मुख्यरूप से उपस्थित पूर्वजिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने कहा कि आज समाजिक या राजनैतिक जीवन में रहने वाले व्यक्ति को पंडित दीनदयाल की जीवन से बहुत कुछ सीखने की आवश्यकता है। राजनीति विशुद्ध सेवा और त्याग का क्षेत्र है।राष्ट्रहित और जनहित में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले दीनदयाल जी हमारे प्रेरणास्त्रोत है जो हमें बताते है कि राष्ट्रहित से बढ़कर कुछ नही है। उनके द्वारा 'एकात्म मानवतावाद' के चिंतन को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी साकार रूप दे रहे है।समाज के सबसे अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक विकास की रोशनी पहुँचाकर समरस समाज बनाने का उनका प्रयास प्रशंसनीय है। अपने संबोधन में कहा कि 1960-70 के दशक में, उन्होंने अपनी विचारधारा के माध्यम से गरीबों के सशक्तिकरण और आर्थिक सुधार पर जोर दिया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने यह मान्यता दी कि जब तक समाज के अंतिम व्यक्ति का विकास नहीं होता, तब तक समाज का समग्र विकास संभव नहीं है। इस विचारधारा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के चलते उनके जन्मदिन को अंत्योदय दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस पावन अवसर पर महासदस्यता अभियान चला सिरिस व प्रितमपुर में सैकड़ो लोगों को सदस्यता ली।

इस अवसर पर भाजपा नेता युगल किशोर सिंह, वीरेंद्र कुमार सिंह, धनंजय शर्मा, दीपक कुमार, अरुण मेहता, पप्पू शर्मा, शत्रुध्न राम, रोहित साव, अर्जुन राम, धर्मेंद्र कुमार, नंदू पासवान, उदित शर्मा, रमेश कुमार, मुन्ना प्रजापति, आलोक पांडेय, राजेश पांडेय, जितेंद्र पांडेय, रामनरेश पांडेय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

28 सितंबर को डीआरसीसी में जॉब कैंप का होगा आयोजन

औरंगाबाद(एसवीवी सं.)। रोजगार की तलाश में युवाओं के लिए एक बड़ा अवसर आने वाला है। जिला नियोजनालय, औरंगाबाद के तत्वाधान में आगामी 28 सितंबर को एक महत्वपूर्ण जॉब कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन शहर के टाउन इंटर स्कूल के पास स्थित जिला निबंधन-सह-परामर्श केन्द्र (डीआरसीसी) में सुबह 10 बजे से शुरू होगा। इस जॉब कैम्प में Viead Staffing Pvt. Ltd., उत्तर प्रदेश की प्रतिष्ठित कंपनी के द्वारा कुल 50 पदों पर बहाली के लिए भर्ती प्रक्रिया चलाई जाएगी। जिला नियोजन पदाधिकारी दिनेश तिवारी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि कैम्प के प्रचार-प्रसार के लिए एक आधिकारिक पत्र जारी किया गया है, जिसमें इस अवसर की विस्तार से जानकारी दी गई है। Viead Staffing Pvt. Ltd., यूपी की एक नामचीन कंपनी है, जो विभिन्न उद्योगों में मानव संसाधन की मांग को पूरा करती है।

जॉब के नाम पर 1.48 लाख रुपए की ठगी, साइबर पुलिस ने की कार्रवाई

निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)

औरंगाबाद साइबर थाना के पुलिस ने मंगलवार की शाम टेलीग्राम पर ऑनलाइन जॉब दिलाने के नाम रफीगंज शहर के बिट्टू कुमार से 1,48,400 ठगी की। साइबर थाना अध्यक्ष सह डीएसपी डॉक्टर अनु कुमारी ने कहा कि 21 अप्रैल 2024 को बिट्टू कुमार से जालसाजी हुई। बिट्टू कुमार ने साइबर थाना में फ्रॉड को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। साइबर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर त्वरित कार्रवाई शुरू की और 1,48, 400र रुपए खाते में वापस कराए। उन्होंने बताया कि औरंगाबाद पुलिस लगातार फाइनेंशियल फ्रॉड में पीड़ित लोगों को चेहरे पर मुस्कान लौट रही है। इसी के तहत इनके पैसे खाते में साइबर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वापस दिलाए। औरंगाबाद में इन दिनों लगातार लोग साइबर फ्रॉड के बिछाए जाल में फंस जा रहे हैं। आए दिन साइबर फ्रॉड भोले भाले लोगों को नौकरी, प्रधानमंत्री द्वारा संचालित योजना के नाम पर ठगी, किसान योजना के नाम पर ठगी, बैंक केवाईसी के नाम पर ठगी कर रहा है।

चोरी की बाईक के साथ युवक गिरफ्तार, गया जेल

निज संवाददाता | गोह(औरंगाबाद)

गोह पुलिस ने चोरी के बाईक के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया हैं। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि सूचना मिली कि चोरी के बाइक के साथ नागाइन गांव के एक युवक देवहरा बाजार मे घूम रहा हैं। इसकी सुचना गस्ती पुलिस टीम को दी गईं। पुलिस टीम ने बाइक के साथ नगाइन गांव के रंजीत कुमार को गिरफ्तार कर लिया। मामले में एसआई रविंद्र कुमार सिंह के बयान पर कांड संख्या 276/ 24 दर्ज किया गया है जिसमें रंजीत कुमार को आरोपी बनाते हुए जेल भेज दी गई है। पुलिस ने यह भी बताया कि जब्त चोरी का बाइक किसका है यह पता लगाने में पुलिस जुटी हुई है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मनी जयंती

निज संवाददाता | हसपुरा(औरंगाबाद)

भारतीय जनता पार्टी मंडल इकाई हसपुरा द्वारा 25 सितंबर को पंडित दिनदयाल उपाध्याय का जयन्ति समारोह प्रखण्ड के डुमरा गाँव में शक्ति केंद्र प्रमुख सतेन्द्र पाण्डेय के अध्यक्षता में मनाया गया। जयन्ति समारोह के अवसर पर पं दीनदयाल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भाजपा का सदस्यता अभियान भी चलाया गया। आम ग्रामीणों को डुमरा गांव के बुथ पर डायल नं- 8800002024 पर मिस्ड कॉल करा कर सदस्यता अभियान चलाया गया। जयंती समारोह में भाजपा नेता सुभाषचंद्र पाण्डेय, मंडल उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, धन्नजय पाण्डेय, कमलेश कुमार सिंह, राम नरेश पाण्डेय, अमरेश पाण्डेय, नवल किशोर पाठक सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

चोरी के बाइक के साथ 40 हजार बरामद, दो अपराधी गिरफ्तार

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

नगर थाना की पुलिस ने महिला के साथ हुई छिनतई कांड का खुलासा किया है। कटिहार के कोढ़ा थाना क्षेत्र के नया टोला जुरबाजगंज निवासी स्वर्गीय हुरिया यादव के बेटे रोहित कुमार(30) को गिरफ्तार किया है। इसी गांव के स्वर्गीय हीरा यादव का बेटा पुसु कुमार(19) को गिरफ्तार किया है। इसके पास से 40 हजार नगद, एक चोरी की पल्सर मोटरसाइकिल, 2 मास्टर चाबी, फर्जी आधार कार्ड, फर्जी पासबुक बरामद किया है।

नगर थाना अध्यक्ष उपेंद्र कुमार ने बताया कि दिनांक 18 सितंबर 2024 को नगर थाना क्षेत्र के ठाकुरबारी रोड निवासी पंकज सोनी की पत्नी नीतू देवी द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई। इसमें उन्होंने उल्लेख किया कि पंजाब नेशनल बैंक औरंगाबाद से पैसे निकाल कर आ रही थी। तभी मछली मार्केट के पास एक बाइक सवार 2 अज्ञात लोगों ने झपट्टा मारकर मेरे पर्स से 40 हजार लेकर भाग गए।

इस संबंध में नगर थाना में कांड संख्या 662/24 दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की गई। तकनीकी विश्लेषण के आधार पर कांड में संकलित 2 अपराधियों को नगर थाना अंतर्गत एचपी पेट्रोल पंप ओल्ड जीटी रोड से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा अपना अपराध स्वीकार कर लिया गया है। इन्हें न्यायिक हिरासत में बुधवार को भेज दिया गया है।

संतानों के दीर्घायु होने की कामना के साथ माताओं ने किया जीवितपुत्रिका व्रत

निज सं. | गोह(औरंगाबाद)

निर्जला उपवास के साथ माताओं ने बुधवार को भगवान जीमूतवाहन की पूजा की और उनकी कथा सुन संतान के सलामती के साथ घर परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। इस व्रत में शामिल माताएं अपने बच्चों की लंबी आयु और स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करती हुई अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूजन कर रही गीता देवी, नीलम देवी सहित कई माताओ ने बताया की अपने बच्चों की सुरक्षा और सुख के लिए विशेष पूजा-अर्चना भी की गईं। यह वर्त हम माताओं की ममता और अपने बच्चों के प्रति उनके प्रेम का प्रतीक है। वर्तियों ने कहा की हम अपने बच्चों की दीर्घायु और सुख-समृद्धि के लिए यह वर्त रखते हैं। हमें उम्मीद है कि इस व्रत के प्रभाव से हमारे बच्चे स्वस्थ और समृद्ध रहेंगे।

दो युवा सामाजिक कार्यकर्ताओं के निधन पर पृथ्वीराज ट्रस्ट ने जताया शोक

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद के दो युवा सामाजिककार्यकर्ताओं-रिशुसिंह और अंजनी सिंह के असामयिक निधन पर पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट ने गहरा शोक जताया है। ट्रस्ट द्वारा पृथ्वीराज सभागार के प्रांगण में शोकसभा आयोजित की गई झिसमें ट्रस्ट के सदस्यों ने दोनों के निधन पर शोक व्यक्त किया। शोकसभा की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप नारायण सिंह ने की। शोकसभा में अश्रुपुरित नेत्रों से दोनों ही युवाओं को श्रद्धांजलि देते हुए सदस्यों ने कहा कि उन दोनों के आकस्मिक निधन से सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

बिहार सरकार
पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग

पशुपालन ज्ञान
पशुपालक कल्याण

आपदा प्रभावित पशुओं के जीवन रक्षण हेतु
पशु चारा वितरण कार्यक्रम

आपदा से प्रभावित पशुओं के जीवन रक्षा हेतु समय–समय पर पशु चारा वितरण कराने का कार्य जिला प्रशासन के सहयोग से जिला पशुपालन पदाधिकारी के द्वारा सम्पन्न किया जाता है।

चारा मात्रा/अनुमान्यता :

- निर्धारित सहाय्य मानदर के अनुरूप बड़े जानवरों के लिए 80 रूपये तथा छोटे जानवर के लिए 45 रूपये प्रतिदिन अनुमान्य है।
- आपदाग्रस्त पशुओं के जीवन रक्षण के लिये सामान्यतः बड़े जानवरों के लिये 06 कि.ग्रा., छोटे जानवरों के लिए 03 कि.ग्रा. तथा भेड़–बकरियों के लिये 01 कि.ग्रा. चारा की आवश्यकता होती है।
- पशु शिविरों/अस्थायी शिविरों में एक बार में तीन दिन/एक सप्ताह हेतु चारा वितरण कराया जाता है तथा बाढ़ की स्थिति के अनुसार शिविर संचालन तक पुनः वितरण कराया जाता है।

वितरण प्रक्रिया :

- जिला प्रशासन के मार्गदर्शन एवं सहयोग से शिविरों/अस्थाई शिविरों में पशुओं की संख्या के अनुसार चारा वितरण किया जायेगा।
- चारा वितरण के पूर्व सभी प्रभावित पशुओं की प्रकार/संख्या के आधार पर गणना कर पशुपालकवार टोकन वितरण किया जाता है तथा उक्त टोकन के आधार पर क्रमानुसार चारा का प्रबंध कर वितरित किया जाता है।
- कोविड–19 की परिस्थितियों के आलोक में आवश्यक सावधानी बरतते हुये चारा वितरण सोशल डिस्टेसिंग के साथ किया जाएगा।

विशेष जानकारी पशुपालन निदेशालय, बिहार, पटना स्थित आपदा कोषांग (दूरभाष संख्या 0612-2230942) या पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार, पटना (दूरभाष संख्या 0612-2226049) से प्राप्त की जा सकती है।

PR No.- 008832 (Animal)D. 2024-25